खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 188 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


# मुंबई हमले का जवाब देना चाहती थी सेना, कांग्रेस ने विदेशी दबाव में रोका

**मुंबई, वार्ता**



- कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे: प्रधानमंत्री
- पीएम ने केंद्र की मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया

**प्रधानमंत्री मोदी** ने बुधवार को कहा कि 2008 में 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे।

उन्होंने कहा कि हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थी, लेकिन सरकार ने विदेशी दबाव में ऐसा नहीं करने दिया। उन्होंने यह बात नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज के उद्घाटन के दौरान कही। पीएम ने मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया। 30 सितम्बर को चिदंबरम ने कहा था कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। पीएम ने 22 मिनट की स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, जीएसटी रिफॉर्म और विकसित भारत का जिक्र किया। पीएम बुधवार को दो दिन के दौरे पर मुंबई पहुंचे। गुरुवार को वे ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से मिलेंगे। साथियों मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी के साथ सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक है। 2008 में आतंकियों ने भी मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। तब की कांग्रेस सरकार ने कमजोरी का मैसेज दिया। आतंकियों के सामने घुटने टेके। हाल ही में कांग्रेस के बड़े नेता और जो देश के गृह मंत्री तक रह चुके हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन उस नेता की माने तो किसी दूसरे देश के दबाव के कारण कांग्रेस सरकार ने भारत की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोका। गरीब हो मिडिल क्लास हो इनका सशक्तीकरण आज देश की प्राथमिकता है। इन परिवारों को सुविधा-सम्मान देना, उनका सामर्थ्य बढ़ाता है। जीएसटी रिफॉर्म से जो चीजे सस्ती हुईं उससे भी देश का सामर्थ्य बढ़ा है। नवरात्रि में बिक्री के कई साल के रिकॉर्ड टूटे, मेरा आग्रह है कि गर्व से कहो हम स्वदेशी हैं, स्वदेशी को अपनाएं। स्वदेशी को अपनाएं। हर घर-बाजार का यही मंत्र होना चाहिए।

# आजम खां के दर पहुंचे अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** सपा मुखिया अखिलेश यादव बुधवार को आजम खां से मिलने उनके घर पहुंचे। अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर बुधवार को लगभग 1.00 बजे जौहर यूनिवर्सिटी उतरा।

आजम खां ने अखिलेश यादव का स्वागत किया, इसके बाद आजम खां अखिलेश यादव एक गाड़ी में बैठकर आजम खान के घर पहुंचे, जहां लगभग 2 घंटे तक आजम और अखिलेश की मुलाकात चली, इसके बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पुराने लोग, पुराने समाजवादी जो नेताजी के साथ के हैं और जो नेता जी के साथ हैं, उनकी बात ही अलग होती है। उन्होंने कहा 2027 में सरकार बनने जा रही है और पीडीए की आवाज बुलंद होगी। अखिलेश ने कहा कि आज मैं आजम खां साहब का हाल जानने आया था, क्योंकि मैं जेल में मिलने नहीं पहुंच पाया था और अब हम लगातार मिलते भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो सुप्रीम कोर्ट में हुआ है यह समाज में कहीं ना कहीं एक संदेश जा रहा है, यह पीडीए के लोग कहीं बैठे हों, जीवन में कहीं न कहीं अपमानित होते है, यह मैं पहली बार नहीं कह रहा हूं, एक बार विधानसभा में मैंने यह बात उठाई थी, जो पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक मुसलमान भाई, आदिवासी जो पीडीए परिवार है जो एक सूत्र में बना हुआ है, अपनी पीड़ा से वह अपमान महसूस करता है और इस सरकार में अपमानित हो रहा है। अखिलेश से नाराजगी को लेकर आजम खां ने मीडिया से कहा कि यह सूचना मिली कहां से, आपको कि मैं अखिलेश से नाराज हूं, अखिलेश ने कहा कि आजम खां समाजवादी पार्टी के दरख्त हैं, इनकी गहरी जड़ें हैं। अखिलेश ने कहा कि आजम खां पर जितनी भी झूठे मुकदमे लगे हैं, वह सब सपा सरकार में वापस लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आजम खां यूनिवर्सिटी में अच्छा काम कर रहे हैं।







## संक्षिप्त समाचार

### धार्मिक पुस्तक के अपमान के आरोप में एक गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने सांबा जिले में एक धार्मिक पुस्तक के अपमान के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को यहां बताया कि सांबा जिले के राम कौलपुर निवासी मंजीत सिंह उर्फ बिल्ला नामक व्यक्ति को एक धार्मिक पुस्तक को जलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### आजम से मुलाकात अखिलेश की सियासी मजबूरी : राजभर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कबीना मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि जेल से जमानत पर छूटे आजम खान से मुलाकात करना सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की राजनीतिक मजबूरी है। जेल में रहने के दौरान 23 महीने तक अखिलेश ने आजम से एक बार भी मिलने नहीं गए, लेकिन जेल से बाहर आने के बाद उन्हें याद आ गए।

### एसआईए की कश्मीर में छापेमारी जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) आतंकवाद से जुड़े एक मामले में कश्मीर के कई जिलों में छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की सहायता से एसआईए की टीमों ने आज सुबह कई जगहों पर एक साथ तलाशी शुरू की। ये छापेमारी आतंकवाद से जुड़े एक मामले की चल रही जांच का हिस्सा हैं। अभी तक किसी को हिरासत में लिए जाने की सूचना नहीं है।

# वैष्णो देवी यात्रा तीन दिन के बाद बहाल

**जम्मू, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण तीन दिनों तक स्थगित रहने के बाद श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा आज फिर से बहाल हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के बाद रोकी गई यात्रा बुधवार सुबह फिर से शुरू हो गई। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने भी एक्स पर पोस्ट किया कि जैसा कि पहले ही सूचित किया जा चुका है, सभी यात्रा पंजीकरण काउंटर 08 अक्टूबर 25 को सुबह 6 बजे से चालू रहेंगे। पोस्ट में आगे लिखा गया कि श्रद्धालुओं को सलाह दी जाती है कि वे आगे की जानकारी के लिए आधिकारिक संचार माध्यमों के माध्यम से अपडेट रहें। मौसम विभाग द्वारा पांच से सात अक्टूबर तक जारी खराब मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा तीन दिनों के लिए स्थगित रही। इस बीच मौसम में सुधार होने पर हेलीकॉप्टर सेवा भी सुचारू रूप से जारी है।

श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा भारी बारिष्ठ के कारण 26 अगस्त को स्थगित कर दी गई थी। 26 अगस्त को अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर तीर्थयात्री थे और कई घायल हो गए।

### एयर इंडिया का ताइवान की एयरलाइंस से इंटरलाइन करार

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने ताइवान की स्टारलक्स एयरलाइंस से इंटरलाइन भागीदारी का करार किया है।

एयर इंडिया ने बुधवार को बताया कि इस समझौते से उसके यात्रियों के लिए एक ही टिकट पर एयर इंडिया और स्टारलक्स की उड़ानों से ताइपेई की यात्रा संभव हो सकेगी। यात्रियों के पास एयर इंडिया की उड़ान से हांगकांग, बैंकॉक, सिंगापुर या क्वालालम्पुर जाकर वहां से स्टारलक्स की उड़ान से ताइपेई जाने का विकल्प होगा। उन्हें एक ही टिकट लेनी होगी। इन्हीं केंद्रों के माध्यम से स्टारलक्स के ग्राहक एयर इंडिया की उड़ानों से एक ही टिकट पर भारत आ सकेंगे।

# यूपी में अपनी खोई जमीन तलाशेंगी मायावती

## आज लखनऊ मे होगा कांशीराम की पुण्यतिथि पर शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ इस महापर्व में बसपा के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को शक्ति प्रदर्शन के जरिये 2027 विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के खोए जनाधार को वापस पाने की संभावनाएं तलाशेंगी।

कांशीराम की पुण्यतिथि में भाग लेने के लिए बसपा कार्यकर्ता मंगलवार से ही लखनऊ पहुंचने लगे हैं। सभी यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि पार्टी प्रमुख मायावती कांशीराम स्मारक परिसर से 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए किस रणनीति और जीत के फॉर्मूले का अनावरण करेंगी। इस महापर्व में बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद की मौजूदगी ने पार्टी समर्थकों के उत्साह को और बढ़ा दिया है। दरअसल 2012, 2017 और 2022 के लगातार विधानसभा चुनावों के साथ-साथ 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में हार के बाद बसपा प्रमुख एक जीत के फॉर्मूले की तलाश में हैं, ताकि राज्य की राजनीति में अपना वर्चस्व स्थापित कर सकें। 2012 में राज्य की सत्ता गंवाने के बाद, मायावती विधानसभा और लोकसभा चुनावों में विभिन्न जातिगत समीकरणों पर काम कर रही हैं, लेकिन इससे बसपा के लिए सत्ता का रास्ता साफ नहीं हो पाया है। बल्कि, लगातार चुनावों में बसपा का समर्थन आधार और वोट शेयर घटता ही जा रहा है।

### सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को जिंदा करेगी बसपा

**लखनऊ।** लंबे अंतराल के बाद बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती एक बार फिर गुरुवार को पार्टी के समर्थकों से रूबरू होंगी। इस दौरान मायावती शक्ति प्रदर्शनन के जरिये बसपा को बी टीम बताने वाले विपक्ष को न केवल अपनी ताकत का अहसास कराएंगी, बल्कि मिशन 2027 का आगाज भी करेंगी। सर्वजन सुखाय- सर्वजन हिताय को लेकर मान्यवर कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती एक बार फिर से रैली के जरिये सोष्ठाल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर चलते हुए मतदाताओं के बीच पहुचने की कोशिश करेंगी।

## रायबरेली में दलित की हत्या पर राहुल गांधी और खड़गे का हमला

# मॉब लिंचिंग व बुलडोजर आज की पहचान

**नई दिल्ली, वार्ता**





रायबरेली में एक दलित की हत्या को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने कहा है कि 2014 के बाद से मॉब लिंचिंग, बुलडोजर अन्याय और भीड़तंत्र आज की पहचान बन चुकी हैं। कांग्रेस के दोनो नेताओं ने दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की हत्या को इंसानियत और संविधान की हत्या बताया है।

राहुल गांधी ने लिखा कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ एक इंसान की नहीं, इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है। वह लिखते हैं कि देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है और इंसाफ की जगह डर ने। मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश संविधान से चलेगा, भीड़ की सनक से नहीं। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम और क्रूर हत्या की कांग्रेस पार्टी कड़ी से कड़ी निंदा करती है। हमारे देश में एक संविधान है, जो हर इंसान को समानता के भाव से पहचानता है, एक कानून है, जो हर नागरिक की सुरक्षा, उसके अधिकार और उसकी अभिव्यक्ति को समान दर्जा देता है। जो रायबरेली में हुआ, वह इस देश के संविधान के प्रति घोर अपराध है, दलित समुदाय के प्रति अपराध है और इस देश व समाज पर कलंक है। चाहे हाथरस और उन्नाव में महिलाओं के खिलाफ अपराध हों, रायबरेली में हरिओम की हत्या कुछ समय पहले रोहित वेमुला की संस्थागत हत्या। मध्य प्रदेश में एक नेता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की अमानवीय घटना, ओडिशा और मध्य प्रदेश में दलितों की निर्मम पिटाई या फिर हरियाणा के पहलू खान और यूपी के अखलाक की हत्याप्रशासन और सत्ताधारी शक्तियों की बढ़ती संवेदनहीनता का दर्पण है। कांग्रेस पार्टी समाज के वंचित और कमजोर तबकों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। हम नागरिकों से आह्वान करते हैं कि वे इस अन्याय के विरुद्ध एकजुट हों। यह लड़ाई तब तक जारी रहनी चाहिए, जब तक हर भारतीय के अधिकारों और जीवन की गरिमा को पूर्ण सुरक्षा नहीं मिल जाती।

### मुख्य न्यायाधीश पर हमले के विरोध में पूरे यूपी में 'आप' करेगी प्रदर्शन

**लखनऊ।** भारत के मुख्य न्यायाधीष्ठा पर जूता फेंकने की घटना की भर्त्सना करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने 10 अक्टूबर को पूरे उत्तर प्रदेश में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। इस दौरान कार्यकर्ता राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर एक दलित के बेटे का बैठना भारतीय जनता पार्टी और उसके ञरती तंत्र को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। यही कारण है कि इस जघन्य कृत्य और उसके बाद सोशल मीडिया पर सीजेआई के खिलाफ फैलाए जा रहे घृणित अपमान को लेकर सरकार खामोश है। भारत के सीजेआई का अपमान हुआ है, क्योंकि आरएसएस और बीजेपी दलितों पिछड़ों आदिवासियों मुसलमानों से नफरत करती है।

# योगी ने राममंदिर पहुंच की ट्रस्ट के साथ मंत्रणा

**अयोध्या, वार्ता**



■ रामलला के दर्शन कर की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या में रामलला का दर्शन पूजन अर्चन करने के बाद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के अंदर बने आदित्य भवन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासर्.चव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र एवं राममंदिर प्रबंधन का कार्य देख रहे गोपाल राव एवं प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व पर्यटन संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की मौजूदगी में मंत्रणा की। उन्होंने श्रीराम मंदिर ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अयोध्या आगमन पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर निर्धारित समय पर रामकथा पार्क हेलीपैड पर उतरा जहां उनका स्वागत वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी पर माथा टेककर हनुमंत लला का दर्शन पूजन किया। हनुमानगढ़ी से मुख्यमंत्री का काफिला सुरक्षा घेरे में क्रॉसिंग 3 से राम मंदिर पहुंचा जहां उन्होंने विधि विधान से रामलला का दर्शन पूजन अर्चन किया और उपस्थित दर्शनार्थियों को अभिवादन कर श्रमिकों का हाथ उठाकर अभिनन्दन किया।



सेंसेक्स 81790.12
निफ्टी 25077.65



सोना रु. 121799
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 150783
प्रति किलो



# शेयर बाजार में थमी तेजी, सूचकांक लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**



ऑटो, बैंकिंग तथा अन्य सेक्टरों में बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में पिछले चार दिन की तेजी पर बुधवार को ब्रेक लग गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 153.09 अंक की गिरावट के साथ 81,773.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 25,046.15 अंक पर आ गया। दिन भर के कारोबार में सेंसेक्स में 600 अंकों का उतार-चढ़ाव रहा। यह ऊपर 82,257.74 अंक और नीचे 81,646.08 अंक तक गया। आईटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली ज्यादा रही। ऑटो, फार्मा, बैंकिंग, रियलिटी, तेल एवं गैस सेक्टरों पर ज्यादा दबाव रहा। दिग्गज कंपनियों के मुकाबले दूसरी कंपनियों में अधिक गिरावट देखी गई। निफ्टी-100 में 0.34 प्रतिशत की गिरावट रही। मिडकैप-50 सूचकांक 0.74 फीसदी और स्मॉलकैप 0.52 फीसदी टूट गया। एनएसई में कुल 3,207 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,864 में गिरावट और 1,250 में तेजी रही, जबकि 93 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में 21 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 2.41 प्रतिशत गिर गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.91 प्रतिशत, बीईएल में 1.67 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.55 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.46 प्रतिशत, सनफार्मा का 1.37 प्रतिशत, एनटीपीसी का 1.30, पावर ग्रिड का 1.28, रिलायंस का 1.27, बजाज फिनसर्व का 1.17 और एशियन पेंट्स का 1.05 प्रतिशत टूट गया। भारतीय स्टेट बैंक, मारुति सुजुकी, हिंदुस्तान यूनीलिवर और एक्सिस बैंक भी दबाव में रहे। टाइटन में सबसे अधिक 4.38 प्रतिशत की तेजी देखी गयी। इंफोसिस का शेयर 2.67 फीसदी, टीसीएस का 1.78, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.34, टेक महिंद्रा का 1.17 और इटरनल का 1.10 प्रतिशत चढ़ गया।

भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस में भी तेजी रही। एशिया में जापान का निक्केई 0.45 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.48 प्रतिशत टूट गया। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.46 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.56 फीसदी की बढ़त में था।

# सोना और चांदी की कीमत में रिकॉर्ड उछाल

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है। रोज नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के अनुसार बुधवार दोपहर तक 24 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,21,799 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी की कीमत बढ़कर 1,50,783 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एमसीएक्स पर चांदी वायदा में भी जोरदार खरीदारी देखी गई। 2,387 रुपये या 1.63 प्रतिशत बढ़कर 1,48,179 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत उछलकर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। हालांकि चांदी अपने अपने उच्चतम स्तर से 3,400 रुपये की गिरावट के साथ 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर आ गई। देश के महानगरों पटना में 24 कैरेट सोने का भाव 122,220, जयपुर में 122,270, कानपुर में 122,350, लखनऊ में 122,350, भोपाल में 122,450 , इंदौर में 122,450, चंडीगढ़ में 122,320 और रायपुर में 122,270 रुपये रहा। पटना में सोना आज सबसे सस्ता मिल रहा है। वहीं सबसे महंगा सोना भोपाल और इंदौर में है। पटना में 10 ग्राम सोने की की कीमत 122,220 रुपये चल रही है। वहीं भोपाल और इंदौर में सोने का दाम 122,450 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

# चावल नरम, गेहूं.चीनी मजबूत खाद्य तेल और दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गये जबकि गेहूं की कीमतों में तेजी रही।

खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार.चढ़ाव देखा गया। चीनी में भी बढ़त देखी गई। विदेश में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 76 रिंगिट चढ़कर 4,546 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51.46 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत नौ रुपये घटकर 3,855.21 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव सात रुपये बढ़कर 2,859.58 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी 10 रुपये बढ़ी और यह 3,313.25 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 27 रुपये और वनस्पति की 31 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सूरजमुखी तेल 48 रुपये और पाम ऑयल 39 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल 63 रुपये और सोया तेल छह रुपये रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत दो रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 10 रुपये सस्ती हुई। अन्य दालों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। तुअर दाल 15 रुपये और उड़द दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई, जबकि चीनी में दो रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। .दाल.दलहन : दाल चना 7908.25 रुपये, मसूर काली 8153.97 रुपये, मूंग दाल 10115.67 रुपये, उड़द दाल 10421.28 रुपये, अरहर दाल 10536.90 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.58 रुपये और चावल 3855.21 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4319.01 रुपये और गुड़ 5008.08 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# यूपी के हर जिले में आज से स्वदेशी मेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ संस्कृति विभाग के सहयोग से दिखेगा ब्रांड यूपी का दम

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने लखनऊ के लोक भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हाल ही में ग्रेटर नोएडा एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के तीसरे संस्करण को अभूतपूर्व सफलता मिली है।

मंत्री ने बताया कि इस सफलता को जनता तक पहुंचाने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 9 से 18 अक्टूबर 2025 तक प्रदेश के सभी जिलों में 'स्वदेशी मेलों' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने न सिर्फ निवेश और नवाचार के नए अवसर खोले, बल्कि ब्रांड उत्तर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी। 2200 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए थे, जिनमें सरकारी विभागों, उद्यमियों, निर्यातकों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों ने अपने उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में 80 से अधिक देशों के 500 से ज्यादा खरीदारों ने हिस्सा लिया, जिससे 11,200 करोड़ रुपये की व्यावसायिक पूछताछ और लगभग 5 लाख लोगों का फुटफाल दर्ज किया गया। अब हर जिले में 'स्वदेशी मेला' लगेगा। इन मेलों में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सीएम युवा, ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जुड़े विभागों के साथ-साथ हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री का अवसर मिलेगा। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि संस्कृति विभाग के सहयोग से मेलों में उत्तर प्रदेश की लोक कला, संगीत और परंपरागत संस्कृति का भी शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही युवक मंगल दल, नेहरू युवा केंद्र और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष स्वदेशी मेले का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी सुधारों के रूप में देश को जो दीपावली गिफ्ट मिला है, यह स्वदेशी मेला उसी क्रम का उत्सव है।

# लोग आम खाने के बाद फेंक देते हैं गुठली, बेटियां रहें सावधानः पटेल

**वाराणसी, वार्ता**



■ महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में बोलीं राज्यपाल

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बेटियों को लेकर के बड़ी नसीहत दी। उन्होंने लिव इन रिलेशनशिप को लेकर कहा कि अभी लिव इन रिलेशनशिप का चलन है। मत करिए, अच्छे फैसले करिए। मैंने 50-50 टुकड़े कर बीम में भरने वालों को देखा है। पिछले 10 दिन में ऐसी घटनाओं के बारे में सूचना मिली है, जिन्हें सुनकर बेहद दु:ख होता है। यह ऐसा समाज है जो आम खाता है और गुठलियों फेंक देता है, ऐसे में बेटियों को सावधान रहने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा कि एक हाई कोर्ट के जज ने मुझसे चिंता व्यक्त की। मेरे सामने पास्को एक्ट के बारे में बताया, जो लोग गलत काम करते हैं, वह भाग जाते हैं। उन्होंने मुझे बताया कि मैडम एक दो लोग हैं, हमें न्याय भी देना है। समय नहीं है तो हम क्या करें, आप मदद कीजिए। मैंने कहा कि जरूर मदद करेंगे, बोलिए क्या करना है। इस पर जज ने कहा कि एक काम आप ऐड कर दीजिए कि पाक्सो एक्ट में जो बच्ची है, जहां भी रहती हैं उनके लिए क्या करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि मैंने सभी यूनिवर्सिटी से जानना चाहा कि इस पर क्या किया जा सकता है, इन बच्चियों तक कैसे पहुंचे। फिर मैंने 40 बेटियों को बंद कमरे में बैठाया, इनमें से चार की बातें सुनी। एक ने कहा कि पिता.जी मुझे प्रताड़ित करते थे। दूसरे ने मामा, तीसरी ने काका और चौथी ने कहा पड़ोसी प्रताड़ित करते थे। बेटियों ने हिम्मत दिखाई वह पुलिस स्टेशन गई और एफआईआर दर्ज की। दोषी लोगों की धर पकड़ हुई और अब वह जेल में है। इसके बाद बाकी बच्चों की बात सुनने की मेरी हिम्मत नहीं हुई। राज्यपाल ने कहा कि बच्चियों से मिलने के बाद मैंने ऐसी 80 लड़कियों से मुलाकात की, जिन्हें उनके पति ने छोड़ दिया है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# जॉब का झांसा देकर ठगी में चीन कनेक्शन, 3 गिरफ्तार

- चीनी साइबर अपराधी से सीधे संपर्क में थे आरोपी
- आरोपी के कब्जे से 5 लाख रुपये, 5 स्मार्टफोन, 10 बैंक पासबुक व15 चेकबुक मिले हैं।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर लोगों से करोड़ों की ठगी में चीन कनेक्शन सामने आया है। वेस्ट जिला साइबर पुलिस ने इस संबध में ३ लोगों को पकड़ा है।

आरोपियों की पहचान सब्बीर अहमद (४३), मोहम्मद सरफराज (३२) तथा दिलशाद (२०) के रूप में हुई है। आरोपी चीनी साइबर ठगों के सीधे संपर्क में थे। ५ प्रतिशत कमीशन पर वह ठगी की रकम को क्रिप्टो करेंसी में बदलकर चीनी नेटवर्क को भेज देते थे। उनके कब्जे से ५ लाख रुपये, पांच स्मार्टफोन, १० बैंक पासबुक तथा १५ चेकबुक मिली हैं। उनके खिलाफ विभिन्न राज्यों में एनसीआरपी पोर्टल पर २६ शिकायतें दर्ज मिली हैं।

आरोपियों द्वारा चीनी नागरिकों को उपलब्ध कराए गए खातों में ठगी की लगभग २.६० करोड़ की राशि जमा पाई गई। वेस्ट डीसीपी दराडे शरद भास्कर ने बताया कि ११ सितम्बर को तिलक नगर स्थित अस्पताल में कार्यरत नर्स ने ठगी की शिकायत दी थी।

महिला ने बताया था कि इंस्टाग्राम पेज पर पार्ट टाइम जॉब खोजने के दौरान उनके पास एक प्रस्ताव आया। बाद में उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया और उच्च रिटर्न का वादा करके कार्य-आधारित नौकरियों में पैसा लगाने के लिए राजी किया गया। इस प्रकार उससे १५.९४ लाख की ठगी कर ली गई। साबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। साइबर थाना प्रभारी विकास कुमार की टीम ने इंस्टाग्राम व टेलीग्राम चैनल की तकनीकी निगरानी के अलावा उन बैंक खातों की जांच की जिनमें पीडिघ्त महिला से रुपये ट्रांसफर कराए गए थे। इस दौरान पता चला कि बड़ी रकम सब्बीर अहमद से जुड़े बैंक खातों में स्थानांतरित की गई थी।

बाद में चेक के माध्यम से वह धनराशि निकाल ली गई। इसके बाद पुलिस टीम ने उत्तम नगर में छापा मारकर आरोपी को दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर मोहम्मद सरफराज और दिलशाद को गिरफ्तार कर लिया गया। उनसे ५ लाख की नकदी, ५ मोबाइल फोन, १० पास. बुक और १४ चेकबुक बरामद की गई।

पूछताछ में सामने आया कि इस गैंग का मास्टर माइंड दिलशाद डीडीयू कॉलेज गोरखपुर से स्नातक की पढ़ाई कर रहा है। वह तकनीक में पारंगत है और लगभग एक साल पहले टेलीग्राम के जरिए एक चीनी नागरिक के संपर्क में आया था। चीनी नागरिक ने उसे ५ प्रतिशत कमीशन के बदले ठगी की गई रकम प्राप्त करने के लिए भारतीय बैंकों में खाते खोलने का काम दिया था। सरफराज एमबीए पास है। दोनों मिलकर बैंक खोलते थे। वहीं शब्बीर पेंटर है।

जांच में सामने आया कि दिलशाद ठगी में इस्तेमाल बैंक खातों से रकम निकालकर उसे क्रिप्टो करेंसी में बदलता था। इसके बाद वह उसे चीनी नागरिकों के वॉलेट में ट्रांसफर कर देता था।

शब्बीर अहमद उनके साथ १ प्रतिशत कमीशन पर काम करता था। उनके अन्य साथियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जांच में पता चला कि अब तक वह करोड़ों रुपये ठगी की रकम भेज चुके हैं।

## केजरीवाल पर मुफ्त बिजली की आड़ में आर्थिक नियमों की अवेहलना का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल सिर्फ बनावटी बातों के बाजीगर है। आज पूरा पंजाब बाढ़ से जूझ रहा है लोग पूरी तरह से परेशान है और केजरीवाल कह रहे हैं कि वह किसानों को बिजली रात को सप्लाई करते हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल दावा कर रहे हैं कि उनकी बदौलत दिल्लीवालों को २४ घंटे बिजली मिलती थी लेकिन उनकी जानकारी के लिए बता दें कि जब वे सरकार में नहीं थे तो उससे पहले भी दिल्लीवालों को २४ घंटे बिजली मिलती थी और आज उनकी सत्ता गए हुए ८ महीने हो गए हैं और दिल्लीवालों को आज भी २४ घंटे बिजली मिल रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की केजरीवाल ने दिल्ली में मुफ्त बिजली की आड़ में आर्थिक नियमों की अवेहलना की।

# मिलावटी देसी घी रैकेट का भंडाफोड़ निर्माता समेत दो आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने त्योहारों के मौसम में मिलावटी देसी घी के रैकेट का भंडाफोड़ कर एक निर्माता समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से कुल २६५१ लीटर मिलावटी देसी घी जब्त किया है।इस दौरान एक अवैध निर्माण इकाई का भी भंडाफोड़ हुआ हे। दिल्ली पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि दशहरा और दिवाली के मौसम में बढ़ती मांग का फायदा उठाने के लिए देसी घी में बड़े पैमाने पर मिलावट के संबंध में विशिष्ट खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए, जीएनसीटीडी के खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकृत अधिकारियों के साथ समन्वय में जानकारी विकसित की गई। इसके बाद एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर पुखराज सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया इसी बीच इंस्पेक्टर पुखराज को प्रतिष्ठित कंपनियों के नाम पर मिलावटी देसी घी के निर्माण और व्यापार के बारे में एक विशिष्ट सूचना मिली।

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकृत अधिकारियों के साथ टीम ने मांगेराम पार्क, बुध विहार, फेज-२,में छापा मारा जहां गोदाम के मालिक राकेश गर्ग (३८) अपने गोदाम पर मौजूद मिला। पुलिस द्वारा गोदाम की तलाशी लेने पर, कई कार्टन मिलावटी/डुप्लिकेट देसी घी मिले और कुल २२४१ लीटर मिलावटी देसी घी बरामद किया गया। बाद में, जांच के दौरान, ०७.अक्टूबर को, एक विशिष्ट इनपुट पर, निर्माता मुकेश को भी लाल क्वार्टर सेक्टर -४, विजय विहार के पास से गिरफ्तार किया।जांच के दौरान कुल २६५१ लीटर मिलावटी/डुप्लिकेट देसी घी बरामद किया गया पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने बताया कि वे घटिया गुणवत्ता वाला डालडा (वनस्पति घी) और रिफाइंड तेल थोक में खरीदते थे, जिन्हें गर्म करके शुद्ध देसी घी जैसा बना दिया जाता था। असली स्वाद देने के लिए, इसमें रसायन आधारित फ्लेवरिंग एजेंट जैसे सुगंध, सिंथेटिक रंग और असुरक्षित पदार्थ मिलाए जाते थे। फिर इस उत्पाद को देसी घी के प्रतिष्ठित ब्रांडों जैसे मदर डेयरी, अमूल, पतंजलि आदि के पैकेटों में पैक किया जाता था और डेयरियों, दुकानों और छोटे वितरकों को, खासकर त्योहारों के मौसम में, आपूर्ति की जाती थी।

# शिकायतकर्ता ने पुलिस की सहायता से चोरों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शक्करपुर इलाके के एक घर में चोरी कर रहे चोरों को उस समय जान ले लाले पड़ गए, जब घर का मालिक उसी दौरान अपने घर जा पहुंचा और मामले की सूचना पुलिस को दे दी, जिसके बाद दोनों चोरों ने भागने की कोशिश की लेकिन भागने के प्रयास में दोनों घायल हो गए और भागने में नाकामयाब रहे, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और शिकायतकर्ता ने दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया स

दोनों चोरों की पहचान मो. रसिल और मो. फकरूदीन के रूप में हुई हैध। रसिल स्क्रैप डीलर का काम करता है और १८ अपराधिक मामलो में शामिल रहा है जबकि फकरूदीन दर्जी का काम करता है और तीन अपराधिक मामलो में शामिल पाया गया है स पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया शिकायतकर्ता लक्ष्मी नगर स्थित एक जूस की दुकान पर काम करते है, ७ अक्टूबर की सुबह वह अपने कमरे पर ताला लगाकर काम पर चले गए थे स दोपहर को करीब २.३० बजे वह वापस अपने घर पहुंचे तो उन्होने पाया उनके कमरे का ताला टुटा हुआ था और उनका कमरा अंदर से बंद था, खिड़की से झांकने पर उन्होंने देखा दो युवक कमरे में मौजूद है, तब उन्होने मामले की सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को दबोच लिया और उनके पास से २५०० की नगदी और ताला तोड़ने वाले औजार बरामद किए है।

## तापमान में होगी धीरे-धीरे बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** राजधानी में पश्चिमी विक्षोभ के असर से दो दिनों से मौसम ठंडा और खुशनुमा बना हुआ है। सोमवार के बाद मंगलवार को भी बारिश जारी रही। दोपहर बाद हुई तेज बारिश से कई इलाकों में जाम और जलभराव की स्थिति बनी, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से ४.३ डिग्री कम २९.९ डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से १.४ डिग्री अधिक २२ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर सूरज की बादलों से लुकाछिपी चलती रही अधिकतम तापमान ३१ और न्यूनतम २६ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा नौ अक्तूबर से आसमान साफ रहने की संभावना है, जिससे तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी। १० से १३ अक्तूबर तक अधिकतम तापमान ३२ख्र३३ डिग्री और न्यूनतम २१-२२ डिग्री सेल्सियस रह सकता है।



**दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने त्योहारों के मौसम में 2651 लीटर मिलावटी देसी घी जब्त कर मीडिया के सामने पेश किया।**

## एक नजर

### हेरोइन तस्करी गैंग का भंडाफोड़, महिला समेत तीन ड्रग सप्लायर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अंतरराज्यीय हेरोइन तस्करी गैंग का भंडाफोड़ कर एक महिला समेत तीन ड्रग सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से ८०८ ग्राम उच्च श्रेणी की हेरोइन बरामद की है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत चार करोड़ रुपए है। इसके अलावा उनके पास से स्कूटी, नकदी और मोबाइल फोन जब्त किए है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि एएनटीएफ के हेड कांस्टेबल सिकंदर देवेंद्र और महिला हेड कांस्टेबल अनीता सीमापुरी, के इलाके में सक्रिय ड्रग्स सप्लायरों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए मौजूद थे। संदेह के आधार पर,एसीपी राजकुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर राकेश दुहन के नेतृत्व में टीम ने कबाड़ी मार्केट सीमा. पुरी के पास से सरोज उर्फ बाबू (३०) को पकड़ कर उसके पास से एक सफेद प्लास्टिक पॉलिथीन मिली जिसमें हेरोइन थी। ।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी सरोज उर्फ बाबू ने बताया कि यह प्रतिबंधित पदार्थ एक महिला से खरीदा गया था और इसे राजकुमार उर्फ काले उर्फ शिवम (२५) को दिया जाना था।इस खुलासे के बाद टीम ने तकनीकी तथा मानवीय खुफिया जानकारी की मदद से, राजकुमार उर्फ काले उर्फ शिवम (२५) को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके घर की तलाशी के दौरान, १९ ग्राम हेरो. इन और १०,४००/- नकद बरामद किए गए। पता चला कि वह स्थानीय ग्राहकों को पुड़िया के रूप में हेरोइन की आपूर्ति करता था। बाद में,हेरोइन की आपूर्ति करने वाली महिला (२२) को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### जयपुर रग्स उत्सव में 14,000 से अधिक हैंडमेड रग्स का अद्भुत संग्रह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शिल्प और सामाजिक उद्यमिता का प्रतीक बन चुका जयपुर रग्स अपने रग उत्सव में क्रिएटिविटी, कल्चर और इम्पैक्ट का भव्य उत्सव ३ सितम्बर से शुरू हुए इस साल का एडिशन अब तक के सभी आयोजनों से अलग है, जिसमें 14,000 से अधिक हैंडमेड रग्स का अद्भुत संग्रह शामिल है, जो भारत की बुनाई परंपराओं की आत्मा को आज की डिजाइन के साथ सुन्दरता से जोड़ता है।इस वर्ष का क्यूरेशन आलम, जेने. सिस, सवाना, कॉन्कॉक्शन, दा हास, वुंडरकैमर, कलीएडो, क्लैन, बेसिस, लाकुना, एर्बे, इंडसबार, नोमैडिक थ्रेड्स, अकार, और कॉन्टूर जैसी सिग्नेचर कलेक्शंस को प्रस्तुत करता है। फेस्टिवल की सबसे खास झलक है अवॉर्ड-विनिंग मनचाहा कलेक्शन के करीब 200 अनोखे रग्स जो सीधे ग्रामीण कारीगरों की कल्पनाओं से बुने गए हैं। संग्रहकर्ताओं के लिए, रग उत्सव 2025 दुर्लभ अवसर लेकर आया है। इस रग उत्सव में 2,000 विंटेज रग्स 30-50 साल पुराने और 250 एंटीक रग्स 100 साल से अधिक पुराने प्रदर्शित हैं। इस अवसर पर जयपुर रग्स के डायरेक्टर योगेश चौधरी ने कहा रग उत्सव केवल डिजाइन शोकेस नहीं है, यह गरिमा, विरासत और उद्देश्य की बात है। इन शानदार कृतियों को बेहतरीन कीमतों पर पेश करके हम न केवल कला को दुनिया भर के घरों तक पहुँचा रहे हैं, बल्कि उन कारीगरों को भी सीधे सहारा दे रहे हैं जो इन्हें बनाते हैं। रग उत्सव का हर एडिशन एक उद्देश्य से जुड़ा होता है।

### एआई स्टार्टअप्स का एडब्लूएस ने किया चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अमेजॉन.कॉम, इंक. कंपनी, अमेजॉन वेब सर्विसेज, इंक. (एडब्लूएस) ने आज विश्व के 40 चयनित स्टार्टअप्स की घोषणा की, जो एडब्लूएस जनरेटिव एआई एक्सेलरेटर (जीएआईए) के तीसरे समूह में हिस्सा लेंगे। यह एक आठ हफ्ते का प्रोग्राम है, जो अरली स्टेज की कंपनियों को बुनियादी जनरेटिव एआई टेक्नोलॉजी का निर्माण व विस्तार करने में मदद करने के लिए डिजाईन किया गया है। हर कंपनी को 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर का एडब्लूएस क्रेडिट प्राप्त होगा। साथ ही उन्हें बिजनेस और टेक्निकल मेंटर्स के साथ एडब्लूएस के जनरेटिव एआई टेक स्टैक की उपलब्धता भी मिलेगी, ताकि वो तेजी से विकास कर सकें। यह प्रोग्राम महत्वपूर्ण बिजनेस और टेक्निकल कौशल का विकास करने पर केंद्रित है, जिसमें एमएल परफॉर्मेंस, स्टैक ऑप्टिमाईजेशन और गो-टू-मार्केट स्ट्रेट्जीज शामिल हैं।

शेरी करमदष्टी, जनरल मैनेजर एवं हेड ऑफ स्टार्टअप्स, नार्थ अमेरिका, एडब्लूएस ने कहा हम बाधाओं को दूर कर रहे हैं और अवसरों में तेजी ला रहे हैं ताकि ये नेतृत्वकर्ता विश्व में परिवर्तन लाने वाले अपने समाधानों का विकास कर सकें। टाईफनी ब्लूमक्विस्ट, हेड ऑफ स्टार्टअप्स, एशिया पैसिफिक एवं जापान, एडब्लूएस ने कहा, ''एशिया पैसिफिक और जापान का क्षेत्र एआई इनोवेशन के शक्तिशाली केंद्र के रूप में उभरा है। ये 10 चयनित स्टार्टअप अद्भुत विविधता और टेक्निकल उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हैं।

## दिल्ली विवि के जॉब मेले में जुटी 61 कंपनियां

**नई दिल्ली।** डीयू के डीन स्टूडेंट्स वेल्फेयर कार्यालय के तत्वावधान में केंद्रीय प्लेसमेंट सेल द्वारा बुधवार को जॉब मेला २०२५ - प्लेसमेंट एवं इंटर्नशिप मेले का आयोजन किया गया। डीयू के बहुउद्देशीय खेल परिसर में आयोजित इस जॉब मेले में नौकरी मेले में ६१ कंपनियों ने भाग लिया जिनमें ४७ कंपनियां ऑफलाइन और १४ कंपनियां ऑनलाइन जुड़ी। जॉब मेले में ५००० से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकृत किया। इस अवसर पर शिक्षा, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ, बीमा, व्यवसाय संचालन, विपणन, बिक्री, इंजीनियरिंग और अन्य सेवा उद्योगों में १५०० से अधिक नौकरी और इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध हुए। डीन स्टूडेंट्स वेल्फेयर प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रमुख भर्तीकर्ताओं में मुथूट फाइनेंस, एक्सिस आईआईटी/नीट और बजाज आलियांज शामिल हैं।

# दिल्ली में मनाया कांतारा चैप्टर 1 की सफलता का जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 'कांतारा: चैप्टर 1' की इस बड़ी सफलता के उपलक्ष्य में इवेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऋषभ शेट्टी, रुक्मिणी वसंत, सह-निर्माता चालुवे गौड़ा, संगीतकार अजनिश लोकनाथ, सिनेमैटोग्राफर अरविंद कश्यप, डिस्ट्रीब्यूटर अनिल ठडानी और कॉस्ट्यूम डिजाइनर प्रगति शेट्टी उपस्थित रहे।

427 करोड़ की विश्वव्यापी कमाई के साथ, फिल्म का लक्ष्य इस सप्ताह के अंत तक 500 करोड़ पार करना है और जल्द ही यह 1000 करोड़ के आंकड़े को छूने की ओर बढ़ रही है।

दिलचस्प बात यह है कि सिर्फ छह दिनों में ही 'कांतारा: चैप्टर 1' ने 2022 में रिलीज हुई 'कांतारा' की लाइफटाइम कमाई को पीछे छोड़ दिया है। 'कांतारा: चैप्टर 1' होम्बले



फिल्म्स की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है। फिल्म की क्रिएटिव टीम में संगीत निर्देशक बी. अजनिश लोकनाथ, सिनेमैटोग्राफर अरविंद कश्यप और प्रोडक्शन डिजाइनर वीनेश बंगालन शामिल हैं, जिन्होंने मिलकर फिल्म की भावनात्मक और दृश्यात्मक ताकत को एक नए स्तर पर पहुँचाया है। 2 अक्टूबर को रिलीज हुई यह फिल्म कन्नड़, हिंदी, तेलुगु, मलयालम, तमिल, बंगाली और अंग्रेजी भाषाओं में दर्शकों तक पहुँच रही है ख्र और विभिन्न भाषाओं व क्षेत्रों में अपना जादू बिखेरते हुए अपनी सांस्कृतिक जड़ों से गहराई से जुड़ी हुई है।

# स्कूटी हटाने पर हुए विवाद में एक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजपार्क थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात स्कूटी हटाने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच चाकूबाजी हो गई। जिसमें एक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। घायलों को पास के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि सोमवार की रात करीब १०:३४ बजे राज पार्क थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। एसएचओ राज पार्क अपने कर्मचारियों के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और पाया कि झगड़े में तीन लोग घायल हो गए थे। उन्हें मंगोल. पुरी स्थित संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस के अस्पताल पहुंचने पर घायलों की पहचान राहुल (२४) उर्फ कुक्कू, राजेंद्र कुमार (५७) और रितिक (२४) उर्फ हिमांशु के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान पता चला कि स्कूटी हटाने को लेकर राहुल और रितिक के बीच बहस हुई थी, जिसके बाद रितिक ने राहुल को थप्पड़ मार दिया, राहुल तब तो वहां से चला गया,थोड़ी देर के बाद राहुल चाकू लेकर लौटा और रितिक के जांघों और कूल्हों पर चाकू मार दिए।



**दिल्ली विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय खेल परिसर में आयोजित जॉब मेले में में 61 कंपनियों ने भाग लिया।**

# करवाचौथ के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिविक सेंटर परिसर में करवाचौथ के पावन पर्व के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम की महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पारंपरिक परिधानों में सजे-संवरे हुए विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत-संगीत और पारंपरिक रस्मों के माध्यम से करवाचौथ के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व को उजागर किया। कार्यक्रम के दौरान स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने

मेहँदी लगवाकर उपस्थित महिलाओं को करवाचौथ की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा करवाचौथ का पर्व केवल व्रत और



परंपरा का प्रतीक नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की उस भावना को दर्शाता है जिसमें समर्पण, प्रेम और परिवार के प्रति अटूट निष्ठा निहित है।

ऐसे कार्यक्रम न केवल हमारी संस्कृति को सहेजने का माध्यम हैं, बल्कि यह कार्यस्थल पर पारिवारिक और सौहार्दपूर्ण वातावरण को भी बढ़ावा देते हैं।" इस अवसर पर महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती रेखा रानी सहित निगम की अन्य महिला अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहीं। रेखा रानी ने भी महिलाओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि करवाचौथ के त्योहार को धूमधाम से मनाये।

# करवाचौथ पर बढ़ी गजरे के फूलों की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** करवाचौथ पर गाजीपुर की फूल मंडी में फूलों की बिक्री में तेजी नजर आ रही है, सबसे ज्यादा महिलाओ के गजरे में लगने वाले मोगरा और डेला की मांग के साथ तैयार बिक रहे गजरों को मांग बढ़ी है इनके बाद गेंदे की बारी आती है, दिल्ली के साथ आस-पास के राज्यों से कारोबारी फूल खरीदने मंडी पहुंच रहे है स फिलहाल मोगरा की खुशबु ने फूल मंडी को महका रखा है स इसके अलावा गुलाब की कई किस्मे बाजार में बिकती नजर आई, यह गुलाब पुणे, बंगलौर, नासिक और लोकल यूपी से आ रहा है इसके अलावा गुलदावरी रजनीगंधा के साथ विदेशी फूल भी मंडी की रौनक बने नजर आए स विदेशी फूलो में ज्यादातर वियतनाम का फूल मंडी की शान बना हुआ है स मंडी में फूलों



के थोक का काम कर रहे मनोज कुमार सैनी ने बताया करवाचौथ की वजह से लोग फिलहाल मोगरा और डेला की खरीदारी ज्यादा कर रहे है क्योकि करवाचौथ के दिन महिलाएं बालों में गजरा लगाना पसंद करती है जिस वजह से गजरे में लगने वाले फूलों की मांग बड़ी है स इसी मंडी में एक अन्य व्यापारी कृष्ण कुमार ने बताया मंडी में त्योहारों के हिसाब से फूलों की मांग घटती- बढ़ती रहती है, जैसे करवाचौथ के मौके पर गजरे बनाने वाले फूलों और तैयार गजरों की मांग बढ़ी है इसी तरह दिवाली के त्यौहार पर गेंदे की मांग सबसे ज्यादा होती है।

## एम.एस. धोनी के साथ 'गो चेज' अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते घरेलू फुटवियर ब्रांडों में से एक, एशियन फुटवियर्स, अपने ब्रांड एंबेसडर और क्रिकेट के दिग्गज एम.एस. धोनी के साथ एक नए और साहसिक अभियान के साथ त्योहारों में धूम मचाने के लिए तैयार है।अभियान एशियन फुटवियर्स को न केवल लक्ष्यों, बल्कि स्टाइल की तलाश करने वाले उपभोक्ताओं के लिए एक पसंदीदा ब्रांड के रूप में स्थापित करता है। त्योहारी सीजन में धोनी ने सिग्नेचर और प्रीमियम स्नीकर कलेक्शन लॉन्च किया है, जिसे उच्च फैशन, बेजोड़ आराम और लंबे समय तक चलने वाले टिकाऊपन के संयोजन के लिए डिजाइन किया गया है। इस लाइन-अप में हाइपर कुशन और पाव. रकिक स्नीकर्स, वंडर वॉक-वॉकिंग रेंज और क्वांटम 2.0-सिग्नेचर कलेक्शन शामिल हैं।

# स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार की थीम स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार को बढ़ावा देते हुए, योग गुरु एवं जैन आरोग्य नेचुरोकेयर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. अनिल जैन के नेतृत्व में भारत सरकार के पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्रालय में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए परिवारों को सशक्त बनाना और समग्र निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करना था।

शिविर के दौरान नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं, जिनमें नेत्र परीक्षण, रक्त जांच, दंत चिकित्सा, शुगर टेस्ट और अन्य चिकित्सीय परामर्श शामिल थे। इस अवसर पर प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय अस्पतालों के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए लाभार्थियों को पूरी तरह नि:शुल्क सेवाएँ प्रदान कीं।

शिविर के समापन पर, डॉ. अनिल जैन ने डॉक्टरों, स्वास्थ्य टीम, सहयोगी कर्मचारियों और मंत्रालय के अधिकारियों को उनके समर्पित योगदान की सराहना करते हुए प्रशंसा प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने सभी को भविष्य में भी इस प्रकार के पावन कार्यों में सहयोग जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के
# बीसीए एवं बी-टैक छात्रों की इंडस्ट्रियल विजिट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस गाजियाबाद के ठ७। एवं ठ.ज्मबी अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को क्नबंज का इंडस्ट्रियल विजिट किया। इस विजिट का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना था।




कार्यक्रम के प्रथम सत्र में छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग की महत्ता तथा वैश्विक स्तर पर इसके प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रायोगिक प्रशिक्षण यानि हँड्स-ऑन भी प्रदान किया गया। द्वितीय सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स एवं ड्रोन तकनीक से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा एवं प्रस्तुति हुई।

इस दौरान छात्रों के साथ असिस्टेंट प्रोफेसर माधवी जोशी, अंकित कुमार एवं विभोर गुप्ता उपस्थित रहे।


इस विजिट के सफल आयोजन में सुंदर दीप इंजीनियरिंग कॉलेज की निदेशक प्रो. डॉ. मोनिका सेंगर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग की विभागाध्यक्ष योगिता कौशिक और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की विभागाध्यक्ष वंदना शर्मा ने कार्यक्रम का सफल मार्गदर्शन किया। अंत में छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और विजिट को अत्यंत सकारात्मक बताया।

उन्होंने कहा कि डिजिटल मार्केटिंग, SEO, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व रोबोटिक्स सहित अन्य तकनीकी विषयों में प्राप्त ज्ञान उनके लिए बेहद उपयोगी और लाभकारी रहा। सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस ऐसे इंडस्ट्रियल विजिट्स के माध्यम से छात्रों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव द्वारा डीएसपी की छोरी गीत का भव्य लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वेज मंत्रा वुड्स कैफे मे मुख्यातिथि वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव द्वारा हरियाणवी गीत 'डीएसपी की छोरी' का भव्य लॉन्च किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और उपस्थित अतिथियों एवं प्रशंसकों के साथ मिलकर गीत रिलीज का सेलिब्रेशन किया।



गीत में मुख्य कलाकार मीनाक्षी और सुमित कौशिक ने शानदार अभिनय किया है, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। यह गीत सार्थक चौधरी म्यूजिक कंपनी के बैनर तले रिलीज हुआ है, जबकि इसके डायरेक्टर राघव रोहेन हैं। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यातिथि सिकंदर यादव ने बताया कि डीएसपी की छोरी' हरियाणवी संगीत जगत में एक नई ताजगी और जोश लेकर आया है, जो युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने गीत की कहानी, संगीत और प्रस्तुति की खूब सराहना की और कलाकारों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध/कानून व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आलोक प्रियदर्शी ने अवगत कराया कि जनपद गाजियाबाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लगा हुआ बहुत ही संवेदनशील जनपद है। वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य तथा असामाजिक तत्वों द्वारा कारित पिछली घटनाओं को ध्यान में रखते हुए यह बहुत सम्भव है कि असामाजिक तत्व गाड़ियों के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाकर महिलाओं की सुरक्षा को खतरा पैदा कर सकते हैं। मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत कमिश्नरेट गाजियाबाद में महिलाओं की सुरक्षा और अधिक सुनिश्चित करने तथा अवैधानिक घटनाओं की रोकथाम हेतु सभी प्रकार की गाड़ियों से ब्लैक फिल्म का हटाया जाना नितान्त आवश्यक है। अब इसलिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के आधार पर मुझे प्रदत्त शक्तियों के तहत कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी वाहन मालिकों को यह लिखित आदेश देता हूँ कि सभी वाहन स्वामी यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी गाडी के शीशे पर ब्लैक फिल्म न लगी हो। किसी भी गाडी के शीशे काले नहीं होंगे। कमिश्नरेट गाजियाबाद में किसी भी गाड़ी पर Black Curtain (काले परदे) का उपयोग नहीं होगा। किसी भी गाड़ी पर कोई ऐसी फिल्म या पर्दा नहीं लगाया जायेगा जिससे गाड़ी के अन्दर कुछ दिखाई ही न दे। सभी गाड़ियों के शीशे पारदर्शी रहेंगे। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को भारतीय न्याय संहता-2023 (बीएनएस) की धारा 223ए के तहत दण्डित किया जायेगा। यह आदेश 02.10.2025 से प्रभावी होगा और 60 दिनों की अवधि अर्थात दिनांक 30.11.2025 तक (दोनों दिन सम्मिलित) प्रभावी रहेगा, जब तक कि इससे पहले इसे वापस न ले लिया जाए। चूँकि नोटिस सभी संबंधितों को व्यक्तिगत रूप से नहीं दिया जा सकता, इसलिए आदेश पूर्व-निर्धारित रूप से पारित किया जाता है। इसे जनता की जानकारी के लिए प्रेस के माध्यम से प्रकाशित किया जायेगा। इस आदेश की प्रतियां सभी पुलिस उपायुक्तों, तहसील अधिकारियों, सभी थानों एवं नगर निगम के कार्यालयों के सूचना पट्टों पर चिपकाई जाएँगी।

## दूषित पानी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** लोहिया नगर सी ब्लॉक कल्याण समिति के द्वारा एक पत्र स्थानीय पार्षद को दिया गया। जिसमें मांग की गई है कि उनके ब्लॉक में पानी की टेस्टिंग की जाए और उसके बाद जल शुद्धिकरण के लिए आवश्यक कदम उठाया जाए पत्र में कहा गया है कि लोहिया नगर ब्लॉक सी में पिछले काफी दिनों से गंदा पानी सप्लाई हो रहा है जिसके चलते स्थानीय लोगों में पेट से संबंधित बीमारियां पनप रही है ।साथ ही कैंसर जैसी घातक बीमारी भी जन्म ले रही है जिसके चलते बीते कुछ दिनों में कैंसर से कई लोगों की मौत हो चुकी है। अगर जल्द ही पानी की टेस्टिंग कर इसके शुद्धिकरण के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो स्थानीय लोगों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

# भव्य शोभा यात्रा निकालकर, मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वाल्मीकि प्रकाष्ठ सब कमेटी द्वारा भव्य शोभा यात्रा जटवाड़ा स्थित प्राचीन वाल्मीकि मंदिर से निकाली गई। जो शहर के प्रमुख स्थानों पर घूमती हुई वाल्मीकि पार्क नवयुग मार्केट पर समाप्त हुई। महर्षि वाल्मीकि शोभा यात्रा का भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के राष्टीय संयोजक पंडित राकेश शर्मा सदरपुर वाले,व किसान यूनियन के अन्य पदाधिकारी ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया व शोभा यात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा की गई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन उनके साथ मौजूद रहा। महर्षि बाल्मिक मंदिर में सुबह



भक्तों ने पूजा पाठ किया और रामायण का पाठ किया। इसके बाद शाम को भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि की झांकी के अलावा श्री राम, लव कुश सहित अन्य देवी देवताओं की झांकी मौजूद रही। शोभायात्रा में महिलाओं व पुरुष भजनों पर झूमते गाते चल रहे थे। शोभा यात्रा में सबसे आगे स्वच्छता का संदेश देते हुए लोग साफ सफाई कर चल रहे थे। शोभा यात्रा का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और प्रसाद ग्रहण किया। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से उपस्थित संगठन के अध्यक्ष अमरचंद खेड़ा, बलवीर वाल्मीकि, अशोक मकवाना, सतीश पार्चा, ओम पार्चा, सुभाष चंद्रा, आजाद सिंह, प्रदीप चौहान, कर्मवीर व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पंजाबी संगठन ने की पंजाब में सेवा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** पंजाबी संगठन, मोदीनगर एवं महिला पंजाबी संगठन, मोदीनगर द्वारा पंजाब के बाढ़ पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए एक विशेष सेवा यात्रा आयोजित की गई।यह सेवा अभियान गुरदासपुर, पंजाब में संपन्न हुआ, जहाँ दोनों संगठनों की टीम ने पहुँचकर जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री प्रदान की। दोनों संगठनों के सदस्यों ने पिछले माह से ही पंजाब की सामाजिक संस्थाओं से संपर्क बनाए रखा था ताकि वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप सहायता पहुँचाई जा सके। इन संस्थाओं से प्राप्त जानकारी के आधार पर राहत सामग्री के रूप में गद्दे, फोल्डिंग बेड और सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। यह सेवा यात्रा मानवता और सहयोग की भावना का प्रतीक रही। सदस्यों ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि "सेवा ही सच्चा धर्म है।" पिछले 35 वर्षों से पंजाबी संगठन, मोदीनगर समाज सेवा और मानव कल्याण के कार्यों में निरंतर अग्रसर रहा है, और यह राहत अभियान उस सतत सेवा यात्रा की एक और कड़ी है।

# अवैध कॉलोनी पर चला जीडीए का बुलडोजर

■ प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में ईशू नेहरा पुत्र रविन्द्र नेहरा, कृष्णापाल, यशवीर उर्फ बाबू पुत्रगण प्रेमचन्द, सुखपाल पुत्र ताराचन्द द्वारा याकूतपुर मवी, दिव्य ज्योति कालेज के बराबर में, निवाडी रोड, मोदीनगर गाजियाबाद के खसरा सं0-35 पर लगभग 17000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में प्लाटिंग हेतु सड़कों का निर्माण करने के लिए मिट्टी डालने व साईड दीवार बनाने हेतु ईट चिनाई का कार्य चल रहा था।



स्थल पर कोई स्वीकृत मानचित्र एवं स्वामित्व अभिलेख नहीं दिखाए गये उपरोक्त अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनायी गई सडकें, बाउण्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस, आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान कोलोनाईजर/निर्माणकर्ताओं द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया।

परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-02 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति रही ।

# वायुसेना दिवस पर 1967 की विंटेज फोर्ड कार में एयर चीफ मार्शल का शौर्य सलाम!



**गाजियाबाद।** भारतीय वायुसेना दिवस 2025 के अवसर पर बुधवार को हिंडन एयरबेस पर देश की वायु शक्ति और विरासत का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। एएनआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस मौके पर एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने खुद 1967 की विंटेज फोर्ड सैलून कार को चलाकर परेड स्थल पर प्रवेश किया, जिसने 1971 के भारत-पाक युद्ध सहित कई ऐतिहासिक क्षणों की गवाही दी है। क्रीम रंग की 1967 मॉडल फोर्ड सैलून कार में 390 वी-8 इंजन, 315 हॉर्सपावर और 8 सिलेंडर इंजन है। यह कार पहली बार 1969 में तत्कालीन एयर चीफ मार्शल पी.सी. लाल द्वारा इस्तेमाल की गई थी, जिन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध में वायुसेना का नेतृत्व किया था। इस कार का इस्तेमाल 1969 से 1992 तक कई वायुसेना प्रमुखों ने किया। बाद में इसे पालम एयरफोर्स म्यूजियम, नई दिल्ली में रखा गया, जहां यह वायुसेना की गौरवशाली विरासत का प्रतीक बनी हुई है।

समारोह में अपने संबोधन के दौरान एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने कहा कि "ऑपरेशन सिंदूर इस बात का प्रमाण है कि सटीक योजना, अनुशासित प्रशिक्षण और दृढ़ संकल्प से क्या हासिल किया जा सकता है।" उन्होंने आगे कहा कि "स्वदेशी विकसित हथियारों ने सटीक और प्रभावशाली हमले कर हमारी घरेलू क्षमताओं पर विश्वास को मजबूत किया है।" कार्यक्रम में वायुसेना की हेरिटेज फ्लाइट ने भी आकर्षक प्रदर्शन किया। 1982 में पालम एयरफोर्स स्टेशन पर शुरू हुई यह फ्लाइट आज हिंडन एयरबेस से संचालित होती है और टाइगर मॉथ, हार्वर्ड, डकोटा और एचटी-2 जैसे विंटेज विमानों से सजी है। बता दें कि हर वर्ष वायुसेना दिवस पर यह फ्लाइट भारतीय वायुसेना के ऐतिहासिक गौरव और तकनीकी विकास का प्रतीक बनती है।

पूर्व एयर चीफ मार्शल प्रताप चंद्र लाल, जिन्होंने 1939 में रॉयल इंडियन एयरफोर्स में सेवा शुरू की थी, ने 1969 से 1973 तक वायुसेना प्रमुख के रूप में कार्य किया। उन्होंने ऑपरेशन चंगेज खान (1971 में पाकिस्तान की वायुसेना द्वारा भारत पर किए गए हमले) के जवाब में वायुसेना का नेतृत्व किया था। सेवानिवृत्ति के बाद वे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) के प्रबंध निदेशक बने और उन्हें पद्म भूषण, पद्म विभूषण और डिस्टिंग्विश्ड फ्लाइंग क्रॉस (DFC) जैसे सम्मान मिले।

## बंदरों के हमले से दहशत लोग

**गाजियाबाद।** गोविंदपुरम इलाके में बंदरों की दहशत लगातार बढ़ रही है। आएदिन बंदरों के काटने के मामले होने से लोगों में दहशत का माहौल है। बुधवार को गोविंदपुरम के पार्क में एक युवक पर बंदरों ने हमला कर दिया। युवक ने किसी तरह भाग कर जान बचाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्कों में बंदर झुंड बनाकर रहते हैं। इस कारण दहशत का माहौल रहता है। स्थानीय निवासी नवाब और कपिल गुप्ता ने बताया कि निगम और वन विभाग में से कोई भी बंदर नहीं पकड़ रहा है।

# दलित युवक हत्या पर न्यायिक जांच की मांग, जोरदार प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जनपद में घटित दलित युवक की निर्मम हत्या को लेकर प्रदेशभर में आक्रोश व्याप्त है। गाजियाबाद में भारत रत्न बी.आर. अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता गजेंद्र सिंह ने इस घटना को "भारतीय संविधान के मूल सिद्धांतों पर सीधा हमला" बताया और निष्पक्ष न्यायिक जांच की माँग की है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और बंधुता की भावना को रौंदने का प्रयास है। गजेंद्र सिंह ने कहा कि रायबरेली में मनुवादी मानसिकता से ग्रसित आतंकी प्रवृत्ति के व्यक्ति द्वारा एक निर्दोष दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या कर देना देश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर



प्रश्न खड़े करता है। ऐसी घटनाएँ न केवल अमानवीय हैं बल्कि यह दर्शाती हैं कि दलित समाज आज भी असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस तरह की घटनाओं की बढ़ती संख्या प्रशासनिक शिथिलता और अपराधियों को मिलने वाले राजनीतिक संरक्षण का परिणाम है। समिति ने इस घटना की न्यायिक जांच किसी स्वतंत्र आयोग या उच्च न्यायालय के वर्तमान अथवा सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में कराने की माँग की है ताकि दोषियों को कानून के कठघरे में लाया जा सके। साथ ही मृतक दलित युवक के परिवार को छ50 लाख का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की माँग की गई है।अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि दोषियों पर आतंकवाद निरोधक अधिनियम (UAPA) की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए ताकि ऐसे अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके।

## पार्लर जाने के लिए घर से निकली युवती लापता

**मोदीनगर।** कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी से युवती संदिग्ध हालात में लापता हो गई। परिवार ने कॉलोनी निवासी एक युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि उनकी 22 वर्षीय बेटी छह अक्टूबर को ब्यूटी पार्लर जाने के लिए घर से बोलकर निकली थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर उसकी तलाश की गई, लेकिन नहीं मिली। परिवार ने कॉलोनी के ही रहने वाले युवक पर उसे बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, युवती के पिता की तरफ से कॉलोनी निवासी अभिषेक के खिलाफ बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## डॉ प्राची ने अल्ट्रासाउंड की वार्षिक कॉन्फ्रेंस में दिए दो लेक्चर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मोदीनगर।** दिनांक 4 और 5 अक्टूबर को इंडियन रेडियोलोजी एंड इमेजिंग एसोसिएशन (आईआरआईए) ने संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (एसजीपीजीआई) लखनऊ में दो दिवसीय 37वीं वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन किया गया जो कि "गर्भावस्था में अल्ट्रासाउंड एवं मांसपेशियों के अल्ट्रासाउंड" पर केंद्रित रहा । इसमें भारत के विभिन्न स्थानों से ५ से अधिक रेडियोलोजी विशेषज्ञ सम्मिलित हुए। शहर मोदीनगर की रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची अवस्थी सिंघल भी इसमें आमंत्रित थीं जिन्होंने वहाँ दो लेक्चर एवं एक वर्कशॉप संचालित की । उनके लेक्चर्स और वर्कशॉप को खूब सराहा गया और उनको स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया । प्ल्प् का यह वार्षिक कार्यक्रम एक सम्मानित अवसर है जिसमें पिछले कई वर्षों से डॉ प्राची सिंघल जी को लगातार आमंत्रित किया जाता रहा है । डॉ प्राची ने बताया कि अपने अनुभव व ज्ञान को साझा करने से उन्हें और पढ़ते रहने और अपडेट होने की प्रेरणा मिलती है । डॉ प्राची लगातार रिसर्च एवं नई गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए ही कार्य करने का प्रयास करती हैं । वो कहती हैं कि हमारी रिपोर्ट्स नए गाइडलाइन्स व नए मानदंडों पर आधारित हैं जो कि किसी भी बड़े संस्थान में होने वाली रिसर्च बेस्ड रिपोर्टों के समकक्ष ही हैं।

# आईआईएम जम्मू से लौटे आईटीएस मोहननगर के बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रम के छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जम्मू ने गाजियाबाद के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (आईटीएस) के बीबीए एवं बीसी ए पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए एक पाँच दिवसीय समृद्ध इमर्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सहयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देना और महत्वाकांक्षी प्रबंधन पेशेवरों को उद्योग जगत के अनुरूप तैयार करना है।



इमर्शन प्रोग्राम में 25 उत्साही बीबीए एवं बीसी ए पाठ्यक्रम के छात्रों और आईटीएस गाजियाबाद के दो संकाय सदस्यों ने भाग लिया। आईआई एम् जम्मू में छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और बी0बी0ए एवं बी0 सी0 ए छात्रों के लिए इमर्शन प्रोग्राम के दौरान संकाय और छात्रों को एक आकर्षक परिसर भ्रमण कराया गया, जिसकी शुरुआत प्रतिष्ठित क्लॉक टॉवर से हुई और इसमें आईआईएम जम्मू रिसेप्शन आर्का, मंडपम ऑडिटोरियम, स्मार्ट क्लासरूम और अत्याधुनिक नालंदा लाइब्रेरी जैसी प्रमुख सुविधाएं शामिल थीं।

आईटीएस गाजियाबाद का प्रतिनिधित्व डॉ0 वंचन त्रिपाठी और प्रोफेसर विशाल त्यागी ने किया, जिन्होंने भाग लेने वाले छात्रों को अपना समर्थन और प्रोत्साहन दिया। पांच दिवसीय कार्यक्रम में छात्रों को आवश्यक प्रबंधकीय अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक ज्ञान से लैस करने के लिए एक सोच-समझकर तैयार किया गया पाठ्यक्रम शामिल था।

आईआईएम जम्मू द्वारा छात्रों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया यह एक प्रमुख पाठ्यक्रम है। इस 5-दिवसीय कार्यक्रम के दौरान, छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, प्रबंधकों के लिए व्यावसायिक सांख्यिकी, विपणन का विकास, व्यवसाय में डिजिटल परिवर्तन का प्रभाव, डिजिटल मार्केटिंग और ब्रांडिंग, व्यवसायों के लिए AI और ML का परिचय, व्यावसायिक संचार में AI: नैतिकता और प्रभाव, पूँजी संरचना और उत्तोलन विश्लेषण, संचालन प्रबंधन, आलोचनात्मक सोच, उपभोक्ता व्यवहार, डेटा-संचालित निर्णय: संग्रह और विश्लेषण, व्यावसायिक रणनीति अनुप्रयोग, वित्तीय विवरण विश्लेषण, लीन प्रबंधन, संघर्ष प्रबंधन (गतिविधि- आधारित), आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन जैसे विषयों पर जानकारी प्राप्त की। इस कार्यक्रम के संपन्न होने पर आईटीएस संस्थान ने आईआईएम जम्मू की टीम के प्रति उनके सहयोग और छात्रों को अन्वेषण, प्रयोग, सीखने और विकास का यह अद्भुत अवसर प्रदान करने के लिए तहे दिल से आभार व्यक्त किया। कॉलेज पहुंचने पर छात्र और उनके अभिभावकों ने आईटीएस यूजी कैंपस, मोहन नगर, गाजियाबाद द्वारा छात्रों को सर्वोत्तम अनुभव और विश्वस्तरीय शिक्षण अनुभव प्रदान कराने के निरंतर प्रयासों की सराहना की।

# महिला की चाकू मारकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कोटला मुबारकपुर थानांतर्गत एक महिला की लाश उसके कमरे में मिलने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया, महिला की हत्या चाकू से वार करके की गयी है अभी इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि महिला की हत्या किसने की है और हत्या के पीछे क्या कारण है स फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक महिला की पहचान साक्षी (२५) के रूप में हुई है, वह मस्जिद मोठ, एंड्यूज गंज, हौज खास की रहने वाली थी, फिलहाल प्रताप गली, नानकचंद बस्ती, कोटला मुबारकपुर में किराये पर रह रही थी। दिल्ली पुलिस को सूचना मिली थी कि उनके मकान के ऊपर कमरे में एक किरायेदार रहती है,जिसके घर से शोर आ रहा था जिसके बाद मकान मालिक ने इस बात की सूचना अपने बेटे को दी,जब मकान मालिक का बेटा घर पहुंचा तब उसने देखा जो सीढ़ियां ऊपर जा रही थी उनपर खून लगा हुआ था,जिसके बाद उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पाया सीढ़ियां खून से सनी हुई थी और ऊपर कमरे की बाहर से कुण्डी लगी हुई थी। जब पुलिस ने कमरा खोला तो देखा महिला की लाश अंदर पड़ी हुई थी उसके चेहरे और गर्दन पर चाकू के वार के घाव थे।

प्रारम्भिक जांच में माना जा रहा है कि किसी परिचित ने इस वारदात को अंजाम दिया है,जो आसानी से महिला के कमरे में पहुंचा था जिसके बाद दोनों का झगड़ा हुआ होगा और वह महिला को हत्या करके फरार हो गया।

# घर की तीसरी मंजिल से गिरी दो सहेलियां , एक की मौत दूसरी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हौजकाजी इलाके में दो महिलाएं इमारत की तीसरी मंजिल की छत से नीचे सडक पर जा गिरी, हादसे में एक महिला की मौत हो गयी जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक महिला की शादी कुछ माह पहले ही हुई थी वह पैरेलैसिस के इलाज के लिए अपने मायके आई हुई थी। पुलिस ने मामले की जांच स्थानीय एसडीएम को सौंप दी है।

दोनों महिलाओं में मृतक की पहचान सुनीता (२१) और तृप्ति उर्फ गुनगुन (१९) के रूप में हुई है। दोनों अच्छी सहेली थी और आस-पास ही रहती थी, सुनीता के भाई ने बताया कि दोनों अक्सर रात के खाने के बाद घर की छत पर सैर करने के लिए जाया करती थीं सोमवार की रात भी दोनों सहेलियां खाना खाने के बाद इमारत की छत पर टहल रहीं थी।

अचानक सडक पर जोर से कुछ गिरने की आवाज सुनने के बाद सुनीता का भाई दौड़ कर गली में पहुंचा तो देखा कि सुनिता सडक पर पड़ी थी व लहूलुहान व अचेत थी वहीं गुनगुन हिलडुल रही थी दोनों के अचानक इस प्रकार छत से गिरने पर हडकंप मच गया आस-पास के लोग इक;ा हो गए, तृप्ती को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तब पुलिस को मौके पर सुनीता सडक पर पड़ी हुई मिली, उसके शरीर के कई हिस्सों से खून बह रहा था और उसकी मौत हो चुकी थी, जबकि तृप्ति को उसके परिजन अस्पताल ले जा चुके थे जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है तृप्ती की हालत अस्पताल में गंभीर बनी हुई है।अभी इस दोनों महिलाओं के छत से गिरने का कारण पता नहीं चल पाया है क्योकि तृप्ति अभी बयान देने की हालत में नहीं है उसकी हालत गंभीर बनी हुई है, उसके बयानों के बाद ही इनके गिरने के कारण का खुलासा हो पाएगा। सुनीता के परिजनों का कयास है कि दोनों में से एक हादसे का शिकार होकर छत से गिरी होगी उसे बचाने की कोशिश में दूसरी सहेली भी सडक पर जा गिरी होगी। वहीं परिजनों का कहना है कि सुनीता या तृप्ती के जीवन में ऐसा कुछ भी नहीं था कि उनमें से किसी को खुदकुशी करने जैसा गंभीर कदम उठाना पड़े।

## सोते हुए पति पर डाला गर्म तेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंबेडकर नगर थाना क्षेत्र के मदनगीर इलाके में एक महिला ने सोते समय अपने पति पर गर्म तेल डाला और फिर लाल मिर्च पाउडर छिड़क दिया।

पीड़ित दिनेश की चीख-पुकार सुनकर मकान मालिक मौके पर पहुंचे और अपने साले को बुलाया। पीड़ित को पहले मदन मोहन मालवीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घटना २ अक्टूबर की रात की है। दिनेश की पत्नी ने दो साल पहले महिला प्रकोष्ठ में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन दोनों में समझौता हो गया था। दिनेश के बयान के आधार पर पुलिस ने उसकी पत्नी शारदा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

# यमुना को निर्मल बनाने का संकल्प रफ्तार पकड़ेगा: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश की पौराणिक नदी को उसका पुराना गौरव व रूप दिलाने की प्रभावी योजना शुरू हो रही है। यमुना नदीं का प्रदूषण खत्म करने की महती योजना से रफ्तार पकड़ने वाली है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली को आधुनिक सीवरेज नेटवर्क के रूप में एक बड़ी और ऐतिहासिक सौगात देने जा रहे हैं। वह करीब १८१६ करोड़ से अधिक की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जिनमें स्वच्छ जलापूर्ति से जुड़ी योजनाएं तो शामिल है हीं, साथ ही यमुना को निर्मल व स्वच्छ बनाने के लिए कई विशेष प्रोजेक्ट हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि इन विशेष परियाजनाओं में दशकों पुरानी जल और सीवरेज समस्याओं को दूर करने पर केंद्रित हैं, जो यमुना नदी को लगातार प्रदूषित कर रही हैं। इन योजनाओं में प्रमुख रूप से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और सीवर लाइन्स का निर्माण और उसे दुरुस्त करना शामिल है। इन योजनाओं में स्वच्छ पेयजल को दूर-दराज के इलाकों तक कुशलतापूर्वक पहुंचाने के लिए बूस्टर पंपिंग स्टेशनों को भी इन परियोजनाओं में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन प्रोजेक्ट में यमुना सफाई अभियान को प्रभावी बल मिलेगा। ये परियोजनाएं यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के व्यापक अभियान का एक अभिन्न अंग हैं। गंदे पानी को सीधे नदी में जाने से रोकने के लिए राजधानी के बड़े २२ नालों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी बन रहे हैं। इनसे साफ हुआ पानी नदी में जाएगा और प्रदूषण को रोकेगा।

# पटाखों को लेकर समन्वय बनाने में जुटी भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली में पिछले ११ सालों से एक ऐसी सरकार थी जिसने हिंदुओं के त्योहारों को रोकने उनमें व्यवधान डालने और हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने की हर कोशिश की और आज जब भाजपा सरकार ग्रीन पटाखों के साथ दिवाली मनाने की बात कर रही है तो आम आदमी पार्टी को इसमें भी राजनीति नजर आ रही है।

उन्होंने कहा है कि प्रमाणित ग्रीन पटाखों से ना तो दिल्ली में प्रदूषण को बढ़ेगा और ना ही हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचेगी। दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण और धार्मिक भावनाओं का सम्मान दोनों का संत.ुलन बनाकर रखना जरूरी है। पिछली सरकार ने दिल्ली में ना सिर्फ पटाखों पर बैन लगाकर हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया बल्कि छठ जैसे महापर्व को नदी किनारे मनाने रोककर लाखों पूर्वांचलियों की आस्था का अपमान करने का काम किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हमारी सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय से ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति देने की मांग की है पर इस पर सर्वोच्च न्यायालय जो भी फैसला देगा उसका भाजपा सरकार एवं दिल्ली की जनता सम्मान करेगी।



पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा दिल्ली विश्वविद्यालय के गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भाग लेते हुए।

# पर्यावरण मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में की शिरकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री और वरिष्ठ सिख नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली विश्वविद्यालय के गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार "श्री गुरु तेग बहादुर जी: जीवन, शहादत और विरासत" में हिस्सा लिया।

यह आयोजन गुरु तेग बहादुर जी की ३५०वीं शहादत जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है, जिसमें देश-विदेश के प्रमुख इतिहासकार, विद्वान और शिक्षाविद गुरु साहिब के जीवन, दर्शन और बलिदान पर अपने विचार साझा कर रहे हैं।उद्घाटन सत्र में बोलते हुए सिरसा ने कहा कि , "मेरे लिए यह गर्व का क्षण है कि जिस कॉलेज से मैंने शिक्षा पाई, उसी कॉलेज में आज गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और संदेश पर इतना महत्वपूर्ण सम्मेलन देखने का अवसर मिला। गुरु साहिब का जीवन साहस और करुणा, आध्यात्मिक स्वतंत्रता और सार्वभौमिक भाईचारे का अद्भुत संगम है।"

उन्होंने बताया कि सरकार गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में 'गुरु तेग बहादुर स्टडी सेंटर' स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है, ताकि गुरु साहिब के जीवन, दर्शन और योगदान पर गहन अध्ययन और शोध को बढ़ावा दिया जा सके। आगामी योजनाओं का जिक्र करते हुए सिरसा ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार नवंबर में लाल किले पर तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित करेगी ख्र वही स्थल जहाँ गुरु साहिब ने महान शहादत दी थी।

इस अवसर पर प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और लेजर शो के जरिए गुरु साहिब के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। "उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में बहुत जल्द गुरुओं की जीवन शिक्षाओं पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक भी जारी की जाएगी, जिसमें विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों में गुरु साहिब के विचारों और संदेशों का उल्लेख होगा।

## दिल्ली सरकार व सीजीटीएमएसई की साझेदारी से उद्यमियों को मिलेगी बिना गिरवी ऋण की सुविधा

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म और लघु उद्यमों को सशक्त बनाने के लिए दिल्ली सरकार और क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज के बीच सहयोग की मंजूरी दी गई है। इस साझेदारी का उद्देश्य छोटे उद्यमियों को कुछ भी गिरवी रखे बिना ऋण प्राप्त करने में मदद देना और बैंकों का जोखिम कम करके उन्हें अधिक ऋण देने के लिए प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस योजना के तहत छोटे उद्यमियों को बिना किसी संपत्ति की गिरवी के ऋण प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। इस योजना में ऋण गारंटी का प्रावधान दिल्ली सरकार और सीजीटीएमएसई के बीच साझा रूप से किया गया है। प्रस्तावित गारंटी संरचना के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के उधारकर्ताओं को अधिकतम ९५ प्रतिशत तक की गारंटी कवरेज प्रदान की जाएगी। अब लघु उद्यमों के लिए ० से १० करोड़ रुपये तक के ऋण पर ७५ प्रतिशत कवरेज सीजीटीएमएसई द्वारा और २० प्रतिशत की कवरेज दिल्ली सरकार द्वारा दी जाएगी। महिला उद्यमियों और अग्निवीरों द्वारा प्रोत्साहित एमएसई के लिए ० से १० करोड़ रुपये तक के ऋण पर ९० प्रतिशत कवरेज सीजीटीएमएसई द्वारा और ५ प्रतिशत दिल्ली सरकार द्वारा दी जाएगी। अब माइक्रो श्रेणी के अंतर्गत ० से ५ लाख रुपये तक के ऋण पर ८५ प्रतिशत कवरेज सीजीटीएमएसई द्वारा और १० प्रतिशत कवरेज दिल्ली सरकार द्वारा दी जाएगी। इसके अलावा पांच लाख रुपये से १० करोड़ रुपये तक के ऋण पर ७५ प्रतिशत कवरेज सीजीटीएमएसई द्वारा और २० प्रतिशत दिल्ली सरकार द्वारा दी जाएगी। इस तरह सभी पर कुल कवरेज ९५ प्रतिशत हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार की यह पहल न केवल सूक्ष्म और लघु उद्यमों को सशक्त बनाएगी।

# पुलिस कह रही रोड एक्सिडेंट, परिवार का दावा हत्या हुई

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तिमारपुर के गोपाल विहार इलाके में बीते रविवार दोपहर के वक्त रिंग रोड पर एक युवक आशीष (२७) की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने जहां मामले को रोड एक्सिडेंट बताया तो वहीं परिजनों ने हत्या। परिजनों का कहना था कि आशीष को पिछले कुछ समय से जान से मारने की धमकी मिल रही थी। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किये हैं। जानकारी के मुताबिक आशीष परिवार के साथ गोपाल विहार झुग्गी बस्ती में रहता था। परिवार में उसकी पत्नी दो बेटे समेत अन्य परिवार वाले हैं। तिमारपुर पुलिस को रविवार दोपहर अस्पताल से आशीष की मौत की खबर मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने आशीष की मौत हो एक रोड एक्सिडेंट बताया। जबकि आशीष के पिता ताराचंद ने बताया कि हमारे लडके ने सुबह करीब साढ़े दस बजे खाना खाया था,जिसके बाद वह बाहर घूमने चला गया था। कुछ देर बाद ही किसी ने फोन करके बताया कि आशीष के बारे में बताया कि रिंग रोड पर पड़ा था,जिसको संत परमानंद अस्पताल ले गया है। अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे उपचार के बीच मृत घोषित कर दिया था। उसके गर्दन के पीछे गहरा घाव था,बाकी कहीं भी खरौंच तक नहीं थी। जबकि पुलिस आशीष की मौत हो रोड एक्सिडेंट बता रही है। पत्नी रॉकी ने बताया कि उनका चार पांच दिन पहले बड़ा पार्क में किसी से झगड़ा हुआ था। वो बोलते थे उसको जान से मारने की धमकी मिल रही है। परिवार को कोई शारीरिक रूप से नुकसान न हो, इसलिये वो थाने में शिकायत नहीं करवाते थे।

उन्होंने कभी यह नहीं बताया कि उनको कौन जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस मामले में रोड एक्सिडेंट बोल रही है, वो हत्या है। छोटे भाई मनीष ने बताया कि उनको किसी अंजान का फोन आया था। जिसने बताया कि वह जगतपुर बस स्टैंड पर बैठा था। उसी वक्त आवाज आई। सडक के दूसरी तरफ देखा एक युवक पड़ा था। उसको लेकर वह संत परमानंद अस्पताल ले जा रहा है। जब हम उस जगह पर पहुंचे,जहां पर घटना घटी थी। वहां पर सीएनजी पंप है,दो सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है। वहीं पर कई रेहड़ी वाले भी खड़े रहते हैं। जिनसे पूछताछ करने पर पता चला कि वहां पर कोई एक्सिडेंट नहीं हुआ था। आशीष की एक चप्पल दूसरी सडक पर पड़ी थी। वो चप्पल वहां पर कैसे पहुंची थी। पुलिस के पास कोई जवाब नहीं हैं। पुलिस को सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगालना चाहिए। पुलिस जिसको रोड एक्सिडेंट बता रही है वह हत्या है।

# समीर की याचिका पर शाहरुख के प्रोडक्शन हाउस को नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े की ओर से दायर मानहानि की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने वेब सीरीज में कथित मानहानि के मामले में शाह रुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स को नोटिस जारी किया है।

समीर वानखेड़े ने आरोप लगाया गया कि शाह रुख खान के बेटे आर्यन खान द्वारा निर्देशित नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज ष्बैड्स ऑफ बॉलीवुडष में कथित रूप से उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया गया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स को सात दिनों के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने याचिकाकर्ता से सभी प्रतिवादियों को याचिका की एक प्रति उपलब्ध कराने को भी कहा है। अब मामले की अगली सुनवाई ३० अक्टूबर को होगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि सीरीज का मकसद उन्हें बदनाम करना है, जबकि आर्यन खान का मामला अभी भी अदालत में लंबित है। उल्लेखनीय है कि समीर वानखेड़े ने सीरीज के खिलाफ दायर मानहानि मुकदमे में आर्यन खान के साथ व शाह रुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान के साथ नेटफ्लिक्स और अन्य से दो करोड़ रुपये का हर्जाना मांगा है।

# गोगी गैंग के दो अपराधियों को धरा

**पुलिस आरोपी के पास से एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, दो जिंदा कारतूसों सहित एक देसी पिस्टल बरामद किया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने गोगी गैंग/सोनू खारकारी के दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, दो जिंदा कारतूसों सहित और एक देसी पिस्टल , एक जिंदा कारतूस बरामद किए है। आरोपी पहले भी कई जघन्य मामलों में शामिल रहे है।

दिल्ली के बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर के , बीजी ब्लॉक क्षेत्र में गश्त के दौरान, एसीपी/समयपुर बादली रवि नंदन की देखरेख में एसएचओ समयपुर बादली शैलेंद्र सिंह जाखड़ के नेतृत्व में बीट कर्मचारियों ने बिना आगे की नंबर प्लेट वाली कार को विपरीत दिशा से आते देखा। कार सवारों को वाहन रोकने के लिए कहा गया, हालांकि पुलिस को देखकर कार अचानक वापस मुड़ गई और जीटीके रोड की ओर जाने वाले एसजीटी कट की ओर भागने की कोशिश की।

गतिविधि को संदिग्ध पाते हुए, गश्ती कर्मचारियों ने तुरंत पीछा कर वाहन को रोक लिया। जैसे ही वाहन रुका, तीन लोग पीछे की तरफ से बाहर निकले और भाग गए। कार के अंदर तीन और संदिग्ध थे और उन सभी को कार के साथ मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पूछने पर उन्होंने अपनी पहचान रितिक (२३) चंदन (१९) और रोहित (१९) बताई। सरसरी तलाशी लेने पर, रितिक और चंदन के पास से अवैध हथियार और जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरा.पी रितिक / बम ने खुलासा किया कि एक समय वह कुख्यात राजेश भारती के ष्क्रांति गैंगष के सदस्यों के साथ जुड़ा था और बाद में गैंगस्टर सोनू खरखरी और गोगी गैंग के लिए काम करता था।

हथियारों के अवैध कब्जे और गैंग की गतिविधियों में शामिल होने के अलावा, वह क्रिप्टो- आधारित वित्तीय लेनदेन में मध्यस्थ के रूप में सक्रिय रूप से काम कर रहा था। रितिक को प्रत्येक सफल लेनदेन के लिए ५% कमीशन मिलता था आरो.पियों द्वारा इस्तेमाल की गई एक सफेद प२० कार मोहम्मद इस्लाम के नाम पर पंजीकृत पाई गई और कथित तौर पर किराए पर ली गई थी।

# पुस्तकालय व पांडुलिपियों की भूमिका पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू के पुस्तकालय विज्ञान विभाग में दिल्ली विवि पुस्तकालय विभाग छात्र संगठन (डीयूएलएसए) की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के सम्मान समारोह के साथ ष विकसित भारत में पुस्तकालय एवं पांडुलिपियों की भूमिका षविषय पर केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमांचल के कुलाधिपति पद्मश्री डॉ. हरमोहिंदर सिंह बेदी जी के व्याख्यान का आयोजन किया । कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय विज्ञान छात्र संगठन के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया । इस कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ .हरमोहिंदर सिंह बेदी मुख्य अतिथि रहे । उन्होंने सभी नवनिर्वाचित छात्रों को शुभाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के अवसर पर प्रो. के. पी. सिंह ने कहा कि भारत में डीयू का पुस्तकालय विज्ञान विभाग सबसे बेहतर शिक्षण करने वाला विभाग है जहाँ स्नातक व स्नातकोत्तर की शिक्षा के साथ - साथ शोध के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है । उन्होंने कहा कि पुस्तकालय पुस्तकों का ऐसा भंडार है जहाँ लोगों को ज्ञान अर्जित करने का सबसे महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है ,

पुस्तकालय विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आर.के भट्ट ने छात्र संगठन के सभी पदाधिकारियों का सम्मान एवं स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पुस्तकालय विज्ञान विभाग की सहायक शिक्षिका डॉ. पिंकी जी ने किया।

# दिल्ली सरकार को जीएसटी से 6 महीने मे 22000 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन

**सूत्रों का कहना है कि ये राजस्व के आंकड़े अभी और बढ़ने की उम्मीद है।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार को इस वित्तीय वर्ष में पिछले छह महीने में अभी तक २२,००० करोड़ से अधिक राजस्व मिला है, जबकि पिछले साल इसी समय में २१,००० करोड़ के करीब राजस्व मिला था। इस हिसाब से पिछले साल से इस साल अधिक राजस्व मिला है। कई चीजों पर जीएसटी कम किए जाने से माना जा रहा है कि इस साल जीएसटी में और बढ़ोतरी हो सकती है। दिल्ली सरकार ने इस वर्ष जीएसटी वसूली का लक्ष्य पिछले साल की अपेक्षा पांच हजार करोड़ बढ़ाकर ४८ हजार ५०० करोड़ का रखा है। जानकारों की मानें तो केंद्र की मोदी सरकार ने जिस तरह से कई चीजों पर जीएसटी में भारी कटौती की है। इसे २२ सितंबर यानी नवरात्रि के पहले दिन से लागू कर दिया गया है। उसके बाद से बाजार में काफी बेहतर माहौल देखा जा रहा है। दिल्ली की स्थिति पर गौर करें तो पिछले साल की अपेक्षा इस साल अभी तक एसजीएसटी से दिल्ली सरकार को राजस्व में १६.१५ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले साल सितंबर में जहां ३२७२.५५ करोड़ का जीएसटी एकत्रित हुआ था, वह इस साल सितंबर में ३३७३.४५ करोड़ हुआ है। यानी इस साल जीएसटी की दरें कम होने वाले माह में सीधे १०० करोड़ का राजस्व अधिक मिला है। दिल्ली सरकार के सूत्रों का कहना है कि ये राजस्व के आंकड़े अभी और बढ़ने की उम्मीद है। अभी फाइनल आंकड़े आने शेष हैं। वैट एकत्रित करने में इस साल और कमी आई है। ि

पछले साल की अपेक्षा इस साल सरकार को अप्रैल से सितंबर तक १६६ करोड़ राजस्व कम मिला है। पेट्रोल डीजल के कारोबार से जुड़े लोग मानते हैं कि सीएनजी व इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ने के साथ साथ १० साल डीजल और १५ साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर रोक में खासकर डीजल पर असर पड़ा है।

# मौसम के चलते टला कुत्रिम वर्षा परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मौसम में हुए उलटफेर के चलते कृत्रिम वर्षा का प्रस्तावित परीक्षण फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। परीक्षण के लिए क्लाउड-सीडिंग उपकरण से लैस एयर क्राफ्ट मेरठ में तैयार है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पर्यावरण विभाग के अधिकारियों और आईआईटी कानपुर की एक तकनीकी टीम के साथ सोमवार को इस एयर क्राफ्ट का निरीक्षण किया था। इस सप्ताह कृत्रिम वर्षा के लिए परीक्षण प्रस्तावित था। पिछले दो दिन से हो रही वर्षा के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। अधिकारियों का कहना है कि नमी और वर्षा के कारण परिणाम प्रभावित हो सकते थे। सटीक परिणाम प्राप्त करने के लिए शुष्क और स्थिर मौसम आवश्यक है। भारतीय मौसम विभाग द्वारा मौसम साफ होने की पुष्टि के बाद षकिसी भी दिनष परीक्षण किया जा सकता है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का कहना है कि ष्हमारा उद्देश्य गंभीर वायु प्रदूषण से निपटने और सर्दियों के महीनों के दौरान शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कृत्रिम वर्षा की व्यवहार्यता का पता लगाना है। इसके लिए आइआइटी कानपुर के सहयोग से कृत्रिम वर्षा परियोजना की तैयारी की जा रही है। इसके लिए नागरिक उड्डयन महानिद.ेशालय (डीजीसीए) सहित २३ विभागों द्वारा स्वीकृति ली गई है।

# लावारिस कुत्तों की नसबंदी का काम होगा तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में लावारिस कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए बंध्याकरण (नसबंदी) और टीकाकरण कार्यक्रम के लिए १३.५० करोड़ रुपये खर्च करने की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। यह राशि उन २० पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) केंद्रों को दी जाएगी, जहां २० गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) इस काम में लगे हैं। एमसीडी ने इस बार इन संस्थाओं की जवाबदेही तय करने के लिए माइक्रोचिप लगाने और सीसीटीवी निगरानी की प्रणाली लागू करने का फैसला किया है। एमसीडी के अनुसार, अप्रैल २०२४ से फरवरी २०२५ के बीच १,२०,२६४ कुत्तों का बंध्याकरण और टीकाकरण किया गया था। इसके लिए एनजीओ को भुगतान कर दिया गया, लेकिन मार्च से जून २०२५ की अवधि का लगभग ४.२६ करोड़ रुपये का भुगतान अभी लंबित है। इस अवधि में ४२,७६१ कुत्तों का बंध्याकरण किया गया था। एमसीडी ने तय किया है कि अप्रैल २०२५ से फरवरी २०२६ के बीच २० एबीसी केंद्रों में लगभग १.३५ लाख कुत्तों का बंध्याकरण और प्रतिरक्षीकरण किया जाएगा। इसके १३.५० करोड़ रुपये बजट का प्रावधान किया है। वर्ष २०२५-२६ के बजट में लेखा शीर्ष १२१-१२७० के अंतर्गत १५ करोड़ रुपये इस कार्यक्रम के लिए पहले से आवंटित हैं।

पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति की बैठक में यह पाया गया कि कई क्षेत्रों में बंध्याकरण के बावजूद कुत्तों की संख्या बढ़ रही है। इससे कार्यक्रम की प्रभावशीलता पर सवाल उठे। इस कारण एमसीडी ने तय किया है कि हर नसबंद कुत्ते में माइक्रोचिप लगाई जाएगी, ताकि उनकी पहचान डिजिटल रूप से दर्ज हो सके। वहीं एबीसी केंद्रों की गतिविधियों पर सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य की जाएगी और किसी क्षेत्र में बंध्याकरण के बाद नए जन्म पाए जाते हैं, तो संबंधित एनजीओ पर कार्रवाई होगी और वार्षिक भुगतान का एक हिस्सा काटा जाएगा।

एमसीडी ने जवाबदेही तय करने के लिए दंडात्मक प्रावधान भी जोड़े हैं। इसके तहत किसी क्षेत्र में रेबीज से हताहत का मामला सामने आता है, तो संबंधित एनजीओ के वार्षिक भुगतान से १० प्रतिशत राशि काटी जाएगी। मादा कुत्तों के बंध्याकरण को प्राथमिकता दी जाएगी। एमसीडी ने संकेत दिया है कि इच्छुक एजेंसियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। वे पूरी परियोजना के रूप में बोली लगाकर २० केंद्रों के संचालन, रखरखाव और अतिरिक्त ढांचा निर्माण के प्रस्ताव दे सकती हैं।

# महिला का ससुराल में फंदे से लटका मिला शव

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को मौके पर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली** रनहौला इलाके में बीती रात एक महिला का उसी के ससुराल के कमरे में पंखे से लटका शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को मौके पर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। महिला के ससुराल वालों ने एसडीएम को बयान दर्ज करवाए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रनहौला पुलिस को बीते मंगलवार रात विकास नगर स्थित शिवा अपार्टमेंट में महिला नाजिया द्वारा कमरे में चौखट से फंदा लगाकर खुदकुशी करने की कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिये संजय गांधी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। ससुराल वालों ने बताया कि बीते पांच दिसम्बर २०२१ में नसीम से शादी हुई थी। नसीम प्राईवेट नौकरी करता है। उनके दो बच्चे हैं।

शुरूआती जांच में पता चला कि नसीम जब अपनी डयूटी पर था। उसने शाम करीब चार बजे नाजिया को फोन करके बात की थी। नसीम ने नाजिया को खाना खाने के लिये कहा था। उसके बाद जब नाजिया की सास ने उसके बच्चे को खिलाने के लिये अपनी बेटी को कहा था। बेटी जब बच्चे को लेकर गई। अंदर से कुंडी लगी थी। खिड़की से देखा तो नाजिया चौखट से फंदा लगाकर लटकी हुई थी। किसी तरह से दरवाजा खोलकर नाजिया को फंदे से उतारा और डॉक्टर को बुलाया। डॉक्टर ने नाजिया को मृत घोषित कर दिया था।

# 10 से 15 अक्टूबर तक होगा जैन गजरथ महोत्सव

## जिलाधिकारी मनीष बंसल ने महोत्सव की तैयारियों के लिए जैन समाज के लोगों संग की बैठक, दिये दिशा निर्देश



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** 10 अक्टूबर को होने वाली वार्षिक जैन गज रथ महोत्सव यात्रा को निर्विघ्न ढंग से संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विभिन्न विभागों और जैन समाज के लोगों के साथ बैठक की की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

10 अक्टूबर को जैन समाज की जैन वार्षिक गजरथ महोत्सव यात्रा निकालनी है यह यात्रा छ दिवसीय होती है। इस यात्रा को निर्विघ्न और भव्य ढंग से उत्साह पूर्वक संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के साथ जैन समाज के पदाधिकारी संग बैठक की बैठक में बिजली विभाग को जर्जर तारों को बदलने और जो तारे नीचे या झूल रही हैं जर्जर है उनको सही करने के निर्देश जारी किया तो वही नगर निगम को सड़क मार्ग बिल्कुल दुरुस्त करने के आदेश दिए पेयजल व्यवस्था पर भी ध्यान दिया गया इसके अलावा यातायात को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए चिकित्सा सुविधा को भी इस संबंध में निर्देश दिए गए इसके अलावा कई विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। आपको बता दें कि 10 अक्टूबर को जैन वार्षिक हजरत महोत्सव यात्रा जैन बाग वीर नगर मंदिर जिसे प्रारंभ होकर श्री दिगंबर जैन कॉलोनी चिल. काना रोड जैन बाग रायवाला रानी बाजार हलवाई हट्टा सराफा बाजार नया बाजार चौक फावारा मोरगंज बडतला यादगार रानी बाजार से होते हुए वापस जैन बाग स्थित जैन मंदिर की में पहुंचेगी जहां पर श्रीजी का अभिषेक होगा वही 14 अक्टूबर को जल कलश यात्रा चिलकाना रोड स्थित नवनिर्मित लार्ड महावीर अकैडमी में जाएगी जहां से बाद में वापसी जैन बाग आएगी तो वहीं 15 अक्टूबर को यात्रा एक बार फिर भव्य ढंग से नगर मार्गो पर रहेगी। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने कहा कि हम जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों और उठाए गए इसके लिए कदम को लेकर बेहद प्रसन्न है यह सभी व्यवस्था अगर सुचारू रूप से लागू हो जाती हैं तो निश्चित रूप से जैन समाज को इससे बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी ने सुरक्षा और यातायात के लिए भी निर्देश जारी कर दिए हैं वहीं अधिकारियों को भी मौके पर जाकर व्यवस्था देखने के लिए कहा है जैन समाज के संरक्षण और भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि हमारे लिए यह बड़े गौरव की बात है कि जैन समाज की यह वार्षिक गजरथ यात्रा पूरे वर्ष में एक बार निकलती है और 6 वर्षीय यात्रा होती है इसमें सकल जैन समाज प्रतिभाग करता है और यह 6 दिन हमारे लिए बड़े ही उत्साह से परिपूर्ण होतेहैं।

मीटिंग में सीडीओ सुमित महाजन अपर जिलाधिकारी संतोष बहादुर सिंह एसपी सिटी ब्यूम जिंदल सिटी अपर नगर आयुक्त प्रदीप यादव मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह सभी विभागो के अधिकारियों सहित जैन समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# जम्मू कश्मीर में भी खेल को बढावा देगा रालोदः चौ. नीरपाल



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** तीन दिवसीय दौरे पर जम्मू कश्मीर पहुंचे राष्ट्रीय लोक. दल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में भी रालोद खिलाडियों को प्रोत्साहन देगा।

राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित चाड़ओरा में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने पहुंचे खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह का राष्ट्रीय लो. कदल खेल प्रकोष्ठ के श्रीनगर प्रभारी इश्फाक हमीद भट्ट व उनकी टीम ने श्रीनगर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। उन्होने कहा कि खेल हमारे अमूल्य जीवन का अहम हिस्सा है। खेलो से मानसिक, शारीरिक विकास होता है। खेल हमें अनुशासन सिखाता है, खेलो के माध्यम से बच्चों का भविष्य संवारा जा सकता है। हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी भी युवाओं को खेलो में आगे बढ़ाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। इसलिए आज देश का युवा राष्ट्रीय लोकदल से बड़े पैमाने पर जुड़ रहा है। चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित, सम्मानित किया जाएगा।

## कोतवाली में मायके पक्ष का हंगामा

**नकुड़।** विवाहिता के साथ मारपीट के मामले में नामजद आरो. पियों पर कार्यवाही न होने से नाराज मायके पक्ष के लोगों ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर जमकर हंगामा किया। उन्होंने पुलिस पर दहेज के आरोपियों को बचाने का गंभीर आरा. प लगाए।

भाजपा नेता अनिल सैनी के नेतृत्व में गांव हसनपुर, लद्देबांस, जुड्डी, सुरुपुरतगा उर्फ नीची नकुड़ निवासी सेठपाल, सन्नी, वतन सिंह, कीर्ती सिंह, बालेश सैनी, सुखबीर सिंह, नीटू सैनी, मांगेराम चौधरी, जयकरण सिंह, नवाब (छापुर), महिपाल सिंह, सेठपाल आदि ने कोतवाली पहुंचकर आरोप लगाया कि कोतवाली पुलिस दहेज लोभी नामजद आरोपियों को संरक्षण दे रही है, तथा प्रकरण में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# निगम की जमीनों पर बने स्कूल व अस्पतालः टिंकू



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में समाजवादी पार्टी के पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति पर जोर दिया।

टिंकू अरोडा ने कहा कि एक फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर एक फर्म के द्वारा पिछले कई महीने से करोड़ों रुपए के कार्य किए जा रहे है पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा की शिकायत पर जांच कमेटी बनाई गई थी जांच कमेटी में जांच के उपरांत उस पत्र को फर्जी घोषित कर दिया गया लेकिन फिर भी जलकल अनुभव नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा ना ही तो ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई की गई और ना ही कोई वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई गई है। लगातार वो टेंडर प्रक्रिया में भाग ले रहा है उसे तत्काल ब्लैक लिस्ट कर वैज्ञानिक कार्रवाई करने की मांग की गई। टिंकू अरोड़ा ने गाजियाबाद नगर निगम की तर्ज पर जैसे नगर निगम ने अपनी जमीनों पर स्कूल इंटर कॉलेज और अस्पताल बना रखे हैं वैसे ही सहारनपुर नगर निगम भी सहारनपुर जनता के हित में अस्पताल और कॉलेजो का निर्माण कार्य जल्द से जल्द करवाये जिससे नगर की जनता को लाभ मिल सके इसके अलावा प्रमुखता से जी आई सर्वे को लेकर टिंकू अरोड़ा ने कहा कि सर्वे के माध्यम से नगर निगम टैक्स विभाग के कर्मचारी नगर की जनता का उत्पीड़न कर रहे हैं जिस किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आर्थिक रूप से सशक्त होगा देशः जसवंत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि देश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्वदेशी को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि देश की जनता आर्थिक रूप से सशक्त बन सके।

मंत्री जसवंत सैनी दिल्ली रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों में कटौती कर आम जनता को बड़ी राहत दी है। सरकार ने महसूस किया कि कुछ वस्तुओं पर जीएसटी की दरों में कमी आवश्यक है, इसलिए इसमें संशोधन किया गया। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो जीएसटी दरों में और कमी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना आत्मनिर्भर भारत का है, जिसके लिए स्वदेशी को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। युवाओं की मेहनत और लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहित कर देश को औद्योगिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है।

एक सवाल के जवाब में मंत्री सैनी ने कहा कि विपक्ष केवल खामियां निकालने में लगा है, जबकि केंद्र सरकार हर व्यक्ति तक राहत और सहायता पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी को घर-घर पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम, नगर विधायक राजीव घूमर, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सैनी, महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, मेयर डॉ. अजय सिंह, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य मेला राम पवार, डीसीडीएफ अध्यक्ष सोनेन्द्र राणा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डा. धर्मसिंह व साहिल ने काटा फीता



शाह टाइम्स संवाददाता

**नकुड़।** मानवता की मिसाल पेश करते हुए विवेक चौहान मेमोरियल ट्रस्ट नकुड़ द्वारा आयोजित 19वे रक्तदान शिविर में नगर व आसपास के 62 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में सुबह से ही युवाओं और समाजसेवियों का उत्साह देखने लायक था।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी, युवा नेता साहिल खान और अजीत चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में रक्त संग्रह का कार्य जिला अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने संभाला। आयोजन को सफल बनाने में देवेंद्र चौहान, डॉ. अमित चौहान, चंद्रशेखर मित्तल, संतोष शर्मा, राशिद खान, नौशाद अब्बासी, जसवीर कश्यप, ठा. नैनपाल सिंह, ईश्वर चंद्र फौजी, सुमित सैनी और पूर्व सभासद शमशाद खान की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार, भाकियू (भानू) के जिलाध्यक्ष राजू माजरा, और कांग्रेस नेता वीरसेन योगी भी उपस्थित रहे। ट्रस्ट सदस्यों ने कहा कि नियमित रक्तदान से न सिर्फ जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह सामाजिक एकता और मानवता को मजबूत करने का प्रतीक भी है।

# लडकियों के साथ लडकों को भी करना होगा जागरूकः अभिषेक



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था पाइनवुड स्कूल में मिशन शक्ति 05 के अन्तगर्त आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने डीआईजी. अभिषेक सिह के नेतृत्व में छात्राओं को विभिन्न हैल्पलाइन नंबर व साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया।

दिल्ली रोड स्थित पाइनवुड स्कूल के सभागार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ सहारनपुर परिक्षेत्र के डी.आई.जी. अभिषेक सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल, पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी नकुड़ अशोक कुमार सिसोदिया, प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान, पाइनवुड स्कूल की डायरेक्टर श्रीमति संतोष गुप्ता व प्रधानाचार्य डा. संजीव जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। डी.आई.जी. अभिषेक सिह में कहा कि बालिकाओं को इन कानूनों के प्रति जागरूक करने के साथ ही लडको को भी इसकी जानकारी देनी चाहिए ताकि महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। एसपी सिटी व्योम विन्दल ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया। एसपी कि यातायात सिद्धार्थ वर्मा ने मिशन शक्ति अभियान पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न हैल्प लाइन नंबरों के साथ ही सरकार द्वारा महिला कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि सोसाइटी से जुड़े विभिन्न स्कूलों कॉलेजों में भी इस तरह के अभियान चलाये जा रहे है ताकि छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक कर उनके साथ होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। स्कूल के की डायरेक्टर सन्तोष गुप्ता एवं प्रधानाचार्य डॉ. सजीव जैन ने सभी अतिथियों का आभार जताया। डीआईजी अभिषेक सिंह ने बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बाजार को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन व वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज के संस्थापक एस एस राणा, रामपुर कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र नागर, महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर, थाना साइबर क्राइम के एसआई साबिर अली, एसआई मंजू शर्मा, निरीक्षक सनुज यादव के अलावा मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज की शिक्षिका एवं छात्राएं मौजूद रही।

# धरना स्थल पहुंचे मिल प्रशासन के अधिकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** शाकम्भरी शुगर मिल टोडरपुर पर किसानों के बकाया भुगतान को लेकर चल रहे धरने को आज लगातार ग्यारह दिन हो गए हैं। बढ़ती ठंड व कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी किसानों का हौसला अडिग नजर आ रहा है और अपनी मांगों को लेकर धरनास्थल पर डटे हुए हैं।

बुधवार को धरना स्थल पर किसानों के बीच मिल प्रबंधन के पर्सनल ऑफिसर नायब सिंह पहुंचे। उन्होंने से किसानों से वार्ता कर भरोसा दिलाया कि मिल मालिक किसानों के भुगतान की व्यवस्था करने में जुटे हुए हैं और मिल को शीघ्र बेचने का प्रयास भी जारी हैं। फैक्ट्री चलने के लिए लगभग तैयार है, केवल कुछ तकनीकी कमियाँ रह गई हैं जो कि जल्द ही पूरी की जाएँगी। किसानों का भुगतान सुरक्षित है और शीघ्र दिया जाएगा। हालाँकि किसानों ने दो टूक कहा कि वह अब केवल वायदों से नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई और निश्चित भुगतान तिथि चाहते हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक भुगतान की वास्तविक प्रक्रिया शुरू नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा।

इस दौरान चौ. सितम सिंह, चौ. देवी सिंह, चौ. ताहिर चेयरमैन, चौ. जाबिर हसन, सतीश शर्मा, हाजी मुकर्रम, चौ. हाशिम, कय्यूम प्रधान, चौ. अशरफ अली, श्याम कंबोज, चौ. आकिल, डॉ. मेघराज, इंतजार गौर, चौ. नारायण चेयरमैन, अनिल सैनी, डॉ. कुलदीप, राजेश चेयरमैन एवं अन्य किसान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी के रक्तदान शिविर में 130 यूनिट रक्तदान







शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम द्वारा सपा दिग्गजों की अगुवाई में लगाये गये रक्तदान शिविर में 130 यूनिट रक्तदान एकत्र किया गया। एकत्र किया गया रक्त थेलेसिमिया से पीडित बच्चों को नया जीवन प्रदान करेगा।

सडक दूधली में लगाये गये रक्तदान शिविर में कैराना सांसद इकरा हसन, राष्ट्रीय महासचिव चौ.रूद्रसेन, सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, पूर्व मंत्री काजी शायान मसूद, वरिष्ठ नेता साहिल खान की विशेष मौजूदगी रही।

सांसद इकरा हसन ने रक्तदान शिविर के लिये आयोजन रूही अंजुम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे शिविर सामाजिक समरसता को बढावा देने में कारगार होते है। समाज के लिये रक्तदान से बेहतर कोई माध्यम नहीं है। राष्ट्रीय महासचिव चौ.रूद्रसेन ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों पर चलते हुए रूही अंजुम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर समाज को नई दिशा देने का काम किया गया है।

सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ने आयोजन के लिये रूही अंजुम को शुभकामनाएं देते कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को धरातल पर उतारने का काम किया है। पूर्व मंत्री काजी शायान मसूद ने कहा कि रक्तदान से बडी कोई सेवा नहीं है। एक व्यक्ति के रक्तदान से तीन लोगों की जिंदगी बच सकती है।

वरिष्ठ नेता साहिल खान ने कहा कि रक्तदान शिविर आपसी एकता व देशभक्ति की भावना को दर्शाते है। आपसी समन्वयता के साथ आयोजित शि. विर न केवल लोगों को धर्म जाति की भावना से ऊपर उठकर जाने का संदेश देता है, बल्कि भावी पीढी को भाईचारे की प्रेरणा भी देता है। आयोजक रूही अंजुम ने कहा कि थेलेसिमिया से पीडित बच्चों के लिये रक्त एकत्र कर उन्हें नई जिंदगी देना समाजसेवा का एक बेहतरीन माध्यम है।

इस दौरान ब्यूटीशियन फराह खान, रूही अंजुम के पति मारूफ खान, प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष अनुज, प्रवेज मलिक, डा.मंसूफ, इंतखाब आजाद आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# एक दिन की एसडीएम से मिले एमएलसी शाहनवाज



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** एक दिन की एसडीएम सदर बनी मुगल माजरा की बेटी शोयबा इंतजार से सपा एमएलसी शाहनवाज खान ने मुलाकात करते हुए लोगों की समस्याओ से अवगत कराते हुए उनके निस्तारण की मांग की।

एक दिन की एडीएम सदर बनाई गई शोयबा इंतजार मुगल माजरा के रहने वाले इंतजार की बेटी और एडवोकेट तारिक इंतजार की बहन है। उनके एक दिन के लिये एसडीएम सदर बनते ही सबसे पहले सपा एमएलसी शाहनवाज खान लोगों की समस्याएं लेकर उनके पास पहुंचे। जहां उन्होंने लोगों की समस्याएं बताकर उनके समाधान की मांग की। जिस पर शोयबा इंतजार ने अधिनस्थों को बुलाकार समस्याओं के समाधान के निर्देश दिये। इस दौरान अमजद महमूद, अदनान चौधरी, जुबैर खान, मैनपाल राणा, तारिक एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## भगवान वाल्मीकि जयंती मनाई, निकाली शोभायात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानौता।** भगवान वाल्मीकि कि जयंती समारोह पर समाजसेवी विवेक नामदेव ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया

नगर में भगवान वाल्मीकि कि शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा वाल्मीकि मंदिर से रवाना हुई यात्रा से पूर्व पूर्व डीसीडीएफ चौयरमेन कृष्ण कुमार पुंडीर व भाजपा नेता विवेक नामदेव ने फीता काट कर शुभारंभ किया शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने मन मोहा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होकर रात्रि में महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर जाकर संपन्न होगी। इस दौरान राहुल वाल्मीकि, गोपाल वाल्मीकि,हरीष, रोबिन, विक्की, अरूण, अमन, सुशील, संदीप, अक्षय, सन्नी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे

# देशभक्ति व सेवा का सुंदर संगमः डा.मनीष




शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** भारतीय वायुसेना दिवस के उपलक्ष में फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा 229वाँ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 121 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

आज बेहट कस्बे में ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज कुमार पाँचाल ने बताया कि फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट का उद्देश्य सहारनपुर को 100 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान वाला जनपद बनाना है। आज वायुसेना दिवस पर यह शि. विर देशभक्ति और जनसेवा का सुंदर संगम है, जहाँ लोगों ने अपने रक्त के माध्यम से जीवनदान का संकल्प लिया। शिविर संयोजक डॉ मनीष सैनी ने कहा कि युवाओं की सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि समाज में सेवा की भावना निरंतर बढ़ रही है। हर तीन माह में नियमित रक्तदान कर हम अनेक जिंदगियाँ बचा सकते हैं। विशेष सहयोगी रमन शर्मा ने कहा कि रक्तदान ऐसा महादान है जिसका कोई विकल्प नहीं। फैक्ट्री या प्रयोगशाला में रक्त नहीं बनाया जा सकता, यह केवल इंसान ही इंसान को दे सकता है। उन्होंने खुद्द भी रक्तदान कर संदेश दिया कि वायुसेना दिवस के अवसर पर इस शिविर ने देशभक्ति की भावना को और सशक्त किया है।

रक्तदान शिविर में भोला सैनी, डा विवेक सैनी, रीता गुप्ता, मोहिनी सैनी, शालू मित्तल, आशीष, शांतनु आदि ने भाग लिया।

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., नानौता (सहारनपुर)**

पत्रांक civil/2043/C दिनांक 8/10/25

-अल्पकालीन निविदा सूचना-

समस्त अनुभवी ठेकेदारों से मिल के विभिन्न सिविल सम्बन्धित कार्यो हेतु दिनांक 11.10.2025 तक निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनाक 10.10.2025 से 11. 10.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में रू 100. 00 प्रति निविदा जी.एस.टी सहित जमा कर प्राप्त किये जा सकते है. अन्य नियम व शर्तो के सम्बन्ध में सिविल कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त निविदाये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

(अंकित कुमार)
पी.सी.एस.
प्रधान प्रबन्धक

# संपत्ति खरीदने पर 1.62 करोड़ की धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**नोएडा।** एनडब्ल्यूडी सॉफ्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर ने एक व्यवसायिक संपत्ति की खरीद फरोख्त में भूटानी इंफ्रा और सीबीएस इंटरनेशनल पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इस मामले में 11 लोगों को नामजद करते हुए थाना सेक्टर-142 में मुकदमा दर्ज किया गया है। कंपनी की कानूनी प्रमुख साक्षी बुद्धिराजा ने शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि दोनों कंपनियों और उनसे जुड़े प्रति. निधियों ने मिलकर एक सुनियोजित तरीके से आर्थिक धोखाधड़ी की है।




शिकायत के अनुसार, भूटानी इंफ्रा (मालिक प्रेम भूटानी) और सीबीएस इंटरनेशनल (मालिक संजय रस्तोगी) नोएडा सेक्टर-90 स्थित नोएडा वर्ल्ड वन नामक व्यवसायिक इमारत के मालिक, प्रमोटर और प्रबंधक हैं। इनकी मिलीभगत से कंपनी को 1.62 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ। इस मामले में पुलिस ने गौरव शर्मा, संजय रस्तोगी, प्रेम भूटानी, आदित्य राज सक्सेना, नमन, नसीम, साक्षी, माधुरी, राजेश टंडन, अमित और अनुराधा शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

**4.02 करोड़ में तय हुई थी डील:** साक्षी बुद्धिराजा ने बताया कि दिसंबर 2024 में एनडब्ल्यूडी कंपनी ने कार्यालय उपयोग के लिए व्यवसायिक संपत्ति खरीदने की प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान भूटानी इंफ्रा के प्रतिनिधि नमन और आदित्य राज ने कंपनी के प्रतिनिधि अक्षय से संपर्क किया और "नोएडा वर्ल्ड वन" परियोजना में एक संपत्ति की पेशकश की। बाद में सीबीएस इंटरनेशनल के अधिकारी गौरव शर्मा, माधुरी, साक्षी और अन्य ने सौदे की पुष्टि करते हुए 4.02 करोड़ में संपत्ति बेचने की बात कही।

**10 लाख का दिया चेक समय-समय पर कैश:** शिकायत में दावा किया गया है कि कंपनी ने विश्वास के आधार पर 10 लाख अग्रिम भुगतान के रूप में सीबीएस इंटरनेशनल को चेक जारी किया और आगे नकद भुगतान भी किया गया। लेकिन बाद में पता चला कि सौदा फर्जी था और संपत्ति का कोई और मालिक है। साक्षी बुद्धिराजा ने बताया कि यह पूरा धोखाधड़ी भूटानी इंफ्रा, सीबीएस इंटरनेशनल और एनआरआई व्यवसायी राजेश टंडन की मिलीभगत से किया गया।

**पहले भी दर्ज हो चुके मुकदमा:** दोनों कंपनियों के कार्यालयों में रोज सैकड़ों संभावित खरीदारों के साथ ऐसे ही सौदे किए जाते हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि भूटानी इंफ्रा और सीबीएस इंटरनेशनल के खिलाफ पहले से ही 10 से अधिक आपराधिक और 7 रेरा शिकायतें लंबित हैं।

## रोड किनारे कूड़ा फेंकने पर 1.13 लाख का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नोएडा।** सड़क के किनारे कूड़ा फेंकने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने साइट पर स्थित एक कंपनी पर 1.13 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सहायक प्रबंधक गौरव बघेल के नेतृत्व में टीम साइट-4 के आसपास निरीक्षण कर रही थी। रोड के किनारे कूड़े का ढेर मिला, जिसमें प्राप्त साक्ष्य से यूपीसीडा के सेक्टर साइट-4 स्थित कंपनी डी-66 की तरफ से कूड़ा फेंके जाने की पुष्टि हुई। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2016 का उल्लंघन करने पर रुपए इस कंपनी पर 1.13 लाख रुपए का जुर्माना गया। वहीं, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 8 अक्टूबर को ग्राम ऐच्छर मार्केट में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। दुकानदारों को पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने के लिए बोला गया। इस दौरान 18 किलोग्राम पॉलिथीन भी जब्त की गई। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने ग्रेटर नोएडावासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने और ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने में सहयोग करने की अपील की।

# स्पोर्ट्स सिटी के 450 परिवारों को मिल सकती है राहत

**गोदरेज नेस्ट को कंडीशनल जारी हो सकता है ओसी, अवलोकन के बाद आगामी बोर्ड में होगा फैसला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट ने सेक्टर-150 के स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट में फंसे सैकड़ों घर खरीदारों को आंशिक राहत दी है। अदालत ने नोएडा प्राधिकरण को निर्देश दिया है कि वह छह आवासीय टावरों के लिए बिल्डर को कंडीशनल अधिभोग प्रमाणपत्र (ओसी) जारी करे। यह फैसला गोदरेज नेस्ट में अपने घरों का इंतजार कर रहे लगभग 450 परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस आदेश का अवलोकन नोएडा प्राधिकरण ने 219वीं बोर्ड में लिया।

एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि आदेश का अध्ययन करने के बाद बायर्स को राहत देने के लिए अब इसे आगामी बोर्ड में लाया जाएगा। वहां से अप्रूवल मिलने के साथ ही बिल्डर को कंडीशनल सीसी जारी किया जा सकता है। यह राहत केवल इन छह टावरों तक सीमित है और स्पोर्ट्स सिटी की अन्य परियोजनाओं के लिए मिसाल नहीं बनेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने ब्रिक राइज डेवलपर्स की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया था। ब्रिक राइज, लोटस ग्रीन्स कंस्ट्रक्शन के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम का हिस्सा है, जिसने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फरवरी 2025 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें प्रोजेक्ट में अनियमितताओं, देरी और बकाया राशि का उल्लेख करते हुए ओसी रोकने के निर्देश दिए गए थे।

**वादा के तहत पूरा करना होगा प्रोजेक्ट:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जिन छह टावरों के आवेदन प्राधिकरण के पास लंबित हैं, उन्हें कंडीशनल अधिभोग प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। अदालत ने स्पष्ट किया कि ये प्रमाणपत्र चल रही विशेष अनुमति याचिकाओं और भविष्य के किसी भी न्यायिक आदेश के अधीन होंगे। साथ ही, डेवलपर को स्पोर्ट्स सिटी के तहत वादा की गई सभी खेल और मनोरंजन सुविधाएं पूरी करनी होंगी, और यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी निर्माण कार्य नोएडा के भवन उपनियमों के अनुरूप हों।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में अंतिम फेज में जीटीसी का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का ग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन सेंटर (जीटीसी) निर्माण अंतिम चरण में, जल्द शुरू होंगी वाणिज्यिक उड़ानें नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (छप) स्थित ग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन सेंटर (जीटीसी) निर्माण अंतिम चरण में है। इस साल के अंत तक कामर्शियल उड़ानें शुरू होने से पहले जीटीसी पूरी तरह तैयार हो जाएगा।

एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, जीटीसी को 20 एकड़ में टर्मिनल 1 और 2 के बीच एक मल्टीमॉडल हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। ये यात्रियों को विभिन्न परिवहन साधनों से कनेक्टिविटी देगा। इसका डिजाइन ज्यूरिख एयरपोर्ट से प्रेरित है। पहले फेज में 1.2 करोड़ मुसाफिरों को लाभ देगा।पहले चरण में जीटीसी में 1,200 से अधिक सरफेस कार पार्किंग, कैब और टैक्सी वे व इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग पॉइंट बनाए जा रहे हैं। ये सभी सुविधाएं यात्री टर्मिनल से पैदल दूरी पर होंगी ताकि संचालन के साथ ही मुसाफिरों को सुविधा मिल सके। एयरपोर्ट-ब्रांडेड ईवी कैब, ऐप-आधारित टैक्सी सेवाएं, कार रेंटल, डीटीसी, यूपीएसआरटीसी, यूटीसी व हरियाणा रोडवेज की बसें जीटीसी से संचालित होंगी। इसके अलावा निजी शटल और पर्यटक सेवाएं भी यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेंगी।

**हाई स्पीड रेल, रैपिड और पॉड से जुड़ेगी जीटीसी:** जीटीसी में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ईंधन स्टेशन संचालित करेगा, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड सीएनजी और पीएनजी की सुविधा प्रदान करेगी, जबकि स्टेटिक कंपनी ईवी चार्जिंग नेटवर्क स्थापित कर रही है। जीटीसी को भविष्य में हाई-स्पीड रेल, रैपिड रेल, मेट्रो, बस, पॉड टैक्सी और लाइट रेल से जोड़ने की योजना है। पूरी तरह कार्यशील होने पर इसमें 4,500 कारें, 3,500 दोपहिया वाहन और 40 से अधिक बसें खड़ी हो सकेंगी। ऊपरी मंजिलों पर व्यवसायिक केंद्र, रेस्टोरेंट और यात्री लाउंज भी होंगे।

**30 अक्टूबर तक तैयार होगा टर्मिनल:** इस बीच एयरपोर्ट का मुख्य टर्मिनल भवन भी लगभग पूरा हो चुका है और 30 अक्टूबर तक पूरी तरह तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस महीने साइट का निरीक्षण कर सकते हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव (नागरिक उड्डयन) दीपक कुमार ने हाल में निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। 1,334 हेक्टेयर में फैले एयरपोर्ट के पहले फेज में 3,900 मीटर लंबा रनवे और मॉडर्न एटीसी टॉवर तैयार है।

**डीजीसीए ने सर्वे किया पूरा:** डीजीसीए का सर्वे पूरा हो चुका है और जल्द ही एयरपोर्ट को संचालन लाइसेंस मिलने की उम्मीद है। सीआईएसएफ ने सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली है। पहले चरण में एयरपोर्ट हर साल 1.2 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा। भविष्य में दूसरे टर्मिनल और रनवे जुड़ने के बाद इसकी क्षमता 7 करोड़ यात्रियों तक बढ़ जाएगी, जिससे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश का सबसे बड़ा विमानन केंद्र बन जाएगा।

# दुनिया के सबसे ताकतवर देश के प्रबंध के बाद भी भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही : डॉक्टर दिनेश शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधते हुए कहा कि 26/11 के हमले के बाद पी. चिदंबरम ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने से इनकार कर दिया था, क्योंकि उन्हें डर था कि दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश उन पर प्रतिबंध लगा देगा। इन दिनों राहुल गांधी और सोनिया गांधी सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर का सबूत मांग रहे हैं, जबकि मोदी सरकार के कार्यों से आहत दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश ने उन पर प्रतिबंध लगा दिए। हालांकि, हमारी जीडीपी बढ़ रही है और शेयर बाजार बढ़ रहा है, और प्रतिबंध का हमारे देश की अर्थव्यवस्था पर कोई असर नहीं दिख रहा है।




सेक्टर 62 स्थित एवियोर एजुकेशन हब में भाजपा नोएडा महानगर क्षेत्र की ओर से जीएसटी सुधार सभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं को आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प के माध्यम से सरकार की कार्ययोजना से अवगत कराया गया, जिसे जनता तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों को कम करने से देश की अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। इससे उपभोक्ता और उत्पादक दोनों लाभान्वित हो रहे हैं। देश की जीडीपी मजबूत हो रही है। भारत अर्थव्यवस्था में चौथे से तीसरे स्थान पर आ गया है। मुद्रास्फीति दर 2.1 पर स्थिर है, बेरोजगारी दर घटकर 5.1 पर आ गई है। दुनिया के ताकतवर लोगों ने भारत पर प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन इसका हमारी अर्थव्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ा। इसके विपरीत, निर्यात उत्पादन बढ़ा है। भारत में हम आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। जीएसटी दर कम करने से आत्मनिर्भर भारत बनने में सफलता मिलेगी। और यह वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने में मददगार साबित होगा।

## दीपावली से पहले नोएडा को 630 करोड़ की सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नोएडा।** नोएडा वासियों को दीपावली से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ 630 करोड़ के प्रोजेक्ट की सौगात देने जा रहे हैं। इसमें डीएससी रोड पर तैयार भंगेल एलिवेटेड और सेक्टर-94 में बना नोएडा जंगल ट्रेल है। इन दोनों का निर्माण पूरा हो चुका है।15 से 20 अक्टूबर के बीच इसका उद्घाटन किया जाएगा। एलिवेटेड खुलने से एक्सप्रेस वे पर ट्रैफिक भार कम होगा। साथ ही ग्रेटरनोएडा जाने के लिए एक और लिंक मिलेगा। जिससे हजारों लोगों को फायदा होगा। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि सीएम से उद्घाटन के लिए समय लिया जा रहा है।

नोएडा में दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) रोड पर बन रहे भंगेल एलिवेटेड रोड के काम पूरा हो चुका है। यह परियोजना पहले से ही करीब तीन साल देरी से चल रही है। निर्माण में 608 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। यह एलिवेटेड रोड सेक्टर-41 अगाहपुर से फेज-टू के गंदे नाले के पास तक है। इसका काम जून 2020 में शुरू किया गया था। एलिवेटेड के प्रत्येक कर्व पर कवरिंग शीट भी लगाई जाएगी। रोड पर दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस एलिवेटेड रोड के लिए सेक्टर-49-107 चौराहे पर दोनों ओर दो-दो लूप बनाया जाना प्रस्तावित है। सेक्टर-37 से आकर सेवन एक्स सेक्टरों की ओर जाने के लिए हनुमान मूर्ति के पास लूप उतरेगा। इसी तरह सेवन एक्स से फेज टू की ओर से सूरजपुर की ओर जाने वालों के लिए लूप चढ़ाया जाएगा। इसके दूसरी तरफ सेक्टर-107 की ओर चढ़ने-उतरने के लिए लूप बनाए जाएंगे।

**लोहे के कबाड़ से बने जानवर होंगे आकर्षण का केंद्र:** ओखला पक्षी विहार के बीच बन रहे जंगल ट्रेल 15 करोड़ में बनाया गया है। यहां एडवेंचर भी किया जा सकेगा। इसके लिए जंगल में की जाने वाली एक्टिवटी को भी शामिल किया है।

## ऑटो पार्ट्स की दुकान से लाखों का सामान चोरी

**नोएडा।** फेज वन थानाक्षेत्र स्थित ऑटो पार्ट्स की दुकान से चोर लाखों रुपए के पुर्जे, लैपटॉप तथा सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर चोरी कर ले गए। सफदरजंग डेवलपमेंट एरिया दिल्ली के रहने वाले उत्तम जैन ने थाने में दी शिकायत में बताया कि उनकी सेक्टर-16 ऑटो मार्केट में न्यू एजजे इंटरप्राइजेज के नाम से दुकान है। वह एक सितंबर की शाम को दुकान बंद कर अपने घर गए। अगले दिन जब वह अपनी दुकान पर पहुंचे तो उन्हें शटर का ताला टूटा मिला। दुकान से क्लच प्लेट, ब्रेक पैड बेरिंग कार के अन्य पार्ट्स और लैपटॉप गायब था।

## एक नजर

### डॉक्टर सियाराम वर्मा बने गाजियाबाद संभाग के आरटीओ

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा में तैनात सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ प्रशासन) डॉक्टर सियाराम वर्मा का प्रमोशन हुआ है। उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार ने गाजियाबाद संभाग का संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) नियुक्त किया है। उनके स्थान पर नोएडा में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नंदकुमार को आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। परिवहन विभाग के उप सचिव नितिन कुमार गुप्ता ने यह आदेश आज जारी किया है। बतौर एआरटीओ डॉक्टर सियाराम वर्मा की कार्यकाल नोएडा में काफी सराहनीय रहा है। उनकी कार्य कुशलता को देखते हुए शासन ने उन्हें गाजियाबाद का आरटीओ बनाया है। उनके प्रमोशन और गाजियाबाद में पोस्टिंग की खबर पाकर काफी संख्या में ट्रांसपोर्टर और नोएडा के निवासी उनका सम्मान करने के लिए सेक्टर 33 से स्थित ऑफिस पहुंचे।

### घर पर सो रही युवती को नाग ने डसा, हालत गंभीर

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** थाना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र के बाजिदपुर गांव में रहने वाली एक 18 वर्षीय युवती को आज तड़के एक सांप ने उस समय काट लिया जब वह अपने घर पर सो रही थी। उसे अत्यंत गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बाजिदपुर गांव में रहने वाले रामसागर ने बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी निर्मला मंगलवार की रात को खाना खाकर अपने घर पर सोई। उनके अनुसार आज तड़के एक जहरीले नाग ने उनकी बेटी को उस समय डस लिया जब वह घर पर सो रही थी। उन्होंने बताया कि उसे अत्यंत गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार युवती की हालत नाजुक बनी हुई है। उसे उपचार के लिए दिल्ली के उच्च संस्थान में रेफर किया गया है।

### जमीन के विवाद में दो पक्ष भिड़े

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** कानपुर गांव में जमीन के टुकड़े को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर घर में घुसकर धारदार हथियारों से हमला, मारपीट और फायरिंग करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के 11 नामजद लोगों पर केस दर्ज किया है। कानपुर गांव निवासी रनवीर ने पुलिस में शिकायत की कि वह सोमवार रात करीब आठ बजे अपने घर पर परिवार के साथ था, तभी पंकज, उम्मेद, गगन, शिवम, सतीश, लकी और नितिन जमीन के विवाद में फरसा और लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और तोड़फोड़ करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित और उसके परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि महिलाओं से भी अभद्रता की। उधर, दूसरे पक्ष के उम्मेद का आरोप है कि रनवीर, अशोक, सोमवीर और जुगेंद्र उनके घर में जबरन घुस आए और गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट की। बीचबचाव करने आई उम्मेद की पत्नी के साथ आरोपियों ने छेड़छाड़ की। दोनों पक्षों के घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पतवाड़ी का श्मशान घाट टेकजोन-4 में शिफ्ट, निर्माण जल्द

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम पतवाड़ी के श्मशान घाट को टेकजोन -4 में ओवरहेड टैंक के पास शिफ्ट कर दिया है। इसमें जरूरी निर्माण कार्य जल्द कराने की योजना है।इस पर करीब 36 लख रुपए खर्च होंगे। इसका टेंडर स्वीकृति की प्रक्रिया में है। परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि पतवाड़ी में श्मशान घाट के लिए कोई उचित स्थल नियोजित नहीं था। अस्थाई रूप से पतवाड़ी के खसरा संख्या- 1139 के भूखंड में अंतिम संस्कार किया जा रहा था। पतवाड़ी के निवासी प्राधिकरण से आसपास के एरिया में स्थाई श्मशान घाट के निर्माण की मांग कर रहे थे। प्राधिकरण ने अब पतवाड़ी के श्मशान घाट को टेकजोन -4 में शिफ्ट कर दिया है। टेकजोन-4 में पहले से नियोजित है। उसी से सटे 500 वर्ग मीटर एरिया में श्मशान घाट का निर्माण कराया जाएगा। एके सिंह ने कहा है कि पतवाड़ी गांव के निवासी अपनों की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए इस श्मशान घाट का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में मंगलवार शाम एक युवक ने दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना दनकौर रेलवे स्टेशन के पास हुई। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने मृतक की जेब से एक आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान मुकेश चंद्र शाह (33) के रूप में हुई। वह बिहार के रोहतास जिले के चरनाद का निवासी था। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वह ग्रेटर नोएडा में रहकर नौकरी करता था।

जीआरपी पुलिस के अनुसार, मंगलवार शाम दिल्ली से बिहार जा रही एक एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर युवक ने अपनी जान दे दी। ट्रेन के ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि युवक ट्रेन के आने से पहले ही काफी देर से ट्रैक पर खड़ा था।

# करंट लगने से मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। मुकीमपुर शिवारा गांव में मकान पर काम करते समय 11 हजार वोल्ट की लाइन से उसे करंट लगा था। गंभीर रूप से घायल मजदूर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां मंगलवार देर रात उसकी मौत हो गई।




मृतक की पहचान देवदत्त के रूप में हुई है, जो पुताई का काम करता था। मंगलवार को वह मुक. मिपुर शिवारा निवासी टीटू के घर पर अन्य मजदूरों के साथ पुताई कर रहा था। घर के छज्जे पर काम करते समय उसने बिजली की लाइन देखी और मकान मालिक को बताया।

मृतक के भाई मुकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मकान मालिक टीटू ने कहा था कि उसने बिजली विभाग से शटडाउन ले रखा है और बिजली नहीं आएगी। मकान मालिक की बात मानकर देवदत्त ने काम शुरू किया, तभी अचानक बिजली आने से वह झुलसकर गिर गया।

परिजनों ने मकान मालिक टीटू और बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि 11 हजार वोल्ट की लाइन घरों से सटकर जा रही थी।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी मकान मालिक टीटू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर ट्रक-कंटेनर भिड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां खड़े एक ट्रक से पीछे से आ रहे एक कंटेनर की टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। उनमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

राजस्थान के अलवर निवासी सलीम मंगलवार रात एक कंपनी का सामान छोड़कर मेरठ से हरियाणा की ओर ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से जा रहे थे।

दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक ढाबे पर खाना खाने के लिए वह अपना ट्रक खड़ा करने वाले थे। इसी दौरान मेरठ से पलवल जा रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उनके ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी।

इस घटना में ट्रक ड्राइवर सलीम, कंटेनर चालक रोहित और हेल्पर राजू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद कंटेनर में फंसे रोहित और राजू को बाहर निकाला। तीनों घायलों को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। कंटेनर में सेब भरे हुए थे।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल से गिरा श्रमिक, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नोएडा।** थाना सेक्टर 126 क्षेत्र के सेक्टर 133 स्थित जेपी कंपनी के निर्माणाधीन एक प्रोजेक्ट में काम करते समय एक श्रमिक चौथी मंजिल से नीचे गिर गया। उसे अत्यंत गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सहायक पुलिस आयुक्त प्रवीन कुमार सिंह ने बताया कि सदाकत पुत्र हैदर उम्र 35 वर्ष सेक्टर 133 स्थित जेपी कंपनी के निर्माणाधीन एक प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। मंगलवार देर रात को काम करते समय वह असंतुलित होकर नीचे गिर गए। अत्यंत गंभीर हालत में उन्हें उनके भाई आरिफ ने नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उनकी बुधवार सुबह को मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजन अगर इस मामले में कोई शिकायत करेंगे तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करेगी।

# हैबतपुर के डूब क्षेत्र में चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुल्डोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने हैबतपुर के डूब क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को बुल्डोजर चलाया। प्राधिकरण ने डूब एरिया में बने शिवम एंक्लेव के करीब 10 हजार वर्ग मीटर डूब एरिया पर हुए निर्माण को ध्वस्त कर दिया। अवैध रूप से बने करीब 10 घरों को तोड़ दिया गया। एनजीटी के आदेश पर सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देशानुसार ग्रेनो प्राधिकरण के परियोजना व भूलेख विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की है। लोगों ने हिंडन के किनारे कालोनाइजरों से जमीन लेकर घर बना लिए थे। ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने अतिक्रमण करने वाले को चेतावनी दी है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए बिना अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वह एरिया चाहे डूब क्षेत्र ही क्यों न हो।



एसीईओ ने लोगों से भी अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।

दरअसल, डूब क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने सिंचाई विभाग से कार्रवाई कर रिपोर्ट मांगी थी। प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में होने के नाते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व सिंचाई विभाग ने पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि ग्राम हैबतपुर के खसरा संख्या 180, 181, 184, 194, 195, 196, 198, 199, 201, 202, 206, 211 और 212 की जमीन हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में स्थित है। डूब क्षेत्र होने के बावजूद कालोनाइजर चोरी-छिपे प्लॉटिंग कर रहे हैं। शिवम एंक्लेव के नाम से अवैध कालो. नी बसा रहे थे। दूरदराज से रोजगार की तलाश में आने वाले लोग घर की चाहत में इन कालो. नाइजरों से जमीन खरीद कर निर्माण कर लिए थे। इन लोगों को प्राधिकरण की तरफ से नोटिस भी जारी अतिक्रमण हटाने को कहा गया था, लेकिन कोई असर नहीं पड़ा। एनजीटी के आदेश पर प्राधिकरण के परियोजना विभाग, सिंचाई विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध निर्माण को ढहा दिया गया। इस कार्रवाई में 10 से अधिक निर्मित घर और 15 बाउंड्री वॉल को तोड़ दिया गया। सुबह करीब 7 बजे से कार्रवाई शुरू हुई और दो घंटे तक चली।

इस कार्रवाई में 4 जेसीबी और 3 डंफरों का इस्तेमाल किया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान महाप्रबंधक एके सिंह, ओएसडी राम नयन सिंह, प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर, वरिष्ठ प्रबंधक सीवर विभाग विनोद शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम, प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक रतिक, प्रबंधक अभिषेक सिंह, नितीश कुमार और बिजेंद्र कुशवाहा, सहायक प्रबंधक राजीव मोटला, राम किशन, भूपेंद्र त्यागी सहित पुलिस पुलिस अधिकारी दीक्षा सिंह, पुलिस बल और सिंचाई विभाग की टीम मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# चार दिन से लापता अधेड़ का मिला शव

## जली हुई अवस्था में शव देख लोगों में दहशत, मौके पर पहुंचे सीओ ने की जांच

■ परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** रविवार सुबह लापता हुए अधेड़ का शव बुधवार सुबह तहसील रोड़ स्थित रजवाहें की पटरी पर स्थित निर्माणाधीन मकान में जली हुई हालत में पड़ा हुआ मिला।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है, पुलिस मामले की जानकारी में जुटी हुई है। सरधना नगर के गोमतीनगर मोहल्ला निवासी जमील पुत्र हफीज उम्र करीब 40 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। जो रविवार सुबह घर से टहलने के लिए कहकर निकला था, लेकिन शाम तक घर नही पहुंच सका था। जमील के पुत्र नौशाद ने इस मामले में थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन 3 दिन तक जमील का कोई सुराग हाथ नही लग सका था। बुधवार सुबह तहसील रोड स्थित रजवाहें के पास निर्माणधीन मकान में एक शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली, मौके पर पहुंचे सीओ आशुतोष कुमार व थाना प्रभारी अखिलेश मिश्र मय फोर्स के साथ छानबीन में जुट गए। शव पूरी तरह से जली हुई अवस्था में पड़ा हुआ था, जो देखने में हत्या के बाद जलाने का मामला नजर आ रहा था। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जमील की शिनाख्त उसकी चप्पलों व कपड़ों से की। परिजनों का कहना था कि जमील की हत्या करने के बाद शव की शिनाखत मिटाने के लिए चेहरा जलाया गया। पुलिस ने शव का पंचमाना भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया, पुलिस इस मामले की छानबीन में जुट गई है देर शाम एसपी देहात अभिजीत कुमार ने घटनास्थल को दौरा करते हुए मामले की जानकारी जुटाई। जमील का शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस संबंध में सीओ आशुतोष कुमार का कहना है कि शव बुरी तरह से सड़ी हुई थी, जिसके बारे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## भावनपुर पुलिस ने तमंचे के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** थाना भावनपुर क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अभियान के दौरान ग्राम पचपेडा से ज्ञानपुर जाने वाले मार्ग पर एक युवक को अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए युवक की पहचान महताब पुत्र मूसा निवासी ग्राम पचपेडा, के रूप में हुई है, पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किया है। अधिकारियों के अनुसार, ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## एक दिन की सीओ बनी परी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को थाना सदर बाजार के प्रांगण स्थित सीओ क्षेत्राधिकारी कार्यालय में सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज सदर मेरठ की 12वीं कक्षा की छात्रा परी को एक दिन की सीओ क्षेत्राधिकारी के पद पर नियुक्ति किया गया।

जिसमें फरियादियों की सुनवाई को क्षेत्राधिकारी बनी परी ने सुनवाई की एवं समस्या का समाधान करने को कहा। इस मौके पर स्कूल की ओर से सीमा आचार्य एवं भावना सिंह शिक्षिकायें मौजूद रही। परी ने बताया कि सीओ बनने पर उन्हे बहुत खुशी मिली है और उन्होंने जनता की समस्या भी सुनीं इससे उन्हे पता चला है कि अधिकारी जो सीट पर बैठकर लोगों की समस्या सुनते है उन पर बड़ी जिम्मेदारी रहती है।

# 15 अक्टूबर को सरधना के वार्ड 15 में होगा उप चुनाव

## कई प्रत्याशी मैदान में, वर्तमान सभासद की पत्नी सलमा सितारा के नाम का दिखा शोर

■ चेयरमैन बनने का ख्वाब देखने वाले अब मेंबरी में उतरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर पालिका परिषद सरधना से वार्ड नंबर 15 में हो रहें उपचुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान में हैं यहां पर एक प्रत्याशी ऐसे भी हैं जो सरधना नगर पालिका के अध्यक्ष बनने का ख्वाब देखते रहे, लेकिन उन्हें मायूसी हाथ लगी और मायूसी इतनी हाथ लगी कि अब वह एक वार्ड मेंबर का चुनाव लड़ने पर मजबूर हो गए है। यहां पर तीन प्रत्याशियों में से एक प्रत्याशी सलमा सितारा है जिसके नाम का शोर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि वार्ड नंबर 15 जोगियान में सभासद के आकस्मिक निधन के बाद सीट खाली हो गई थी। जिस पर उपचुनाव के लिए 15 अक्टूबर को वोट डाली जानी है। इस सीट पर वार्ड नंबर 13 से वर्तमान सभासद शहजाद सितारा की पत्नी सलमा सितारा, पूर्व सभासद तराबुदीन अंसारी की पत्नी सायरा व मंजू सैनी चुनाव मैदान में है। इस सीट पर करीब 2200 मतदाता है, जो चुनाव में वोट डालेंगे। वार्ड नंबर 15 का बुधवार को शाह टाइम्स की टीम ने राम तलैया मंदिर के तिराहे पर पहुंचकर जनता संवाद किया- जहां पर मतदाताओं ने अपनी पसंद और वार्ड में चुनाव लड़ रहे हैं प्रत्याशियों की हकीकत को बयां किया और कौन जीतेगा इसको लेकर भी अपनी बात रखी। वार्ड के कुछ लोगों का दावा कि सलमा सितारा के पति ने दूसरे वार्ड में भी भरपूर कार्य किए है। अन्य प्रत्याशी वादें करके जीत जातें है, लेकिन चुनाव बाद गायब हो जाते है, लोगों के दावे से सलमा सितारा की जीत एक तरफा नजर आ रही है।

### चेयरमैन बनने वाले सभासद पद पर उतर आएं

उपचुनाव मैदान में उतरे तराबुदीन अंसारी पूर्व में 2006 से लेकर 2012 तक वार्ड सभासद रह चुके है, और 2012 में खुद चेयरमैन प्रत्याशी के लिए चुनाव लड़े थे, मगर 700 वोटों तक ही सीमित रह रहें थे। 2023 के चुनाव में भी उन्होंने अपने भतीजे आफताब अंसारी को चुनाव लड़वाया, लेकिन बिरादरी का समर्थन मिलने के बाद भी 4200 वोट पर आकर टिक गए। वार्ड वासियों का कहना है कि जो शख्स घर में चेयरमैनी आने का ख्वाब देख रहा है, और सिर्फ सभासद बनने की जुगत में लगा है। इससे यह साबित होता है उनका नगर में ग्राफ गिरा चुका है। और वह नगर में अपना रूतबा कायम करने की जुगत में लगे हैं। हालात यह है कि उपचुनाव में उनकी हालाल खस्ता नजर आ रही, बताया गया है इस वार्ड में 'सीधा मुकाबला सलमा सितारा-मंजू सैनी के बीच देखने को मिल सकता है।

## डिजिटल भुगतान वॉल्यूम एफवाई 25 में 35 प्रतिशत बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहरी भारत में डिजिटल भुगतान वॉल्यूम एफवाई25 में 35 प्रतिशत वृद्धि हुई, जिसका नेतृत्व महिलाओं, युवा पेशेवरों और छोटे शहरों के उपभोक्ताओं ने किया है, जो डिजिटल भुगतान के नए तरीकों को अपना रहे हैं। यह जानकारी आज केरनी इंडिया और अमेजन पे द्वारा जारी हाऊ अर्बन इंडिया पे 2025 रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट इस पर प्रकाश डालती है कि आकांक्षी खरीदार अब डिजिटल लेनदेन को विभिन्न खर्च श्रेणियों में फैला रहे हैं, जहां डिजिटल तरीकों को अब केवल उच्च मूल्य वाले खरीद जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स और परिधान के लिए ही नहीं बल्कि नियमित श्रेणियों जैसे उपयोगिता बिल के लिए भी प्राथमिकता दी जा रही है।

## राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान जोरों पर

■ सदस्यता प्रभारी रणबीर दहिया ने क्षेत्र में घूमकर कई गांवों का किया भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवालखास।** मेरठ के सिवाल खास क्षेत्र में राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान जोरों पर है। सिवालखास सदस्यता प्रभारी रणबीर दहिया ने गांव डालमपुर व जिटोला व लोहरगढ़ में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान गांव-गांव घूम कर रणबीर दहिया ने नए सदस्य बनाएं और लोकदल को मजबूत बनाने की अपील की। ग्राम जाटोली में प्रधान मंगल सैनी के निवास पर एक मीटिंग आयोजित थी जिसकी अध्यक्षता डॉ. देवेंद्र गौतम ने की। वहीं ग्राम लोहरगढ़ में भी एक मीटिंग आयोजित हुई जिसमें रणबीर ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल सभी वर्ग की पार्टी है और सभी वर्ग को साथ लेकर चल रही है। सदस्यता अभियान में डॉ. सुशील कुमार प्रदेश महासचिव, सचिन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# भीषण जाम खुलवाने सड़क पर उतरे सीओ मवाना

## रोजाना की तरह बुधवार को मवाना में मेन रोड पर लगा रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** आए दिन जाम से जूझता मवाना। रोजाना की तरह बुधवार दोपहर मेन रोड पर भीषण जाम लगा और पुलिसकर्मी नदारद मिले। जाम खुलवाने को सीओ मवाना पंकज लवानिया को कमान संभालनी पड़ी। सीओ ने इंस्पेक्टर मवाना की फोन पर ही क्लास लगा दी। सीओ द्वारा जाम खुलवाने के बाद यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला। बुधवार दोपहर नगर की मेन रोड पर भीषण जाम लग गया। वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई और बाइक सवारों को भी निकलने की जगह नहीं मिली। थाना मवाना से लेकर पुलिस चौकी बस स्टैंड तक जाम की स्थिति बन गई। सीओ मवाना पंकज लवानिया भी जाम में फंस गए तो उन्होंने जाम खुलवाने के लिए खुद ही कमान संभाल ली। उन्होंने इंस्पेक्टर मवाना को फोन कर कहा कि पुलिसकर्मी कहां हैं, यहां सड़क पर भयंकर जाम लगा है। सीओ मवाना काफी देर सड़क पर डटे रहे और वाहनों को पास कराया। उसके बाद थाने से पुलिसकर्मी दौड़े और जाम खुलवाया। उसके बाद शाम तक यातायात व्यवस्था सही रही। सीओ मवाना ने कहा कि जाम की समस्या से निपटने के लिए अतिक्रमण को हटाया जाएगा।




## न्यूरो और स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाएं शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को न्यूरो और स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इन ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर एवं हेड डॉ. गौरव बंसल ने किया। डॉ. गौरव प्रत्येक महीने के दूसरे और चौथे बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मैक्स मेडसेंटर में मरीजों की प्राथमिक कंसल्टेशन और फॉलोअप के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. गौरव बंसल ने कहा कि हमारा उद्देश्य मरीजों को मिनिमली इनवेसिव और हाई प्रिसिशन सर्जिकल तकनीकों के माध्यम से सुरक्षित और प्रभावी इलाज प्रदान करना है, जिससे उनकी रिकवरी तेज और परिणाम बेहतर हों।

# सब एरिया के PUPSA ऑफिसर मेस में मनाया गया वायुसेना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सब एरिया के तत्वावधान में PUPSA ऑफिसर मेस में वायुसेना दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मेजर जनरल सुमित राणा, जनरल ऑफिसर कमांडिग, सब एरिया तथा मेजर जनरल, लक्ष्मीकांत मदरेवार, कमांडेंट आरवीसी सेंटर एंड कॉलेज ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और सभी सेवारत एवं भूतपूर्व वायु योद्धाओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आयोजन वायुसेना के पूर्व सैनिकों के परिवारों द्वारा किया गया।



जिसमें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता तथा भारतीय वायुसेना की वीरता और सामर्थ्य पर आधारित एक प्रेरणादायक फिल्म प्रदर्शित की गई। इस आयोजन का समन्वय विंग कमांडर राजीव लोचन, स्क्वाड्रन लीडर अनिल गुप्ता एवं स्क्वाड्रन लीडर क्षितिज कुमार द्वारा किया गया, जिन्होंने इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाने में विशेष भूमिका निभाई। भूतपूर्व सैनिक समुदाय का प्रतिनिधित्व कैप्टन (आई.एन) राकेश शुक्ला (से.नि), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, मेरठ ने किया। उन्होंने सभी वेटरन्स की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब वायु योद्धा समुदाय ने सब एरिया में वायुसेना दिवस का आयोजन किया जो सेवारत एवं भूतपूर्व सैनिकों के बीच अटूट बंधन और पारस्परिक सम्मान का प्रतीक है।

## सर्विलांस सेल ने 217 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर लोगों को सौंपे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एसएसपी डॉ. विपिन ताडा के निर्देश पर नागरिकों के खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये गये है। सर्विलांस सेल ने कुल 217 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन ट्रेस कर तथा अन्य जनपदों से बरामद किये गये, जिन्हें एसएसपी ने बुधवार को उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को प्रदान किये। अपने खोये हुए मोबाईल फोन को प्राप्त कर नागरिकों द्वारा एसएसपी, पुलिस अधीक्षक अपराध व सर्विलांस सेल एवं जनपदीय पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। 217 मोबाइल फोन कि कीमत लगभग 38 लाख रूपये बताई जा रही है।

# किठौर से बसों में सवार होकर रैली के लिए रवाना हुए कार्यकर्ता

■ कांशीराम परिनिर्वाण दिवस: बसपा लखनऊ में करेगी शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम का 19वां परिनिर्वाण दिवस गुरुवार, 9 अक्टूबर को लखनऊ में मनाया जाएगा। इस अवसर पर बसपा कांशीराम स्मारक स्थल पर एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जिसमें लाखों की संख्या में कार्यकर्ताओं के जुटने की उम्मीद है।

पार्टी इस आयोजन के माध्यम से अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरने की तैयारी में है। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब बसपा, जो उत्तर प्रदेश सहित देश की राजनीति में हाशिए पर मानी जा रही थी, एक बार फिर सक्रिय होने की कोशिश कर रही है। इस दिन बसपा सुप्रीमो मायावती लंबे समय बाद एक बड़े सार्वजनिक मंच से अपनी सक्रिय वापसी का संदेश देंगी। साथ ही, पार्टी के युवा चेहरे आकाश आनंद की भी री-लॉन्चिंग की जाएगी। पार्टी का लक्ष्य इस भीड़ के सहारे मिशन-2027 का बिगुल बजाना है। इसी क्रम में, विभिन्न जनपदों से पार्टी पदाधिकारी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को बसों में सवार होकर लखनऊ रैली के लिए रवाना कर रहे हैं। मेरठ जनपद के कस्बा किठौर से बसपा के वरिष्ठ नेता मुनकाद अली के पुत्र और चेयरमैन सलमान मुनकाद ने भी कार्यकर्ताओं से भरी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सलमान मुनकाद ने बताया कि कार्यकर्ता 8 अक्टूबर से ही लखनऊ के रमाबाई मैदान में पहुंचना शुरू कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कार्यकर्ता जाम में न फंसें और समय पर रैली में शामिल हो सकें।



## वाल्मीकि शोभायात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा सूरजकुंड वाल्मीकि बस्ती से निकाली गई। जिसका उद्घाटन नगर आयुक्त सौरभ गंग. वार ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि महापौर हरिकांत अहलूवा. लिया ने पूजा अर्चना की। शोभा यात्रा में कैंट विधायक अमित अग्रवाल, भाजपा नेता कमलदत्त शर्मा, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी मौजूद रहे। यात्रा को सफल बनाने में कैलाश चंदोला, रोहित बालाजी, सुरेंद्र ढींगिया, शिव कुमार नाज, देवानंद चौधरी, भारती, संदीप वेद, अनिल जीनवाल, विजेंद्र लोहरे आदि लोगों का मुख्य योगदान रहा।

### विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति

# निजीकरण की प्रक्रिया हुई तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** निजीकरण की प्रक्रिया तेज होते देख संघर्ष समिति ने नियामक आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखकर वार्ता हेतु समय देने की मांग की। संघर्ष समिति का पक्ष सुने बिना आरएफपी डॉक्यूमेंट पर निर्णय लिया गया तो नियामक आयोग मुख्यालय पर मौन विरोध प्रदर्शन होगा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने निजीकरण की प्रक्रिया तेज होते देख विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार को एक पत्र भेजकर मांग की है कि वह पावर कारपोरेशन द्वारा दिये गए आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा लगाई गई आपत्तियों पर पावर कॉरपोरेशन का जवाब सुनने के पहले विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश को अपना पक्ष रखने के लिए समय दें। संघर्ष समिति ने पत्र में चेता. वनी दी है कि यदि विद्युत नियामक आयोग से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भी संघर्ष समिति के प्रति. निधि मंडल को समय न दिया तो विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उ.प्र के आह्वान पर सैकड़ों बिजली कर्मी विद्युत नियामक आयोग के मुख्यालय पर मौन प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी नियामक आयोग के अध्यक्ष की होगी।

पत्र में कहा गया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से यह विदित हुआ है कि विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष ने ऊर्जा मंत्री, प्रमुख सचिव ऊर्जा और पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम केआरएफपी डॉक्यूमेंट पर नियामक आयोग द्वारा लगाई गई आपत्तियों के संबंध में अलग से चर्चा की है। चर्चा यह भी है कि इस बैठक में यह तय हो गया है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा आपत्तियों पर दिए जाने वाले जवाब पर विद्युत नियामक आयोग ने अपनी सहमति दे दी है जिसके बाद निजीकरण का रास्ता प्रशस्त हो जाएगा। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि यदि यह सही है तो यह बहुत ही गंभीर बात है कि सरकार, प्रबंधन और विद्युत नियामक आयोग के बीच निजीकरण को लेकर मिलीभगत हो गई है। यह केवल निजी घरानों के हाथ बेचने की साजिश है।

# परीक्षा के संबंध में दिए गए निर्देशों का किया जाए अक्षरशः अनुपालनः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) तथा सहायक वन संरक्षकध्क्षेत्रीय अधिकारी वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 के लिए लगाये गये सैक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केन्द्र व्यवस्थापक के साथ बैठक आहूत गई। जिला. धिकारी ने परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने हेतु सभी सैक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने अपर जिलाधिकारी नगर को निर्देशित करते हुये कहा कि परीक्षा से संबंधित समस्त तैयारी समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापको को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रो में पीने का पानी, प्रकाश, जेनरेटर का बैकअप आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्देशिका का अच्छी प्रकार से अध्ययन कर अक्षरशः शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करे। परीक्षा कक्ष में लगे सभी इंवीजिलेटर को ठीक से प्रशिक्षण दिया जाये। परीक्षा की संवेदनशीलता, सुचिता और पारदर्शिता को बनाये रखते हुये परीक्षा को सकुशल संपन्न कराये। किसी भी स्तर पर परीक्षा के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर सभी कर्मी आईकार्ड के साथ रहेंगे।



एसएसपी विपिन ताडा ने ड्यूटी में लगे सभी पुलिस अधिकारियो को परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के अंदर वाहन न खड़ा हो। परीक्षा से पूर्व व परीक्षा के उपरान्त जाम की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस विशेष सर्तकता बरते। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी अवांछित व्यक्ति परीक्षा केन्द्र पर न रहे। उन्होंने बताया कि जनपद में सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) तथा सहायक वन संरक्षकध्क्षेत्रीय अधिकारी वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 12 अक्टूबर 2025 को दो पालियों में संपन्न कराई जायेगी। प्रथम पाली की परीक्षा 09.30 बजे से 11.30 तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 02.30 बजे से 04.30 बजे तक होगी। परीक्षा केन्द्रो व कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा निष्पक्ष व निर्विवादित रूप से सम्पन्न होनी चाहिए। परीक्षा के दौरान मोबाइल, कैलकुलेटर, हाथ घडी, ब्लूटूथ डिवाईस जैसी प्रतिबंधित वस्तुओ पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उन्होने निर्देशित किया कि तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से परीक्षा समाप्ति तक उपस्थित रहकर नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा आयोग के दिशा-निर्देशानुसार संपन्न करायेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह एसपी देहात अभिजीत कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, सैक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

# रॉबिन की गिरफ्तारी में फेल इंस्पेक्टर किठौर और शाहजहांपुर चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

## 27 सितंबर को किठौर के भड़ौली गांव में भाजपा के बीडीसी मेंबर की हुई थी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** किठौर थाना क्षेत्र में हुई भाजपा के बीडीसी मेंबर प्रमोद भड़ाना की हत्या के मामले में आरा. पी रॉबिन गुर्जर को गिरफ्तार करने में नाकाम साबित हुए इंस्पेक्टर किठौर और शाहजहांपुर चौकी इंचार्ज को एसएसपी विपिन ताडा ने बुधवार को लाइन हाजिर कर दिया। इस मामले में अन्य कुछ पुलिसकर्मियों पर भी गाज गिरने की संभावना है।

- **आरोपी ने वकील की ड्रेस पहनकर कोर्ट में कर दिया था सरेंडर**
- **कुछ अन्य पुलिस कर्मियों पर भी गाज गिरने की संभावना**

बताते चलें कि बीती 27 सितंबर को किठौर थाना क्षेत्र के भड़ौली गांव में भाजपा बीडीसी मेंबर प्रमोद भड़ाना की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी रॉबिन गुर्जर ने दहशत फैलाते हुए प्रधान पति की कार और घर पर भी गोलियां बरसाई थीं। इस मामले में डीआईजी कलानिधि नैथानी ने आरोपी रॉबिन गुर्जर पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस की कई टीमें रॉबिन की तलाश में जुटी थीं। मगर, पुलिस को चकमा देकर 50 हजारी रॉबिन गुर्जर वकील की ड्रेस में कचहरी पहुंचा और सरेंडर कर दिया। वहीं बीते शुक्रवार को कस्बा शाहजहांपुर में एक नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ व मारपीट का वीडियो प्रसारित हुआ था। जिसके चलते थाना पुलिस की काफी फजीहत हुई। इस मामले में एसएसपी विपिन ताडा ने कड़ी कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर किठौर बृजेश पांडे और शाहजहांपुर चौकी इंचार्ज देवेंद्र गौतम को लाइन हाजिर कर दिया है। चर्चा है कि कई अन्य पुलिसकर्मियों पर भी लापरवाही को लेकर गाज गिर सकती है।



इंस्पेक्टर किठौर बृजेश पांडे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ करना पड़ा भारी, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मिशन शक्ति के तहत डीआईजी कलानिधी नैथानी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए थाना प्रभारियों के साथ एक मीटिंग की जिसमें कहा कि मिशन शक्ति की टीम महिलाओं के प्रति उनकी जानकारी ब्लॉक स्तर दी जाएं। बता दें कि जानी थाना पुलिस भी मिशन शक्ति टीम की जानकारी हर गांव हर ग्राम पंचायत में दे रही है जिसका एक्शन भी दिखाई दे रहा है। बुधवार को एक मामला सामने आया जिसमें थाना क्षेत्र के एक गांव में एक आरोपी ने नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ कर दी। सूचना पर पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान भूरा पुत्र प्रेमराज निवाीस बसा टीकरी के रूप में हुई है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार भूरा काफी दिनों से लड़की को परेशान कर रहा था। लड़की ने वूमेन पावर का इस्तेमाल किया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने आरोपी को चालान कर दिया है।




# इकबाल मलिक बने राष्ट्रीय लोकदल न्याय मंच के जिलाध्यक्ष

### सांसद राजकुमार सांगवान व विधायक गुलाम मोहम्मद ने दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** बुधवार को राष्ट्रीय लो. कदल सामाजिक न्याय मंच की प्रदेश अध्यक्ष संगीता दोहरे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के निर्देशानुसार व प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के अनुमोदन पर प्रदेश में जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष घोषित किए। इसी कढ़ी में संगीता दोहरे ने कस्बा लावड़ निवासी समाजसेवी व रालोद के मेहनती कार्यकर्ता व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रहे डॉ. इकबाल मलिक को रालोद सामाजिक न्याय मंच का मेरठ जिला अध्यक्ष घोषित किया। बताया जाता है कि पार्टी के प्रति उनकी



मेहनत और लगन को देखते हुए उन्हें ये महत्वपूर्ण पद सौंपा गया है। उनके मनोनय होने पर काफी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी। इस दौरान इकबाल मलिक ने कहा कि पार्टी के द्वारा जो विश्वास जताकर उन्हें जिलाध्यक्ष का पद सौंपा गया है वह पूरी ईमानदारी के साथ उसका निर्वहन करेंगे और भारत रत्न एवं पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह जी की रीति ओर नीति को आगे बढ़ाने के साथ-साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. अजीत सिंह के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़, सांसद राजकुमार सांगवान,विधायक गुलाम मोहम्मद, आतिर रिजवी, प्रतीक जैन, कुलदीप उज्ज्वल, गौरव जिटौली, नरेंद्र खजुरी, संगीता दोहरे, शबाब आलम, इरशाद रिजवी आदि ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## वी ने व्यापक एआई पावर्ड पहल वी प्रोटेक्ट की घोषणा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने बुधवार को व्यापक एआई-पावर्ड पहल वी प्रोटेक्ट की घोषणा की है, जो वी के उपभोक्ताओं, नेटवर्क एवं उद्यमों के लिए सुरक्षा को सुनश्चित करती है, उन्हें आज के दौर में तेजी से बढ़ रहे स्पैम, घोटालों एवं साइबर हमलों से सुरक्षा प्रदान करती है। इस पहल के तहत वी ने इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस (आईएमसी) 2025 में दो शक्तिशाली उपाय पेश किए हैं। एआई पर आधारित वॉइस स्पैम डिटेक्शन सिस्टम तथा इसके कोर नेटवर्क के लिए एआई-उन्मुख नेटवर्क डीफेंस एवं इंसीडेन्ट रिस्पॉन्स। वी प्रोटेक्ट पर बात करते हुए जगबीर सिंह, चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, वी ने कहा कि वी आधुनिक एआई एवं सक्रिय उपायों का उपयोग कर सुरक्षित एवं नेटवर्क को सशक्त बनाता है।

# सपा कार्यालय पर जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जेल रोड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुधवार को जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस मौके पर पार्टी की महिला सभा, लोहिया वाहिनी, किन्नर सभा और व्यापार सभा की संयुक्त मासिक बैठक भी हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने की और संचालन चौधरी निरंजन सिंह ने किया। कार्यक्रम में नेताओं ने जयप्रकाश नारायण के जीवन और समाज के लिए उनके योगदान को याद किया। जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने कार्यकर्ताओं से बी. एल.ए. और बूथ कमेटियों को मजबूत बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना जरूरी है। इस दौरान महिला सभा की जिला अध्यक्ष मृदुला यादव, महानगर अध्यक्ष नजमा अब्बासी, शशिकांत



गौतम, मुशीर, किन्नर सभा जिला अध्यक्ष मुन्नी, हिमांशु सिद्धार्थ, एहतेशाम इलाही आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।

## मकान की छत पर खड़े युवक ने पड़ोसियों पर फायर करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की शाम दो तीन युवकों ने पड़ोसी युवक पर गाली गलौच करते हुए फायर झोंक दिया जिससे युवक बाल बाल बच गया। हालांकि दूसरे पक्ष ने भी तहरीर देते हुए मारपीट का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दौराला थाना क्षेत्र के लोइया गांव निवासी अतीक पुत्र सदरुद्दीन ने मंगलवार की देर रात थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि उसका बेटा शाम को अपने मकान की छत पर खड़ा था तभी पड़ोस के रहने वाले दो तीन युवक भी छत पर खड़े हुए थे उन्होंने आरोप लगाया कि युवकों ने उसके बेटे के साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर झोंक दिया। जिससे उनका बेटा उजैफ बाल बाल बच गया। आरोप है कि युवकों ने ऊजैफ को पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद उजैफ के पिता ने सहल पुत्र शाहरुख उर्फ फाबू, सैफुल्लाह पुत्र इसरार,रिहान पुत्र निसार सहित दो अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। बताया जाता है कि दूसरे पक्ष ने भी थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए मारपीट का आरोप लगाया है।

वहीं जब इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी दौराला सुमन सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि लोइया गांव में बच्चों के बीच कहासुनी हुई थी जिसके बाद दोनों पक्षों के परिजनों के बीच मारपीट हुई थी और एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी थी। दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में लेकर 151 की कार्यवाही की गई है।

# वातावरण को शुद्ध बनाने के लिए पूर्व मेजर जनरल ने बैंकरमैन टेक्नोलॉजी की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें बैंकरमैन टैक्नोलॉजी विषय पर आधारित एक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी, प्रधानाचार्य जिया जैदी तथा रिटायर्ड मेजर जनरल डॉ. श्रीपाल द्वारा दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ किया गया। जगदीश त्यागी ने मेजर डाक्टर श्रीपाल का विद्यालय में भव्य स्वागत किया और अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। इसका संरक्षण ही आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। हमें हर स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल डाक्टर श्रीपाल ने बैंकरमैन




टैक्नोलॉजी विषय पर अपनी अत्यंत ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार उन्होंने वातावरण को शुद्ध करने हेतु अनेक नई-नई तकनीकों का आविष्कार किया है। जिनका उपयोग आज न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी किया जा रहा है। उन्होंने प्रोजेक्टर प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी कि इन आधुनिक तकनीकों के द्वारा हम वायु प्रदूषण जैसी गंभीर समस्या का समाधान किस प्रकार कर सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सशक्त करते हैं। विद्यालय सदैव ऐसे शैक्षिक आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की समस्याओं से अवगत कराने का प्रयास करता रहेगा। विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं प्रबंधन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने मेजर जनरल डाक्टर श्रीपाल सिंह से अनेक नवीन जानकारियां प्राप्त कीं और तकनीकी नवाचारों के प्रति गहरी रुचि प्रदर्शित की। यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक रहा। बल्कि विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति गहरी जागरूकता भी उत्पन्न हुई। पूर्व मेजर डॉक्टर श्रीपाल ने कहा कि यह टेक्नोलॉजी देश में फैल रही रासायनिक हवाओं से बचाएगी और पर्यावरण को स्वच्छ रखेगी।

## लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के श्याम नगर में दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के श्याम नगर स्थित बाबर वाली गली में दो पक्षों के बीच मारपीट व महिलाओं से बदसलूकी का मामला सामने आया है। पीड़ित आसिफ पुत्र स्व. रियाजुद्दीन ने थाना लिसाड़ी गेट में तहरीर देकर पांच भाइयों सादाब, शाहिल, शाहबाज, आमिर, मोनू पुत्रगण असरफ और उनकी मां समीम पर आरोप लगाया है कि पिछले तीन दिनों से ये लोग उसके परिवार से झगड़ा कर रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि 7 अक्टूबर की सुबह उसका छोटा भाई अनस दुकान खोलने जा रहा था, तभी उक्त लोगों ने मिलकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया और बुरी तरह पीटा। बचाने आए बड़े भाई आरिफ को भी मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों घायलों का मेडिकल कराया गया और आरिफ ने थाने में

- **महिलाओं से बदसलूकी का आरोप**

तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की, जिसके बाद पुलिस ने शादाब को हिरासत में लिया था। पीड़ित के अनुसार 8 अक्टूबर की सुबह जमानत पर छूटकर आए सादाब ने अपने भाइयों के साथ मिलकर उनके घर में घुसकर महिलाओं के साथ गाली-गलौच व बदसलूकी की और मारपीट की। उस समय घर में कोई पुरुष मौजूद नहीं था। पीड़ित आसिफ ने आरोप लगाया कि शादाब अब भी लड़कों को इकट्ठा कर रहा है और उसे तथा परिवार को जान का खतरा है। उसने एक युवती रुकसार पर भी आरोप लगाया है कि वह खुद को पत्रकार बताकर समझौते के नाम पर 50 हजार रु. मांग रही है।

# पिल्लोखड़ी पुल पर अवैध मुर्गा मंडी बन रही जाम का कारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र की पिल्लोखड़ी चौकी के पास 100 मीटर की दूरी पर सुबह सवेरे अवैध मुर्गा मंडी लगती है। बिना अनुमति के बीच सड़क पर अवैध रूप से चल रही है मुर्गा मंडी के कारण पिल्लोखड़ी पुल पर रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं सुबह सवेरे स्कूल के बच्चों का निकलना रहता है। बदबू के कारण लोगों का आना जाना भी मुश्किल हो गया है। आस पास के लोगों का कहना है कि पुलिस से शिकायत के बाद भी अवैध तरीके से मुर्गा मंडी बीच सड़क पर लगती है जिस कारण रोजाना जाम स्थिति बनी रहती है।



## कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यूनाइटेड बहुजन मोर्चा एवं डी.एस.-4 के संयुक्त तत्वावधान में 9 अक्टूबर को बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन देवलोक मंडप, कूकड़ा मंडी चौराहा, मुजफ्फरनगर में होगा।

कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली और मेरठ से भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने की उम्मीद है। मेरठ से भी बसों व निजी वाहनों के जरिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य बहुजन समाज में एकता स्थापित कर कांशीराम जी के सपनों को साकार करना, दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्गों को शासन-सत्ता में समानुपातिक भागीदारी दिलाने

- **यूनाइटेड बहुजन मोर्चा व डी.एस.-4 के संयुक्त तत्वावधान में मुजफ्फरनगर में होगा आयोजन**

और वंचित वर्गों को संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा के साथ स्वाभिमानी व सम्पन्न बनाने का संकल्प दोहराना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी. आर.पी. सिंह 'अम्बेडकर' होंगे। वे दलित, पिछड़ों व अन्य वंचित वर्गों के आरक्षण, शिक्षा व रोजगार के अधिकारों तथा सेना व हायर ज्यूडिशियरी में आरक्षण की मांग को लेकर पिछले 15 वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि यह कार्यक्रम बहुजन समाज की एकता व अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा देगा।

# दौराला में पोषण पंचायत का आयोजन

### महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला व ब्लॉक प्रमुख शर्मिष्ठा हुई शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण पंचायत के कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को ब्लॉक सभागार में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला व दौराला ब्लॉक प्रमुख शर्मिष्ठा भंडारी ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा चलाई गई



योजनाओं के बारे में मुख्य अतिथियों ने मातृशक्ति, आंगनबाड़ी, आशा समूह की बेटियों से भी संवाद किया गया जिसमें सभी मातृ शक्तियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ साथ उनकी आत्म रक्षा ओर उनके अधिकारों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। ब्लॉक प्रमुख शर्मिष्ठा भंडारी व उनके पति ऋषिपाल भंडारी ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम का आयोजन बाल विकास परियोजना के द्वारा किया गया। इस दौरान मीनाक्षी भराला, शर्मिष्ठा भंडारी के अलावा डीपीओ स्वास्थ्य विभाग मेरठ व महिला पुलिस अधिकारी सहित समस्त दौराला ब्लॉक स्टाफ मौजूद रहा।

# सुभारती विवि में नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास और सामाजिक चेतना पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्व. विद्यालय में हाल ही में शिक्षा, नवाचार, कौशल विकास और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कई उल्लेखनीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों ने विश्वविद्यालय की उस दृष्टि को और सशक्त किया, जो शिक्षा को आत्मनिर्भरता, अनुसंधान, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों के साथ जोड़ती है।

विश्वविद्यालय के सत्यजीत रे सभागार में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का विषय था 'नवाचार को प्रज्वलित करना: विचार से प्रभाव तक।' इसे स्टार्टअप समिति एवं सुभारती अनुसंधान और इनक्यूबेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन




से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा, डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल (डॉ.) जी. के. थपलियाल, डॉ. मनोज कपिल (संकायाध्यक्ष, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी) और डॉ. पिंटू मिश्रा (डीन, फैशन एवं फाइन आर्ट्स) ने सहभागिता की। चेयरमैन डॉ. विश्वास मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

वहीं दूसरी ओर रानी लक्ष्मीबाई ऑडिटोरियम में योग और प्राकृतिक चिकित्सा में अनुसंधान पद्धति, वैज्ञानिक लेखन और बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) पी. के. शर्मा (कुलपति) ने की, जबकि डॉ. राघवेंद्र राव (निदेशक, सीसीआरवाईएन) और डॉ. राजेश सिंह (कार्यकारी निदेशक, इनिगमा) मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान अनुसंधान डिजाइन, नैतिकता, एवं बौद्धिक संपदा अधिकार पर विचार साझा किए गए। तीसरे प्रमुख आयोजन में विश्वविद्यालय के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में क्रिएटिव मल्टीमीडिया स्किल डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय सेमिनार के रूप में हुआ। इसी क्रम में सामाजिक चेतना और जन-जागरण की दिशा में विवि के कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण पर एक आउटरीच एक्टिविटी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समाज में महिलाओं के अधिकार, समानता, शिक्षा एवं नेतृत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भौला गांव, मेरठ में एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इन सभी आयोजन ने यह सिद्ध किया कि स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि एक ऐसा प्रेरक मंच है जहां नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास और सामाजिक चेतना एक साथ विकसित हो रहे हैं।

## जानी पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मिशन शक्ति तहत की टीम द्वारा महिलाओं को उनका सम्मान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही इस मिशन शक्ति टीम के तहत दिया जा रहा है। ऐसा ही मामला चार दिन पहले जानी थाना क्षेत्र में आया कस्बा सरूरपुर निवासी एक महिला ने जानी थाने में अपने भाई ताजिम पुत्र नवाब अली निवासी खिड़की ने जाने थाने में तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया। महिला ने बताया कि की खेड़की मुजक्कीपुर थाना जानी निवासी एक व्यक्ति उसके घर में घुसा और कार में डालकर ले गया और उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया और उसके सोने के आभूषण भी ले गया। महिला को जान से मारने की धमकी

- **सोने के आभूषण किए बरामद**

दी कि अगर किसी को बताया तो वह उसकी जान से मार देगा। पुलिस ने मिशन शक्ति टीम द्वारा इसकी जांच पड़ताल की गई। घटना सही पाई गई। बुधवार को हल्का इंचार्ज आलोक कुमार व मिशन टीम शक्ति के इंचार्ज सुजीत कुमार मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कलंजरी जाने वाले रास्ते पर घूम रहा है। तभी पुलिस ने घेराबंदी करके आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान जिया उल हक पुत्र जफर निवासी ग्राम खेतकी मुजक्कीपुर थाना जानी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया।

# सीडीओ ने अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने निर्माणाधीन कार्य को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मुख्य विकास अधिकारी ने अटल आवासीय विद्यालय पीपली का औचक निरीक्षण किया। इस बीच आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी अटल आवासीय विद्यालय में पहुंची। उन्होंने सबसे पहले कंस्ट्रक्शन कार्य देखें जो अधूरे पाए गए तो उन्हें जल्द ही पूरा करने के निर्देश दिए। अटल आवासीय विद्यालय में ग्राउंड पूरा तैयार नहीं था, निर्देश देकर कहा कि जल्द ही इस कार्य को पूरा किया जाए। अनेकों जगह पाइपलाइन लीक हो रही थी लिहाजा उसको देखकर जल्द ही ठीक करने के निर्देश दिए। बाथरूम को भी चेक किया गया। जहां पानी लीकेज की समस्या थी उसे दूर करने को कहा गया। इसके अलावा वह गर्ल्स और बॉयस के हॉस्टल में भी पहुंची जहां उन्होंने रहने और सोने आदि की व्यवस्था को दिखा। इसके बाद वह क्लास रूम में पहुंची। जहां छात्राओं से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और उनसे सवाल जवाब भी किया। साथ ही एसडीएम विनय कुमार सिंह को निर्देश देकर कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी हर सप्ताह यहां पर छात्राओं का चेकअप भी करें। इसके अलावा आवश्यक रूप से आयरन की टेबलेट भी उन्हें वितरित करें। वह मेस में पहुंची और खाने को चेक किया, कच्चा खाना जैसे दूध, पनीर आदि को चेक किया गया। इसके अलावा मेस में बन रहे खाना जैसे दाल चावल सब्जी को चेक करके देखा गया। एसडीएम बिलारी को निर्देश देकर कहा कि यहां पर सिक्योरिटी के तौर पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाए ताकि सिक्योरिटी दुरुस्त रहे। आवश्यक दिशा निर्देश देकर कहा कि समय-समय पर कॉलेज में पहुंचकर बच्चों का स्वास्थ्य आदि भी जाने और उनकी समस्याओं को भी जाने, क्लास रूम में बच्चों की पढ़ाई की स्थिति को देखा बच्चों से सवाल जवाब भी किए। उन्होंने जवाब भी दिया। इस मौके पर अटल आवास योजना के प्रिंसिपल ने उनका स्वागत किया और विद्यालय की बारीकियां भी बताई।



# सड़क निर्माण में चल रही ढील के चलते ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे लोग

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** आखिर जिसका डर था वही हो गया सड़क चौड़ीकरण में चल रही ढील के चलते सड़क किनारे खड़ा ट्रक पलट गया जिसमें एक रिक्शा दब गई, गनीमत रही की कोई गंभीर हादसा नहीं हो पाया लोगों ने सड़क चौड़ीकरण में तेजी लाए जाने की मांग की है। बतादे की सहसपुर से छजलैट तक सड़क के चौड़ीकरण का काम चल रहा है। कुछ दिन से इस काम में हुई ढील के कारण नगर में सड़क का चौड़ीकरण पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण कर रहे ठेकेदार की ढील के चलते जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं लोगों ने इस मामले की एसडीएम से शिकायत कर दुर्घटना की आशंका जताई थी और सड़क निर्माण जल्द कराए जाने की मांग की थी। उन्होंने विभाग को पत्र भी लिखा लेकिन इसके बावजूद भी सड़क निर्माण में तेजी नहीं आई रात को एक ट्रक सड़क किनारे खड़ा हुआ अचानक नीचे धंस गया और देखते ही देखते पलट गया बताया गया कि वहां खड़ी एक ई रिक्शा भी ट्रक की चपेट में आ गई गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई इसका पता लगते ही ठेकेदार ने सुबह ही थाने के सामने खुदे हुए एक बड़े गड्ढे को तो बंद करा दिया लेकिन निर्माण कार्य में कोई तेजी दिखाई नहीं दिखाई दी।



नगर के लोगों ने सड़क के चौड़ीकरण का काम कस्बे के अंदर तुरंत कराए जाने की मांग उठाई है।

# दीनदयाल नगर में खत्री चैरिटेबल फिजियोथेरेपी सेंटर का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** खत्री सभा रजि. मुरादाबाद द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में एक और सराहनीय कदम उठाते हुए कांठ रोड स्थित दीनदयाल नगर फेस-2 में खत्री चैरिटेबल फिजियोथेरेपी सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया। यह सेंटर मुरादाबाद चौरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर तथा एशियन विवेकानंद सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से स्थापित किया गया है।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ईपीसीएच के चेयरमैन डॉ. नीरज विनोद खन्ना, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह और पीएमएस स्कूल के फाइनेंस ट्रस्टी मनोज आहूजा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मुख्य अतिथि डॉ. नीरज विनोद खन्ना ने कहा कि खत्री सभा द्वारा समाजहित में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने का यह कदम अत्यंत सराहनीय है। जो नि:स्वार्थ सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम में खत्री सभा के संरक्षक योगेंद्र स्वरूप खन्ना, महासचिव कमल अरोड़ा, कोषाध्यक्ष दीपक कपूर, सह सचिव शरद कपूर समेत महानगर के कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# स्वर्णकार समाज ने मनाया महाराज अजमीढ़ जी का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर के देहरी गांव स्थित प्रिंस सेलिब्रेशन में ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज द्वारा समाज के आदि पुरुष महाराज अजमीढ़ जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा-भाव से मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोग, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री के पी.आर.ओ. गंगा राम राजभर, जिलाध्यक्ष एवं मंत्री प्रतिनिधि रवि चौधरी तथा जिला. उपाध्यक्ष आशु सिक्का उपस्थित रहे।कार्यक्रम में समाज की एकता, संगठन और शिक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष रवि चौधरी ने मंच से आग्रह किया कि मुरादाबाद नगर के एक प्रमुख चौराहे का नाम "महाराज अजमीढ़ जी" के नाम पर रखा जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ समाज के इतिहास और अपने आदि पुरुषों के योगदान से प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि यह कदम समाज की पहचान और गौरव को नई ऊंचाई देगा।मेयर विनोद अग्रवाल से इस प्रस्ताव पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए संगठन की मजबूती, शिक्षा में अग्रणी भूमिका और सामाजिक एकजुटता आवश्यक है। सभी ने समाज के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।



## एक नजर

### यप स्टार परिवार हुआ सम्मानित

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** यप स्टार परिवार एवं यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब के सदस्यों एव संस्थापक अध्यक्षा नेहा मेहरोत्रा को वेव मॉल में आयोजित समान समारोह में उत्कर्ष सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रसर होने के लिए सम्मानित किया गया। संस्थापक अध्यक्षा नेहा मेहरोत्रा ने सम्मान प्राप्त करने के बाद ईश्वर को प्रणाम करते हुए आशीर्वाद मांगा और कहा कि ग्रुप ऐसे ही समाज सेवा में नए से नए परचम लहराया करे।नेहा मेहरोत्रा ने आयोजकों और क्लब सदस्यों का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया और कहा कि बिना टीम के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम यप मुरादाबाद का हिस्सा हैं।यह समारोह वेव मॉल में आयोजित किया गया था, जहां यप स्टार परिवार और यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब के सदस्यों को उत्कर्ष सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रसर रहने के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में नेहा मेहरोत्रा, संजना भटनागर, उमा प्रीति दिव्या, शालिनी, वीनू आहूजा, कविता, कीर्ति, राशि, शोभना, दीप्ति, चांदनी, अनामिका, अमृता, सोनिया, एकता, नीतू, मेघा, भावना, रविंदर, प्रियंका, मानसी, सिमरन, दीपाली, स्वाति, अपूर्वा, रूपम, स्नेहा आदि मौजूद रहे।

### ऑफलाइन स्थानांतरण सूची के आश्वासन पर शिक्षकों ने खत्म किया धरना

**चन्दौसी।** ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग को लेकर गांधी पार्क में चल रहा प्रदेश के अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का धरना सोमवार को समाप्त हो गया। धरना खत्म होने के बाद शिक्षक अपने-अपने घर लौट गए। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें दीवाली के आसपास ऑफलाइन स्थानांतरण सूची जारी होने का आश्वासन मिला है। प्रदेश भर के अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक पिछले कई दिनों से माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक के. के. बिश्नोई के हस्तक्षेप के बाद 1 अक्टूबर की शाम धरना गांधी पार्क में स्थानांतरित कर दिया गया था। इस दौरान राज्यमंत्री गुलाब देवी के एक बयान में शिक्षकों को विपक्ष के अराजक तत्व कहे जाने से नाराजगी फैल गई थी। इसके बाद शिक्षकों ने 7 अक्टूबर को महापंचायत बुलाने की घोषणा कर दी। स्थिति को संभालने के लिए 6 अक्टूबर को एसडीएम और सीओ ने शिक्षकों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की राज्यमंत्री से वार्ता कराई। वार्ता में मंत्री ने आश्वासन दिया कि दीवाली से चार दिन पहले या चार दिन बाद तक ऑफलाइन स्थानांतरण सूची जारी कर दी जाएगी। इस आश्वासन के बाद शिक्षकों ने धरना समाप्त कर दिया। ऑफलाइन स्थानांतरण संघर्ष समिति के अध्यक्ष शुभेन्द्र शरण त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को वह अपने गांव नीबी गहरवार, मिर्जापुर पहुंचे और परिवार के साथ समय बिताया। उन्होंने कहा कि राज्यमंत्री के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया है, लेकिन यदि मांग पूरी नहीं होती है तो दीवाली के दस दिन बाद से पुन: धरना शुरू किया जाएगा।



### करवाचौथ पर महिलाओं के लिए भव्य प्रदर्शनी का आयोजन

**चन्दौसी।** करवाचौथ के अवसर पर नगर में मुरादाबाद की संस्था सांई प्रबंधन ड्रीम बाजार के सौजन्य से भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में महिलाओं के सौंदर्य प्रसाधन, कॉस्मेटिक उत्पादों और रेडीमेड वस्त्रों सहित विभिन्न आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिन्हें देखने और खरीदारी करने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस प्रदर्शनी में मुरादाबाद, बरेली, अमरोहा और बदायूं सहित कई जिलों के स्टॉल लगाए गए हैं। रेडीमेड सूट और साडिय्यों के स्टॉल लगाने वाली हिमांशी वार्ष्णेय ने बताया कि प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में महिलाएं आकर खरीदारी कर रही हैं। सांई प्रबंधन संस्था की संचालक रचना गुप्ता ने बताया कि संस्था समय-समय पर विभिन्न शहरों में प्रदर्शनी लगाकर महिलाओं को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराती है। उन्होंने कहा कि करवाचौथ के मौके पर यह प्रदर्शनी महिलाओं के बीच उत्साह और खरीदारी का विशेष केंद्र बनी हुई है।



# एस.एम. इंटर कॉलेज में हुआ 12वां जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंगलवार को एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी में 12वें जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने दीप प्रज्वलित करके एवं ध्वजारोहण करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने की। आयोजन को सफल बनाने में संयोजक (बालक) दयाशंकर और संयोजिका (बालिका) अंजू गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला क्रीड़ा सचिव सचिन शर्मा और जिला क्रीड़ा सहसचिव संजीव कुमार भी कार्यक्रम में सक्रिय रहे। इस अवसर पर एस.एम. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, राजकीय इंटर कॉलेज बेरनी के प्रधानाचार्य, एफ.आर. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वसीमउद्दीन सहित कई अन्य प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे। अनुशासन समिति में योगेश बाबू, मंच संचालन में ए.के. सिंह, लेखा समिति के प्रभारी (बालक) मनोज कुमार, (बालिका वर्ग) गणेश सिंह, प्राथमिक चिकित्सा के प्रभारी नेमचंद और मीडिया समिति में मनोज कुमार प्रभारी एवं आकाश शर्मा ने कार्यक्रम को सुचारु रूप से संपन्न कराया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। श्री अक्रूर जी कन्या इंटर कॉलेज द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। रामप्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत से अतिथियों का अभिनंदन किया। हीरा देवी कन्या इंटर कॉलेज बहजोई ने मनमोहक देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया जिसके उपरांत श्रीसनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज चंदौसी द्वारा लोकनृत्य किया गया। बी.एम.जी. कन्या इंटर कॉलेज चंदौसी ने धार्मिक पृष्ठभूमि पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त अनिल कपूर, जिला बेसिक क्रीड़ा सचिव के नेतृत्व में छात्राओं ने शानदार पी.टी. का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद खेल प्रतियोगिताओं का दौर शुरू हुआ। इसमें मसाला दौड़ और 800 मीटर दौड़ (बालक एवं बालि. का) का आयोजन किया गया।दौड़ प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग 800 मीटर दौड़ (बालिका) में प्रथम स्थान स्वाति (संकुल सरस्वती उत्तर माध्यमिक विद्यालय बबराला), द्वितीय स्थान वंदना (संकुल किसान उपकारक इंटर कॉलेज भवालपुर), तृतीय स्थान शांति (संकुल सिपाही लाल इ. का. राजपुरा), 600 मीटर दौड़ सब जूनियर (बालिका) में प्रथम स्थानरू काजल (सरस्वती उत्तर माध्यमिक विद्यालय बबराला), द्वितीय स्थान संजना (किसान उपकारक इंटर कॉलेज भवालपुर), तृतीय स्थान राखी (जनता इंटर कॉलेज जुनवाई) ने प्राप्त किया।

समारोह में खिलाडिघ्यों के उत्साह और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को एक नई ऊर्जा प्रदान की। शेष प्रतियोगिताएं आज संपन्न कराई जाएगी।





## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त बनाने को लेकर बैठक

**मुरादाबाद।** शहरी क्षेत्र में सक्रिय स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के आर्थिक रूप से सशक्ति करण के दृष्टिगत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान स्थानीय स्तर पर तैयार कराए गए उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करके हस्तशिल्पियों और कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के संबंध में शासन स्तर से निर्देश हैं। शहरी क्षेत्र में दिए, झालर, मोमबत्ती, अगरबत्ती आदि तैयार करने वाले स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न कार्यालय परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्टॉल स्थापित करने का अवसर दिया जाएगा ताकि यह समूह अपने उत्पादों की बिक्री कर सके तथा आर्थिक दृष्टिकोण से सशक्त बन सके। बैठक में एसडीएम सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ ही चिन्हित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भी मौजूद रहीं।

# एसएमएस में विज्ञान प्रदर्शनी और प्रतिभा मेले में एमएलसी ने बच्चों के मॉडल को सराहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** एसएमएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी व प्रतिभा मेले का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने सुंदर मॉडल भी बनाए।

इस मौके पर विधान परिषद सदस्य व भूतपूर्व खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री गोपाल अंजान ने बच्चों के मॉडल को देखा और उन्हें सराहा। बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाए थे। बुधवार को आयोजित प्रतिभा मेले में कक्षा 1 से 8 तथा कक्षा 12 के कॉमर्स के छात्राओं ने सुंदर मॉडल भी तैयार किए। कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में साइंस के अनेकों मॉडल बनाएं। प्रदर्शनी के दौरान बच्चों ने साइंस से संबंधित अनेकों मॉडल तैयार किए, जिसमें बच्चों ने किडनी मॉडल,आंख का मॉडल, इसरो चंद्रयान, वोल्कानो, सोलर पैनल, आदि के मॉडल तैयार किए। एमएलसी गोपाल अंजान ने बच्चों की प्रतिभा को देखा उसके बाद बेहतर मॉडल का चुनाव करके बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज, निदेशक डॉ अभिषेक भारद्वाज, प्रधानाचार्य सुहासिनी सिंह, उप प्रधानाचार्य रामचंद्र शर्मा के अलावा भारी तादाद में स्टाफ भी मौजूद रहा।

# मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने चलाया महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत मंगलवार को जनपद सम्भल में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों तथा महिला पुलिस कर्मियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चौपालों, स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस कर्मियों ने पम्पलेट वितरित कर विभिन्न सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम स्वानिधि योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि के बारे में बताया। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 इत्यादि की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य है महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक सुरक्षित, सशक्त और सम्मानजनक वातावरण का निर्माण करना ताकि वे आत्मविश्वास के साथ समाज में आगे बढ़ सकें।







शाह टाइम्स
सम्पादकीय
गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025

# यह स्मार्ट तरीका नहीं

हालांकि राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने उनसे मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछी। श्रीमती अंगमो की यह मुलाकात उच्चतम न्यायालय के श्री वांगचुक की तत्काल रिहाई की मांग वाली उनकी याचिका पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन को नोटिस जारी करने के एक दिन बाद हुई। इस मुलाकात के दौरान उनके साथ वकील रीतम खरे भी थे, लेकिन इसी बीच जानकारों ने कहा कि सुशासन और लोकतंत्र का आधार यह है कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मसलों के हल के लिए पर्याप्त लचीलापन और साधन प्रदान करता है। शासन में ज्यादा स्वायत्तता की वैध मांग के रूप में शुरू हुई समस्या से निपटने का स्मार्ट तरीका यह नहीं है कि शांतिपूर्ण ढंग से असहमति दिखानेवालों की एहतियाती हिरासत की इजाजत देने वाले कानूनों का दुरुपयोग किया जाए, बल्कि यह है कि इसके निवारण का रास्ता खोजा जाए। इसका यह मतलब नहीं है कि लद्दाख में राज्य के दर्जे और छठवीं अनुसूची के लिए प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और आगजनी में संलिप्त रहे लोगों को कानून से बच निकलने दिया जाए। इसके बावजूद, इन प्रदर्शनों की प्रतिक्रिया में जलवायु एक्टिविस्ट और समाज सुधारक सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत गलत है। वांगचुक लद्दाख की वैध लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के निरंतर और शांतिपूर्ण पैरोकार रहे हैं। पूरे लेह और कारगिल जिलों, साथ ही तमाम धार्मिक, जातीय (एथनिक) और राजनीतिक पहचानों ने इन आकांक्षाओं के साथ जुड़ाव दिखाया है। लद्दाख की पर्यावरणीय और आजी. विका–संबंधी चिंताओं से निपटने की खातिर विधायिका के लिए सतत आंदोलन के साथ, उनके द्वारा अहिंसक असहमति का सहारा लेना, आजादी के आंदोलन के दौरान और उसके बाद स्थापित भारतीय राजनीति के ऐतिहासिक मिजाज के अनुरूप है। भारतीय राज्य की सुरक्षा को उत्पन्न खतरे का मुकाबला करने के लिए बने कानून का इस्तेमाल शांतिपूर्ण ढंग से असहम. ति जताने वाले व्यक्ति के खिलाफ करना, लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के लिए समस्याजनक असहिष्णुता को सामने लाता है। हालिया फैसलों में, सुप्रीम कोर्ट ने बार–बार यह स्पष्ट किया है कि कानून और व्यवस्था के मसले और लोक व्यवस्था के लिए खतरे के बीच साफ–साफ अंतर किया जाना चाहिए। एनएसए लोक व्यवस्था के लिए है, जिसके दायरे में वो कृत्य आते हैं जो समुदाय की समरसता में खलल डालते हैं। ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे वांगचुक के एक्टिविज्म के इस मापदंड तक पहुंचने का पता चलता हो। ऐसा लगता है कि केंद्र अपने दिमाग का इस्तेमाल करने और यह दिखाने के लिए कि उनकी कार्रवाइयां ह्लोक व्यवस्था के लिए सचमुच खतरा थीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपेक्षित आवश्यक व्यक्तिपरक संतुष्टि तक पहुंचने में नाकाम रहा। केंद्र की प्रतिक्रिया ने साफ तौर पर, असहमति को राजद्रोह जैसे कृत्यों से जोड़ने की कोशिश की है। वांगचुक का मामला इकलौता नहीं है, अतीत में असहमति का गला घोंटने और सामान्य प्रक्रिया को दरकिनार करने के लिए इसी तरह के कानूनों का इस्तेमाल किया गया, जैसा कि भूतपूर्व जम्मू एवं कश्मीर के विशेष दर्जे के समापन के बाद कश्मीरी राजनीतिज्ञों की हिरासत के मामले में देखा गया।

## आजम खान समाजवादी पार्टी के दरख्त



2027 में सपा सरकार बनने जा रही है और पीडीए की आवाज बुलंद होगी, कोई कल्पना कर सकता है कि सुप्रीम कोर्ट में जज साहब के ऊपर जूता फेंका गया हो या जूता निकल गया हो, आज मैं आजम खान साहब का हाल जानने आया था, क्योंकि मैं जेल मिलने नहीं पहुंच पाया था और अब हम लगातार मिलते भी रहेंगे, आजम खान समाजवादी पार्टी के दरख्त हैं, इनकी गहरी जड़ें हैं, आजम खान पर जितनी भी झूठे मुकदमे लगे हैं, वह सब सपा सरकार में वापस लिए जाएंगे, आजम खान यूनिवर्सिटी में अच्छा काम कर रहे हैं , जो यूनिवर्सिटी को बर्बाद कर रहे हैं, वह समाज में हर चीज को बर्बाद कर रहे हैं , 2027 में भारतीय जनता पार्टी को जनता हटाने जा रही है, 2027 में जनता आगे होगी भारतीय जनता पार्टी पीछे दिखाई देगी।

**अखिलेश यादव**
**सपा अध्यक्ष**

# जल संकट का विज्ञान और समाधान: रुड़की से उठी वैश्विक आहट

## जलवायु परिवर्तन के दौर में जल प्रबंधन ही मानवता की सबसे बड़ी परीक्षा बन गया है





**मौ. फहीम (तन्हा)**

पानी–धरती पर जीवन की पहली और सबसे स्थाई शर्त पर आज यही पानी हमारी सभ्यता के लिए सबसे गंभीर संकट बनता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और असंतुलित विकास ने वह परिस्थिति पैदा कर दी है जहां जल ही जीवन नहीं, संघर्ष का कारण भी बन चुका है। ऐसे दौर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जल विज्ञान संघकी बारहवीं वैज्ञानिक सभा केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि एक चेतावनी और अवसर, दोनों का प्रतीक है।

### ज्ञान का संगम और संवाद की आवश्यकता

इस वैश्विक सभा में 49 देशों के 627 वैज्ञानिक और नीति निर्माता एक मंच पर जुटे। 682 से अधिक शोध प्रस्तुतियां इस बात का प्रमाण हैं कि विज्ञान जल संकट को केवल 'प्रकृति की समस्या' नहीं, बल्कि 'मानव–निर्मित चुनौती' के रूप में समझने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन का यह कथन कि 'जल विज्ञान जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण की आधारशिला है' दरअसल इस सम्मेलन का सार है। आईआईटी रुड़की जैसे संस्थान जब वैज्ञानिक शोध को नीति और समाज से जोड़ते हैं, तब ज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह जनजीवन की दिशा बदलने की क्षमता रखता है।

### वैश्विक संकट, स्थानीय प्रभाव

संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम **World Water Development Report** के अनुसार, दुनिया की करीब 40 प्रतिशत आबादी जल तनाव (**Water Stress**) का सामना कर रही है।

2050 तक वैश्विक जल मांग में 20.30 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जबकि जल स्रोत सिकुड़ रहे हैं। भारत में ही प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 1951 में जहां 5177 घन मीटर थी, वह अब घटकर 1486 घन मीटर रह गई है। जो जल संकट के गंभीर स्तर का संकेत है।

हिमालई क्षेत्र–जहां से भारत की अधिकांश नदियां निकलती हैं, जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। ग्लेशियरों का पिघलना, असमान वर्षा और चरम मौसमी घटनाएं आने वाले दशकों में गंगा–ब्रह्मपुत्र बेसिन के जल संतुलन को अस्थिर कर सकती हैं। ऐसे में रुड़की जैसे संस्थानों की भूमिका केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और मानवीय दोनों है।

### विज्ञान से नीति तक: सेतु की दरकार

यह सच है कि जलवायु परिवर्तन की चर्चा हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर होती है, लेकिन 'जल प्रबंधन' अक्सर उन विमर्शों में पीछे रह जाता है। विज्ञान बताता है कि जलवायु परिवर्तन का पहला और सबसे प्रत्यक्ष असर 'जल चक्र' पर पड़ता है। वर्षा के पैटर्न, भूजल पुनर्भरण, नदी प्रवाह और बाढ़–सूखे के चक्र में। ऐसे में आवश्यकता है कि वैज्ञानिक डेटा, स्थानीय अनुभव और नीति निर्णय एक–दूसरे के पूरक बनें।

आईआईटी रुड़की में हुई यह सभा इसी दिशा में उठाया गया कदम है। जहां जल वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और सामाजिक संगठनों ने मिलकर 'विज्ञान से व्यवहार तक' के मॉडल पर चर्चा की। यह वह सेतु है जो शोध को नीति में और नीति को जमीन पर उतारने में मदद करता है।

### भारत की भूमिका: नेतृत्व और जिम्मेदारी

भारत अब केवल जलवायु परिवर्तन से प्रभावित देश नहीं रहाय वह एक 'जल नीति मॉडल' पेश करने की स्थिति में है। गंगा स्वच्छता अभियान, अटल भूजल योजना, अमृत मिशन और राष्ट्रीय जल मिशन जैसे कार्यक्रमों ने यह दिखाया है कि सरकारी इच्छाशक्ति और वैज्ञानिक सहयोग साथ मिलें तो परिवर्तन संभव है। परंतु इन योजनाओं की स्थिरता तभी सुनिश्चित होगी जब वे समुदाय–केंद्रित हों। जल का विज्ञान केवल पाइपलाइन या जलाशय नहीं, बल्कि मानव आचरण का विज्ञान भी है।

### भविष्य की दिशा: लचीलापन और साझेदारी

आईआईटी रुड़की में आयोजित यह सम्मेलन इस विश्वास को मजबूत करता है कि विज्ञान में सहयोग ही भविष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। जब 49 देशों के वैज्ञानिक एक साथ यह सोचते हैं कि पानी को बचाने के लिए कैसे विज्ञान, तकनीक और नीति एक–दूसरे के साथ कदमताल करें, तो यह केवल सम्मेलन नहीं, बल्कि वैश्विक उम्मीद की शुरुआत है।जैसा कि आईआईटी रुड़की के निद. शक प्रो. के.के. पंत ने कहा: यह सभा नए विचारों, दीर्घकालिक साझेदारियों और परिवर्तनकारी नवाच. ारों को प्रेरित करेगी। यह वाक्य उस दिशा की ओर इशारा करता है जहां 'जल नीति' और 'जल विज्ञान' एक–दूसरे के पर्याय बन जाएं।

### निष्कर्ष: अब समय जल संरक्षण का ही नहीं बल्कि सभ्यता निर्माण का है

दुनिया में आने वाले वर्षों में युद्धों का कारण शायद विचारधारा नहीं, जल की उपलब्धता होगी। ऐसे में भारत जैसे देश, जिनके पास वैज्ञानिक संसाधन और सामाजिक दृष्टि दोनों हैं, उन्हें विश्व समुदाय के लिए 'जल शांति' के मॉडल प्रस्तुत करने होंगे। रुड़की से उठी यह आवाज दरअसल एक वैश्विक चेतावनी है कि, अब समय केवल जल संरक्षण का नहीं, बल्कि जल–संवेदनशील सभ्यता निर्माण का है।

# मन की बात बोल देने वाला यंत्र...

*इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी–यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है, लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे, शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति–बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया, ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है*



हम मन ही मन कई बातें सोचते हैं लेकिन वे किसी को सुनाई नहीं पड़ती। क्या हो यदि मन की इन बातों को बाहर सुना जा सके? और हाल ही में सेल पत्रिका में प्रकाशित एक शोध पत्र में इसी करिश्मे का उल्लेख किया गया है। इसमें शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क में लगाए गए इम्प्लांट्स और डैटा विश्लेषण की मदद से चार लोगों की मन की बातों से सम्बंधित तंत्रिका संकेतों को अलग करने की जुगाड़ जमाई है। ये चारों व्यक्ति गति सम्बंधी दिक्कतों से पीड़ित थे जो उनकी बोलने की क्षमता को बाधित कर रही थी। शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क–कंप्यूटर इंटरफेस स्थापित किया जो उनके मन की बातों को वाणी दे सकता है। आप देख ही सकते हैं कि इसकी अपनी समस्याएं हैं–यह तकनीक किसी व्यक्ति के ऐसे विचारों को भी मुखर कर सकती है जो वह मन में ही रखना चाहे।

दरअसल शोध पत्र में इस बात को समझने की को. शिश हुई है कि आंतरिक वाणी कैसे निर्मित होती है। पिछले कुछ दशकों में इंजीनियर्स ऐसे लोगों के लिए कंप्यूटर सिस्टम्स बनाने में सफल हुए हैं जो लकवाग्रस्त होने की वजह से बोल नहीं पाते। इन सिस्टम्स में यह क्षमता है कि वे मस्तिष्क में चल रही गतिविधियों से शब्द निर्मित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ महीने पहले कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक यंत्र प्रस्तुत किया था जो एमायोट्रॉफिक लेटरल स्क्लेरोसिस (एएलएस) से पीड़ित एक व्यक्ति के दिमाग के मोटर कॉर्टेक्स में लगे इलेक्ट्रोड्स के संकेतों से शब्दों का सटीक व त्वरित पुनर्निर्माण कर सकता था।

इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी–यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है। लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है।

हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे। शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति–बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया। ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है। शोधकर्ताओं ने दो स्थितियों के रिकॉर्डिंग की तुलना की–एक तब जब सहभागी शब्दों को जोर से बोलने का प्रयास कर रहे थे और दूसरी तब जब वे मन ही मन वे शब्द सोच रहे थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन दोनों स्थितियों (बोलने का प्रयास और मन में सोचना यानी अंदरुनी वाणी) में इसी क्षेत्र की तंत्रिकाएं सक्रिय हुईं। अंदरुनी वार्तालाप पर ध्यान केंद्रित करके कुंज व साथियों ने एक एल्गोरिद्म विकसित किया जो इन संकेतों को ध्वनि में बदल सकता था। अब बारी आई इस मॉडल को प्रशिक्षित करने की। टीम ने सहभागियों से कहा कि वे सवा लाख शब्दों की एक सूची के शब्दों को मन ही मन बोलें और उनकी तंत्रिका गतिविधि को रिकॉर्ड कर लिया। फिर सहभागियों से कहा गया कि वे उन शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कुछ पूरे–पूरे वाक्य बोलने की कल्पना करें। परिणाम यह रहा कि उनका मॉडल अंदरुनी वार्तालाप को तत्काल वाक्यों में बदल सका। इसमें गलती होने की दर 26 से 54 प्रतिशत रही जो आज तक के प्रयासों में सबसे बेहतर है। हालांकि गलती की दर काफी अधिक है, लेकिन यह अध्ययन मनोगत वार्तालाप की अच्छी छानबीन है। वैसे इस तरह के अध्ययनों के साथ एक समस्या निजता सम्बंधी भी है। कहीं ऐसा न हो कि वाणी–बाधित लोगों के सारे विचार खुलकर उजागर होने लगें। एक विचार तो यह है कि सारे मनोगत विचारों को नहीं बल्कि सिर्फ उन विचारों को एल्गोरिद्म तक पहुंचने दिया जाए, जिन्हें बोलने की कोशिश वह व्यक्ति कर रहा हो। दूसरा विचार है कि कोई ऐसा पासवर्ड हो जो वह व्यक्ति सोचे तभी विचारों को ध्वनि में तबदील किया जाए। एक व्यक्ति के मामले में यह पासवर्ड वाली व्यवस्था 99 प्रतिशत बार कारगर रही। मस्तिष्क–कंप्यूटर इंटरफेस के विकास के साथ ऐसी व्यवस्थाएं निजता को सुरक्षित रखने के लिए अधिका. धिक जरूरी होती जा रही हैं।

(स्रोत फीचर्स)

# करवाचौथ पर हर्बल प्रसाधनों से दें अपने चेहरे को चांद सा निखार



**शहनाज हुसैन**

करवा चौथ सभी विवाहित महिलाओं के सौंदर्य से सीधे तौर से जुड़ा है। इस विशेष उत्सव पर सुहागन महिलाएं सज धज कर पति की आरती उतार कर उनकी मंगल कामना करते हुए सूर्योदय से चंदर्योदय तक ब्रत रख कर उनके लम्बे स्वास्थ्य जीवन की कामना करती हैं। करवा चौथ के पवित्र दिन सभी बिबाहित महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी, बिन्दी तथा पूरे श्रृंगार के साथ दिन भर अपने जीवन साथी की लम्बी उम्र तथा सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए निर्जल व्रत तथा पूजा करती हैं। इस तयौहार में महिलाएं पुरे उत्साह से संजने संबरने के बाद अपने पति के लम्बी उम्र तथा स्वस्थ्य के लिए पुरे बिधि बिधानों के साथ ब्रत और पूजा करती हैं।

इस पवित्र दिन महिलाएं गणेश ,मां गौरी तथा चन्द्रमा की पूजा करती हैं। इस दिन महिलाओं में सजने संवरने का बहूत क्रेज होता है कहा जाता है की इस दिन व्रत रखने से महिलाओं के सौन्दर्य में चांद जैसा निखार उभरता है। हालांकि आजकल महिलाओं में सजने संव. रने में ब्यूटी पार्लर और मॉल का प्रचलन शुरू हो गया है लेकिन अगर आप सचमुच सबसे अलग दिखना चाहती हैं तो ब्यूटी पार्लर के महंगे सौन्दर्य प्रसाधनों की बजाय घरेलू हर्बल प्रसाधनों के उपयोग से आप हुसन की मलिका बन सकती हैं तथा आप दमकी दमकी नजर आएंगी चाहे मौसम का मिजाज कूछ भी हो। करवा चौथ से पहले हाथों तथा पावों की सुंदरता पर फोक्स करने के बाद मेहंदी लगाएं। मेहंदी लगाने के दो घंटे बाद नीम्बू और चीनी के मिश्रण से इसे हटा दें। आप अपनी त्वचा को साफ करके उस पर सनस्क्रीन तथा माइस्चराइजर का प्रयोग कीजिए तैलीय त्वचा के लिए



एस्ट्रीजन्ट लोशन का प्रयोग करने के बाद पाऊडर लगाऐ। तैलीय त्वचा के लिए ज्यादा पाऊडर का प्रयोग मत करें तथा चेहरे के तैलीय भागों पर ही ध्यान दे। पूरे चेहरे तथा गर्दन पर हल्की गीली स्पंज से पाऊडर का प्रयोग करें। इससे चेहरे का सौंदर्य लम्बे समय तक बना रहता है। दो चम्मच गेहूं चोकर, एक चम्मच बादाम तेल, दही, शहद और गुलाब जल का पेस्ट बना कर इसे चेहरे पर लगा कर 20 मिनट बाद धोने से चेहरे की सुन्दरता निखर जाती है तथा चेहरा खिला खिला रहता है। अगर आप फाउंडेशन का प्रयोग करना चाहती है तो केवल जल आधरित फांउडेशन का ही प्रयोग करें तथा हल्के कवरेज के लिए एक या दो बूंद पानी प्रयोग में ला सकती है। फांउडेंशन जितना भी सम्भव है आपकी त्वचा के रंग से मेल जोल खाती होनी चाहिए तथा उसके बाद पाऊडर का उपयोग करें। चेहरे पर प्रकृति आभा के लिए अच्छी तरह ब्लैड करके गालों को ब्लशर से चमकाए। आंखों की सुन्दरता के लिए अपनी पलकों को पेंसिल या काजल से चमकाऐं। आंखों पर कोमल प्रभाव के लिए पलकों पर भूरी या स्लेटी आई शैडों का प्रयोग करें तथा इसके बाद मस्कारा का प्रयोग करें जिससे आंखों पर चमक आ जाएगी तथा मेकअप में भारीपन की दिखावट भी नहीं होगी। मस्कारा को एक भारी मुलम्मे की बजाय दो हल्की तहों में करना चाहिए। पहला कोट करने के बाद इसे सूखने दें तथा इसे कंघी या ब्रश कर लें। इसके बाद दूसरा कोट कीजिए तथा पहली प्रक्रिया को दोहराईए। इसके बाद दूसरा कोट कीजिए तथा पहली प्रक्रिया को दोहराईए। लिपस्टिक की सुन्दरता के लिए घने गहरे रंगों का उपयोग न करें क्योंकि चमकीली लाईट में यह ज्यादा गहरे दिखाई देते हैं जिससे आपकी आभा पर विपरित असर दिखाई देता है। सौंदर्य पर चार चांद लगाने के लिए गुलाबी, ताम्रवर्णी, कांस्यवर्णी रंगों का प्रयोग करें। नारंगी रंग या नारंगी शेड का प्रयोग फैशन का नया प्रचलन है। विकल्प के तौर पर आप हल्के बैंगनी तथा गुलाबी रंगों का प्रयोग भी कर सकती है लेकिन यह सभी रंग अत्याध्कि चमकीले नहीं होने चाहिए।

*इस पवित्र दिन महिलाएं गणेश ,मां गौरी तथा चन्द्रमा की पूजा करती हैं, इस दिन महिलाओं में सजने संवरने का बहूत क्रेज होता है कहा जाता है की इस दिन व्रत रखने से महिलाओं के सौन्दर्य में चांद जैसा निखार उभरता है।*

बिन्दी करवा चौथ के सौन्दर्य का अभिन्न अंग मानी जाती है। अपनी पोशाक से मिलती जुलतें रंग की सजावटी बिन्दी का प्रयोग करें। छोटे चमकीले रत्नों से जडित बिन्दी काफी आर्कषक लगती है। अपने सौन्दर्य में इत्रा लगाना कभी न भूलें क्योंकि यह सोने पर सुहागें का काम करता है उचित जीवनशैली अपनाने से चहेरे पर चमक तथा उत्साह की झलक मिलती है। तेजस्वी आभा के लिए उचित पोषाहार, व्यायाम पर्याप्त नींद, तथा विश्राम अत्यन्त आवश्यक है। त्यौहार से पहले हल्का व्यायाम तथा पैदल चलने की आदत डालनी चाहिए। पैदल चलना शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थ्य दोनों के लिए अत्यन्त लाभकारी साबित होता है। मन की शान्ति तथा स्वास्थ्य के लिए लम्बी गहरी सांसे सबसे ज्यादा लाभप्रद मानी जाती है। करवाचौथ के त्यौहार के दिन नई दुल्हनें तथा युवा महिलाएं दुल्हनों जैसी पोशाक पहनना पसन्द करती है जिससे उन्हें दुल्हन जैसा अहसास प्रदान होने का दुबारा अवसर मिलता है। आज के दौर में परम्पारिक लाल रंग के साथ–साथ गहरा गुलाबी रंग, हल्का गुलाबी रंग, हल्का नीला रंग, फिरोजी नीला रंग, हल्का बैंगनी रंग, स्ट्राबैरी, कांस्य, जामुनी रंग भी काफी आकर्षक तथा लोकप्रिय माने जाते है। युवा महिलाओं में दो रंगों का मिश्रण भी काफी लोकप्रिय माना जाता है।

ड्रैस के तौर पर लैहंगा चोली काफी लोकप्रिय हैं या महिलाएं घने अलंकृत कुर्ते के साथ सलवार–कुर्ते का प्रयोग भी कर सकती है। साड़ी के परम्पारिक तरीके से पहनने की बजाय इस तरीके से पहनना चाहिए ताकि सजावटी चोली तथा सघन आंचल की खूबसूरती साफ तौर पर झलकती रहे। सिली हुई साड़ियों का नया ट्रैंड चल पड़ा है जिसे आच्छादित नहीं करना पड़ता। करवाचौथ में विवाह की तरह विभिन्न आर्कषक पौशाकें पहनी जा सकती है। इस त्यौहार में जरदोजी, जाली क्रेप तथा पतली रेशमी कपड़े वाली पौशाकों को उपयोग में लाया जा सकता है। इस त्यौहार में हीरे सहित सफेद या रंगीन रत्नों से जडित आभूषण प्रयोग में लाए जाते हैं। परम्परा पौशाक में आभूषण भी परम्परागत आकर्षक दिखाई देने चाहिए।

### रूसी तेल खरीद पर बोले ट्रम्प के व्यापार सलाहकार

# भारत अपने फैसले खुद लेता है, हम निर्देश नहीं दे सकते

**वाशिंगटन।** अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और राष्ट्रपति ट्रम्प के व्यापार सलाहकार जैमीसन ग्रीर ने कहा कि भारत अपने फैसले खुद लेता और अमेरिका दूसरे देशों को यह निर्देश नहीं दे रहा है कि वे किसके साथ संबंध रखें।

न्यूयार्क के इकोनामिक क्लब द्वारा आयोजित एक बातचीत के दौरान ग्रीर ने कहा कि भारत ने हमेशा इतना रूसी तेल नहीं खरीदा है। रूस के साथ उनके हमेशा मजबूत संबंध रहे हैं, लेकिन पिछले दो या तीन वर्षों में उन्होंने न केवल उपभोग के लिए, बल्कि रिफाइनिंग और बेचने के लिए भी रूस से कम कीमत पर तेल खरीदना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा खरीद में विविधता लाने लगा है। जैमीसन ग्रीर ने कहा कि ऐसा नहीं है कि रूसी तेल भारतीय अर्थव्यवस्था का कोई आधार है। हमारा मानना है कि वे अपनी तेल खरीद में विविधता ला सकते हैं और उन्हें ऐसा करना चाहिए। सच कहूं तो, मैं पहले से ही देख सकता हूं कि उन्होंने अपनी तेल खरीद में विविधता लानी शुरू कर दी है। मुझे लगता है कि वे इसे समझते हैं।

ग्रीर ने आगे कहा कि जाहिर है कि वे (भारत) एक संप्रभु देश हैं। वे अपने फैसलों को नियंत्रित करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसमें भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ भी शामिल है। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि रूसी तेल खरीदकर चीन और भारत यूक्रेन युद्ध को फंड किया जा रहा है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ के असर के बारे में पूछे जाने पर ग्रीर ने कहा कि भारत पर ए शुल्क कुछ हफ्तों से लागू हैं। जैमीसन ग्रीर ने कहा, श्भारत एक ऐसा देश है, जिससे हम 40 अरब अमेरिकी डॉलर का सामान ज्यादा खरीदते हैं। इसलिए उनका अमेरिका के साथ पहले से ही एक बेहतरीन समझौता है। जितना हम उन्हें बेचते हैं, वे उससे कहीं ज्यादा बेचते हैं। ऐसे में भारत व्यवहारिक रुख अपना रहा है।श ग्रीर ने जोर देकर कहा कि ट्रम्प रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि व्लादिमीर पुतिन पर जितना हो सके उतना दबाव पड़े। हमने अपने यूरोपीय सहयोगियों से भी बात की है, जिनमें से कुछ आज भी रूसी तेल खरीद रहे हैं, जो कि एक अजीब बात है। इसलिए हम इस बारे में सिर्फ भारतीयों से ही बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि हमने चीनियों से भी बात की है। हमें बस इस युद्ध को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, और अगर युद्ध समाप्त हो जाता है, तो स्थिरता आएगी, तो आप रूसी तेल के बारे में फिर से बातचीत कर सकते हैं।

## गूगल को झटका, सुप्रीम कोर्ट का पुराना आदेश बरकरार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक साल पुराने उस आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसके तहत गूगल को अपने एंड्राइड एप स्टोर में बड़े बदलाव करने थे। इससे कंपनी को शीघ्र ही प्ले स्टोर में सुधार लागू करना होगा, जो अमेरिका में अधिकांश गैर-एपल स्मार्टफोन के लिए एंड्राइड एप्स का प्लेटफार्म है। आदेश का मकसद गूगल के प्ले स्टोर के विरुद्ध प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और उसे अवैध एकाधिकार से रोकना है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मतलब है कि गूगल को 22 अक्तूबर तक अपने प्ले स्टोर में उन एप्स के लिए बदलाव शुरू करना होगा जो उस एंड्राइड साफ्टवेयर पर चलते हैं। जज जेम्स डोनाटो ने कहा, गूगल द्वारा बनाई गई डिजिटल दीवारों ने कंपनी को अरबों का वार्षिक लाभ दिया। विशेषकर इन-एप लेनदेन पर 15-30 प्रतिशत शुल्क लेने की प्रणाली के जरिए गूगल ने अपने एकाधिकार का फायदा उठाया।

# हमारे मिलिट्री एक्शन से मोदी की लोकप्रियता घटी: पाक

**■ रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा: बिहार में चुनाव के कारण भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बिहार चुनाव की वजह से भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने यह बयान पाकिस्तानी न्यूज चौनल समा टीवी पर बुधवार को दिया। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि मई में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई से मोदी की लोकप्रियता घटी है।

मोदी के समर्थक भी अब उनकी आलोचना कर रहे हैं। आसिफ ने संघर्ष के दौरान 6 भारतीय फाइटर जेट मार गिराने का दावा किया। आसिफ ने दावा किया कि पहले जो देश भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान न्यूट्रल रहते थे, वे अब हमारे खेमे में शामिल हो गए हैं और जो भारत का समर्थन कर रहे थे, वे अब चुप हैं। यह बात भारत को सालों तक परेशान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सिर्फ औरंगजेब के समय ही एकजुट था। इतिहास बताता है कि औरंगजेब की हुकूमत के अलावा भारत कभी पूरी तरह एकजुट नहीं रहा। पाकिस्तान अल्लाह के नाम पर बना है। हम घर में आपस में लड़ते हैं, लेकिन भारत से लड़ाई होने पर एक हो जाते हैं।

ख्वाजा आसिफ ने तीन दिन पहले भारत को धमकी देते हुए कहा था कि अब की बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया ग पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है। आसिफ ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली जानबूझकर तनाव बढ़ा रही है ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके। पाकिस्तान की तरफ से बीते कुछ दिनों से लगातार भड़काऊ बयानबाजी की जा रही है। दो दिन पहले पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता जनरल अहमद चौधरी ने कहा था कि भारत के खिलाफ संघर्ष में चीनी हथियारों ने मई में बेहतरीन काम किया था। उन्होंने कहा था कि हम हर तरह की तकनीक के लिए खुले हैं। चीनी तकनीक ने बहुत अच्छा काम किया। पाकिस्तान ने 7 भारतीय फाइटर जेट मार गिराए थे, जबकि भारत ने एक भी पाकिस्तानी विमान नहीं गिराया। स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुता. बिक, 2020 से 2024 तक पाकिस्तान के हथियारों का 81 प्रतिशत चीन से आया। पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा हथियार ग्राहक है।

## रूस की तरफ से जंग लड़ रहे भारतीय छात्र का सरेंडर

**कीव।** रूस की तरफ से जंग लड़ रहे 22 साल के एक भारतीय छात्र माजोती साहिल मोहम्मद हुसैन ने यूक्रेन के सामने सरेंडर कर दिया। माजोती गुजरात के मोरबी शहर का रहने वाला है। वो पढ़ाई करने रूस गया था।

कीव इंडिपेन्डेंट के मुता. बिक, यूक्रेन की 63वीं मैकेनाइज्ड ब्रिगेड ने मंगलवार को वीडियो जारी कर बताया कि माजोती को ड्रग्स केस में 7 साल जेल हुई थी। जेल से बचने के लिए उसे रूसी सेना में शामिल होने का ऑफर मिला था। माजा. ेती ने वीडियो में कहा कि वह जेल नहीं जाना चाहता था, इसलिए उसने रूसी सेना का कान्ट्रैक्ट साइन कर लिया। उसे सिर्फ 16 दिन की ट्रेनिंग दी गई और 1 अक्टूबर को पहली बार युद्ध में भेजा गया। तीन दिन बाद अपने कमांडर से झगड़े के बाद उसने यूक्रेनी सेना के सामने सरेंडर कर दिया। छात्र ने बताया- मैंने हथियार डाल दिए और कहा कि मुझे लड़ना नहीं है, मुझे मदद चाहिए। उसने ए सभी बातें रूसी भाषा में कही। माजोती ने कहा कि वह रूस वापस नहीं जाना चाहता। उसने यह भी बताया कि उसे सेना में शामिल होने का पैसा देने का वादा किया गया था, लेकिन उसे कुछ नहीं मिला। यूक्रेन ने कई विदेशी सैनिकों को रूस के लिए लड़ते पकड़ा है।

# तालिबान के हमले में 11 पाक सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमले में मंगलवार रात को 11 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। इसमें 2 अधिकारी और 9 सैनिक शामिल हैं। अफगानिस्तान सीमा के पास पाकिस्तानी सेना टीटीपी के खिलाफ ऑपरेशन चला रही थी।

इस दौरान दोनों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें टीटीपी के 19 लड़ाके भी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन ने आरोप लगाया कि हमलावरों को भारत का समर्थन मिल रहा है। सेना ने दावा किया कि वह इन्हें खत्म करने में जुटी है। पिछले कुछ महीनों से टीटीपी ने पाकिस्तान में सुरक्षा बलों पर हमले तेज कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सैनिक टीटीपी के खिलाफ कुर्रम जिले में ऑपरेशन को अंजाम देने पहुंचे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर बम से हमला किया और फिर फायरिंग की। रायटर्स को भेजे गए एक बयान में पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उनके लड़ाकों ने काफिले को निशाना बनाया। पाकिस्तानी सेना ने अपने बयान में कहा कि उन्हें कुर्रम में इंडियन प्राक्सी संगठन फितना अल-ख्वारिज से जुड़े आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद ऑपरेशन चलाया गया। पाकिस्तानी सेना टीटीपी को फितना अल-ख्वारिज बुलाती है। यह एक अरबी शब्द है। फितना का मतलब 'उपद्रवी' और अल-ख्वारिज का मतलब 'चरमपंथ के रास्ते पर चले जाने वाले लोग' होते हैं। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। टीटीपी को पिछले बारह साल में पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है।

पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। हालांकि तालिबान दावा करता है कि वह टीटीपी का समर्थन नहीं करता।पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमले का समर्थन किया। इससे नाराज होकर 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। टीटीपी ने कबायली इलाकों में शरिया कानून लागू किया और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानिस्तान में विदेशी सैनिकों पर हमले किए। टीटीपी ने यूनिवर्सिटीज, धार्मिक नेताओं और नागरिक ठिकानों को भी निशाना बनाया और यहां तक कि पाकिस्तान के बड़े शहरों में भी हमले किए।

